इस लिहाज से देखें, तो सार्वजनिक जीवन में जवाबदेही बढ़ाने से लेकर लोकतंत्र में नैतिकता और शुचिता सुनिश्चित किए जाने के लिए एक सख्त नियमन वक्त की जरूरत है। मगर यह ध्यान रखने की जरूरत है कि नया कानून देश के लोकतांत्रिक ढांचे पर विपरीत प्रभाव डालने वाला न हो। दरअसल, विपक्षी दलों की ओर से प्रस्तावित कानून के प्रावधानों को अलोकतांत्रिक और संघीय ढांचे तथा प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ बताया जा रहा है, जिसमें किसी आरोप के बाद दोषसिद्धि के बजाय सिर्फ हिरासत के आधार पर दंडित किए जाने की व्यवस्था है। आशंका यह जताई जा रही है कि सत्ताधारी दल की ओर से जांच एजंसियों का बेजा इस्तेमाल करके राजनीतिक विरोधियों को गिरफ्तार कराया जा सकता है। ऐसे में चुनी हुई सरकारों के सामने भी अस्थिरता का संकट पैदा हो सकता है। जाहिर है, देश की राजनीति को आपराधिक छवि के लोगों से मुक्त करना जरूरी है, लेकिन इसके लिए जो कानून बने, उसमें अपराधों की प्रकृति स्पष्ट किए जाने से लेकर ऐसे सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाने की जरूरत है, ताकि महज बदले या किसी सरकार को अस्थिर करने की मंशा से इसका दुरुपयोग न हो सके।

अंतरिक्ष में कचरा

पृथ्वी की कक्षा में जिस रफ्तार से अंतरिक्ष कचरा बढ़ रहा है, इसका अनुमान उन देशों ने नहीं लगाया होगा जो संचार संबंधी जरूरतों और सामरिक आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए वर्षों से उपग्रह भेजते रहे हैं। इन कचरों की वजह से पृथ्वी के लिए जोखिम पैदा होने की फिलहाल तो कोई आशंका नहीं है, लेकिन आने वाले वर्षों में अंदेशा नहीं गहराएगा, यह नहीं कहा जा सकता। दरअसल, अंतरिक्ष मलबे को साफ करने में न तो किसी की रुचि हैं और न ही इस संबंध में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया कारगर साबित हुई है। खबरों के मुताबिक अंतरिक्ष में दस सेंटीमीटर से बड़े छत्तीस हजार टुकड़े तैर रहे हैं। जबकि इसके कणों की संख्या करोड़ों में है। इस पूरे मलबे का वजन तेरह हजार टन से अधिक है। विचित्र बात है कि तमाम देश सैन्य, संचार, कृषि, मौसम और सैन्य एवं खुफिया जानकारियों के लिए अंतरिक्ष में अपने उपग्रह तो भेजते है, लेकिन मियाद खत्म होने के बाद उसके निपटान की कोई तैयारी नहीं करते। कचरे की समस्या इसी वजह से बढ़ी है।

चिंता की बात यह कि कई निजी कंपनियां भी व्यावसायिक उपग्रह अंतरिक्ष भेज रही हैं, लेकिन इस समस्या को लेकर उनके पास भी कोई योजना नहीं है। उनका एकमात्र लक्ष्य अपना दबदबा कायम करना है। नतीजा यह कि इस समय पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे उपग्रहों की संख्या पंद्रह हजार से अधिक हो चुकी है। इनमें दस हजार उपग्रह तो स्पेसएक्स कंपनी के हैं जो भविष्य में बड़ी संख्या में उपग्रह भेजने की योजना बना रही है। इससे आने वाले वर्षों में अंतरिक्ष कचरे की संख्या बेतहाशा बढ़ेगी। ये इसलिए खतरनाक बताए जा रहे हैं, क्योंकि ये सात किलोमीटर प्रति सेकंड की रफ्तार से घूम रहे हैं। इस कचरे को निपटाने के तरीके सुरक्षित नहीं हैं। पृथ्वी के वायुमंडल में धकेले जाने के बाद ये जल जरूर जाते हैं, लेकिन इससे कार्बन कण पैदा होने के कारण ओजोन परत पर असर पड़ता है। आखिरकार इसकी कीमत मनुष्यों को चुकानी पड़ेगी। इस कचरे को साफ करने की ठोस योजना नहीं बनी, तो अंतरिक्ष से लेकर पृथ्वी तक आशंका के बादल मंडराते रहेंगे।

ग्राम पंचायतें और आत्मनिर्भरता का सवाल

आजादी के बाद से गांवों के विकास में पंचायतों की भूमिका तो बढ़ती गई, लेकिन उनकी आर्थिक ताकत उतनी नहीं बढ़ पाई। ऐसे में पंचायतों का आत्मनिर्भर बनना क्या वास्तव में इतना आसान है?

अमरपाल सिंह वर्मा

सरकार ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाना चाहती है। इसके लिए हाल में जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। सरकार का मानना है कि देश में बदलाव की असली शुरुआत गांवों से ही संभव है। इसी सोच के तहत अब ग्राम पंचायतों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने पर बल दिया जा रहा है। इसके पीछे तर्क है कि यदि पंचायतें अपने स्रोतों से आय अर्जित करेंगी, तो वे अपने क्षेत्र की जरूरतों के अनुसार सड़क, पेयजल, सफाई, प्रकाश व्यवस्था और अन्य बुनियादी सुविधाओं पर खर्च कर सकेंगी। इससे विकास कार्यों में तेजी आएगी, सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा और सरकारी अनुदानों पर निर्भरता कम होगी। सरकार का यह भी मानना है कि मजबूत और आत्मनिर्भर पंचायतें ही विकसित भारत के सपने को साकार कर सकती हैं, लेकिन क्या पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाना वास्तव में इतना आसान है?

यह सवाल इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि आजादी के बाद से गांवों के विकास की जो व्यवस्था बनी, उसमें पंचायतों की भूमिका तो बढ़ती गई, लेकिन उनकी आर्थिक ताकत उतनी नहीं बढ़ पाई। पंचायतों के कामकाज का बड़ा हिस्सा केंद्र और राज्य सरकारों से मिलने वाले अनुदानों पर निर्भर रहा है। आज भी अधिकांश पंचायतें स्वयं की आय के बजाय सरकारी योजनाओं और अनुदानों पर अधिक निर्भर हैं। ऐसे में पंचायतों से आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने की अपेक्षा पर सवाल उठने स्वाभाविक हैं।

सरकार का कहना है कि आर्थिक आत्मनिर्भरता का मतलब केवल पैसा जुटाना नहीं है। सरकारी दस्तावेजों में आर्थिक आत्मनिर्भरता को केवल राजस्व जुटाने तक सीमित नहीं माना गया है। इसके पीछे सोच यह है कि पंचायतों को स्थानीय जरूरतों के अनुसार प्राथमिकताएं तय करने और फैसले लेने की अधिक स्वतंत्रता मिले। यदि पंचायतों की अपनी आय होगी, तो वे यह तय कर पाएंगी कि गांव में सबसे जरूरी काम टूटी सड़क बनवाना है या पेयजल व्यवस्था सुधारना है या सार्वजनिक भवनों की मरम्मत कराना और सफाई व्यवस्था को मजबूत करना ज्यादा जरूरी है।

केंद्रीय पंचायतीराज मंत्रालय की रिपोर्ट में यह बात सामने आई कि पिछले कुछ वर्षों में ग्राम पंचायतों की भूमिका बदली है। वे अब केवल योजनाओं को लागू करने वाली संस्थाएं नहीं रह गई हैं, बल्कि ग्रामीण विकास की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार हैं। इसके बावजूद पंचायतों की वित्तीय निर्भरता की समस्या यथावत बनी हुई है। पंचायतों की आत्मनिर्भरता की वास्तविक स्थिति का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि हाल में दिल्ली में दिए गए राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कारों में देश भर की केवल चार पंचायतों को ही 'आत्मनिर्भर आधारभूत संरचना' श्रेणी में सम्मानित किया गया है। सर्वविदित है कि देश की अधिकांश ग्राम पंचायतों की आय का बड़ा हिस्सा राज्य और केंद्र सरकार से मिलने वाले अनुदानों से आता है। अपने स्तर पर राजस्व जुटाने का अधिकार होने के बावजूद पंचायतों ने इस दिशा में अपेक्षित प्रगति नहीं की है।

सवाल है कि पंचायतें आय बढ़ाएंगी कैसे? कानूनी रूप से पंचायतों के पास कई अधिकार हैं। वे भवन कर लगा सकती हैं, सफाई कर और पथ-प्रकाश कर

वसूल सकती हैं। यहां तक कि जल उपयोग शुल्क ले सकती हैं। गांवों में लगने वाले हाट बाजार, मेले, सामुदायिक भवनों, दुकानों के किराए और अन्य स्थानीय संसाधनों से भी आय अर्जित कर सकती हैं, लेकिन कागजों पर दिखाई देने वाले ये स्रोत यथार्थ के धरातल पर उतने प्रभावी नहीं होते। गांवों में कर वसूली का विषय केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक भी है। सरपंच और वार्ड पंच उन्हीं लोगों के बीच रहते हैं, जिनसे उन्हें कर वसूलना होता है। ऐसे में कर लगाने या वसूली करने पर प्रायः विरोध का सामना करना पड़ता है।

भौगोलिक दृष्टि से बड़े राज्य राजस्थान पर नजर डालें, तो चुनौती और स्पष्ट दिखाई देती है। यहां की अधिकांश पंचायतों के पास न तो बड़े बाजार हैं, न औद्योगिक इकाइयां और न ही पर्यटन से जुड़ी आय। ज्यादातर जिलों की पंचायतें आज भी मुख्य रूप से कृषि और सरकारी योजनाओं पर निर्भर हैं। राज्य की ज्यादातर ग्राम पंचायतों के पास ऐसे संसाधन नहीं हैं जिनसे पर्याप्त राजस्व प्राप्त हो सके। कुछ पंचायतों के पास बाजार, व्यावसायिक गतिविधियां, पर्यटन स्थल या आय के अन्य स्रोत मौजूद हैं, लेकिन अधिकांश पंचायतें कृषि आधारित अर्थव्यवस्था पर निर्भर हैं। वहां स्थानीय आय बढ़ाने की संभावनाएं सीमित हैं। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि क्या सभी पंचायतों को एक ही पैमाने से मापा जा सकता है? क्या सीमावर्ती रेगिस्तानी क्षेत्र की पंचायत और किसी विकसित कस्बे से सटी पंचायत की स्थिति एक समान है? क्या आर्थिक रूप से कमजोर गांवों से भी वही अपेक्षा जायज है, जो अपेक्षाकृत संपन्न क्षेत्रों से की जाती है? इन सवालों के जवाब तलाशना जरूरी है, क्योंकि केवल लक्ष्य तय कर देने से उपलब्धियां हासिल कर पाना संभव नहीं होता है।

तमाम समस्याओं के बावजूद पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाना जरूरी है, क्योंकि पंचायतों की आर्थिक मजबूती के बिना वास्तविक विकेंद्रीकरण संभव नहीं है। यदि पंचायतों के पास खुद के संसाधन होंगे, तो उन्हें छोटी-छोटी जरूरतों के लिए हर बार सरकार की ओर नहीं देखना पड़ेगा। आत्मनिर्भर होने की स्थिति में स्थानीय समस्याओं का समाधान अधिक तेजी से हो सकेगा और पंचायतें लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्य कर सकेंगी, लेकिन इसके लिए केवल राजस्व वसूली के लक्ष्य तय करना पर्याप्त नहीं होगा। सबसे पहले पंचायतों के संसाधनों की वास्तविक स्थिति का आकलन करना होगा। यह समझना होगा कि किस पंचायत के पास आय के कौन-कौन से संभावित स्रोत मौजूद हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय करों की परंपरा कमजोर रही है, इसलिए नई कर व्यवस्था को स्वीकार करवाना आसान नहीं होगा।

आत्मनिर्भर पंचायत का अर्थ यह नहीं है कि वे अपने खर्च का पैसा खुद जुटाएं। इसका वास्तविक अर्थ यह है कि पंचायत अपने गांव के विकास की दिशा तय करने में सक्षम हो, लोगों की भागीदारी के साथ फैसले ले सकें और स्थानीय जरूरतों के अनुसार काम कर सकें। हमारे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की जड़ें गांवों में हैं। यदि पंचायतें आर्थिक रूप से मजबूत होंगी, तो इसका लाभ केवल गांवों को नहीं, बल्कि पूरे देश को मिलेगा। मगर इसके लिए समय, तैयारी, क्षमता निर्माण और स्थानीय परिस्थितियों को समझने वाली नीतियों की जरूरत होगी। आत्मनिर्भर पंचायतों का विचार निश्चित रूप से सही है। अगर यह मूर्त रूप ले लेता है, तो इससे गांवों की सूरत बदल सकती है। मगर इस विचार को धरातल पर उतारने के लिए गांव की हकीकत को समझना आवश्यक है।

गांवों की वास्तविकताओं को ध्यान में रख कर ही पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सार्थक कदम उठाए जा सकते हैं। असली चुनौती कर वसूली नहीं है, बल्कि पंचायतों में ऐसी क्षमता विकसित करना बड़ी चुनौती होगी, जिससे वे अपने संसाधनों की पहचान कर सकें, उनका बेहतर उपयोग कर सकें और गांव के लोगों का भरोसा जीत सकें। यदि यह काम हो गया, तो आत्मनिर्भर पंचायत केवल सरकारी लक्ष्य नहीं, बल्कि यह गांवों की बदलती तस्वीर की वास्तविक कहानी बन सकती है।

> **आत्मनिर्भर पंचायत का अर्थ केवल यह नहीं है कि वह अपने खर्च का पैसा खुद जुटाए। इसका वास्तविक अर्थ यह है कि पंचायत अपने गांव के विकास की दिशा तय करने में सक्षम हो, लोगों की भागीदारी के साथ फैसले ले सके और स्थानीय जरूरतों के अनुसार काम कर सके। हमारे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की जड़ें गांवों में हैं। यदि पंचायतें आर्थिक रूप से मजबूत होंगी, तो इसका लाभ केवल गांवों को नहीं, बल्कि पूरे देश को मिलेगा। मगर इसके लिए समय, तैयारी, क्षमता और स्थानीय परिस्थितियों को समझने वाली नीतियों की जरूरत होगी। आत्मनिर्भर पंचायतों का विचार मूर्त रूप ले लेता है, तो इस विचार से गांवों की सूरत बदल सकती है, लेकिन इसको धरातल पर उतारने के लिए गांव की हकीकत को समझना आवश्यक है।**

उपलब्धता का दबाव

दुनिया मेरे आगे

राकेश खुडिया

आज आदमी के पास संवाद के साधन पहले से कहीं अधिक हैं, मगर शायद वह पहले से ज्यादा घिरा हुआ भी है। मोबाइल की एक घंटी, संदेश की एक ध्वनि या स्क्रीन पर चमकती एक छोटी-सी सूचना उसे हर पल याद दिलाती रहती है कि उसे उपलब्ध रहना है। अब आदमी केवल अपने काम से नहीं, बल्कि हर समय जवाब देने की अपेक्षाओं से भी थकने लगा है। ऐसा लगता है जैसे आधुनिक जीवन ने उससे उसका एकांत, मौन और निजी समय धीरे-धीरे छीन लिया हो। एक समय था जब आदमी घर से बाहर निकलता था, तो कुछ घंटों के लिए सचमुच बाहर हो जाता था। लोग जानते थे कि वह लौटकर आएगा, तब बात हो जाएगी। अगर कोई पत्र आता था, तो उसके जवाब में दिनों का अंतर स्वाभाविक माना जाता था। रिश्तों में धैर्य था और प्रतीक्षा में अपनापन। मगर आज स्थिति बिल्कुल बदल चुकी है। अब अगर कोई फोन कुछ देर तक न उठे, तो चिंता, नाराजगी या शक पैदा होने लगता है। आदमी से केवल संपर्क नहीं, बल्कि तत्काल प्रतिक्रिया की उम्मीद की जाने लगी है।

तकनीक ने जीवन को आसान अवश्य बनाया है। दूर बैठे लोग तुरंत जुड़ जाते हैं, जरूरी सूचनाएं पल भर में पहुंच जाती हैं और कामकाज की गति तेज हो गई है। मगर इसी सुविधा के साथ एक अदृश्य दबाव भी पैदा हुआ है। अब आदमी हर समय किसी न किसी स्क्रीन से बंधा हुआ है। वह जहां भी जाता है, मोबाइल उसके साथ चलता है। पहले लोग अपने घर की चाबी जेब में रखते थे, अब पूरा संसार उसकी जेब में रहता है और वही संसार हर समय उससे जवाब मांगता रहता है। इस दबाव का सबसे बड़ा असर लोगों की मानसिक शांति पर पड़ा है। पहले दिन का एक समय ऐसा होता था, जब आदमी अपने भीतर लौटता था। रात का भोजन, परिवार के साथ बातचीत, छत पर टहलना, पड़ोसी से हालचाल पूछ लेना- ये सब जीवन के सहज हिस्से थे।

अब वही समय मोबाइल की स्क्रीन में सिमट गया है। आदमी घर में बैठा होता है, मगर उसका ध्यान किसी संदेश, वीडियो या सूचना में उलझा रहता है। परिवार एक ही कमरे में मौजूद रहता है, लेकिन सबकी दुनिया अलग-अलग स्क्रीन में बंटी होती है। पहले काम का एक निश्चित समय होता था। दफ्तर बंद हुआ, तो काम भी समाप्त माना जाता था। अब काम आदमी के साथ घर तक लौट आता है। धीरे-धीरे इंसान को यह लगने लगता है कि अगर वह हर समय उपलब्ध नहीं रहा, तो पीछे छूट जाएगा। यह भय उसे लगातार मानसिक रूप से सक्रिय बनाए रखता है और वही सक्रियता धीरे-धीरे थकान में बदल जाती है। यह दबाव केवल नौकरीपेशा लोगों तक सीमित नहीं है। बच्चों और युवाओं के जीवन में भी यह तेजी से बढ़ रहा है। नई पीढ़ी ऐसे समय में बड़ी हो रही है, जहां हर समय आनलाइन बने रहना सामान्य माना जाता है। अगर कोई व्यक्ति कुछ समय के लिए सोशल मीडिया से दूर रहे, तो उसे लगता है कि वह दुनिया से कट गया है। मित्रता भी अब कई बार निरंतर संपर्क पर आधारित होने लगी है। पहले दोस्त महीनों बाद भी उसी आत्मीयता से मिलते थे, मगर अब कई बार जवाब में थोड़ी देर भी दूरी पैदा कर देती है।

विडंबना यह है कि संवाद के इतने साधनों के बावजूद आदमी भीतर से अधिक अकेला होता जा रहा है। कारण यह है कि निरंतर संपर्क हमेशा आत्मीयता नहीं पैदा करता। कई बार लोग केवल प्रतिक्रिया देते रहते हैं, लेकिन वास्तव में किसी के साथ जुड़ नहीं पाते। वे सैकड़ों संदेश पढ़ते हैं, मगर किसी की बात मन से नहीं सुनते। उनकी अंगुलियां लगातार चलती रहती हैं, लेकिन उसका मन धीरे-धीरे थकने लगता है।

इस पूरे बदलाव का एक सामाजिक पक्ष भी है। आज 'व्यस्त' दिखाई देना एक प्रकार की उपलब्धि माना जाने लगा है। अगर कोई आदमी कहे कि उसके पास समय है, तो उसे कम महत्त्व का समझ लिया जाता है। लोग अपनी थकान और व्यस्तता को भी प्रतिष्ठा की तरह दिखाने लगे हैं। हर समय उपलब्ध रहना अब जिम्मेदारी से अधिक सामाजिक दबाव बन गया है। आदमी कई बार अपने आराम को भी अपराधबोध की तरह महसूस करता है। गांवों और छोटे कस्बों में भी यह परिवर्तन साफ दिखाई देता है। पहले चौपाल, चाय की दुकान या घर के बाहर बैठकर बातचीत का चलन था। लोग बिना किसी जल्दबाजी के एक-दूसरे की बातें सुनते थे। अब वहां भी बातचीत के बीच मोबाइल बार-बार हस्तक्षेप करता है। कोई वीडियो दिखा रहा है, कोई बात कर रहा है, कोई संदेश पढ़ रहा है।

यह भी सच है कि समस्या तकनीक में नहीं, बल्कि उसके साथ हमारे संबंध में है। मोबाइल और इंटरनेट ने जीवन के अनेक कार्य सरल किए हैं। लेकिन जब आदमी अपने समय पर स्वयं का नियंत्रण खोने लगे, तब वही सुविधा बोझ बन जाती है। यह तय करना सीखना होगा कि हर संदेश का तुरंत जवाब देना जरूरी नहीं है, हर समय उपलब्ध रहना आवश्यक नहीं है और कुछ समय केवल अपने लिए बचाकर रखना भी जीवन का महत्त्वपूर्ण हिस्सा है। शायद इंसान की सबसे बड़ी जरूरत आज यही है कि वह फिर से ठहरना सीखे। कुछ देर बिना स्क्रीन के बैठे, अपने आसपास के लोगों को देखे, बातचीत को केवल शब्दों तक सीमित न रखे। मौन भी जीवन का हिस्सा है और अनुपस्थिति भी। हर समय उपलब्ध रहने की कोशिश में आदमी यदि खुद से ही दूर हो जाए, तो यह सुविधा नहीं, एक नया संकट बन जाता है। जीवन केवल प्रतिक्रिया देने का नाम नहीं है। कभी-कभी दुनिया से थोड़ा दूर होकर अपने भीतर लौटना भी जरूरी है, क्योंकि जो आदमी हर समय सबके लिए उपलब्ध रहता है, वह धीरे-धीरे खुद अपने लिए अनुपलब्ध होने लगता है।

> **मौन जीवन का हिस्सा है और अनुपस्थिति भी। हर समय उपलब्ध रहने की कोशिश में आदमी यदि खुद से ही दूर हो जाए, तो यह सुविधा नहीं, एक नया संकट बन जाता है। जीवन केवल प्रतिक्रिया देने का नाम नहीं है। कभी-कभी दुनिया से थोड़ा दूर होकर अपने भीतर लौटना भी जरूरी है।**

खतरे में विविधता

एक बगीचा इसलिए सुंदर दिखता है, क्योंकि उसमें कई तरह के रंग-बिरंगे फूल होते हैं। भारत इसलिए सभी को आकर्षित करता है, क्योंकि यहां विभिन्न जातियों, संप्रदायों एवं अलग-अलग भाषा बोलने वाले लोग एक साथ मिल कर रहते हैं। मगर अब ऐसी सामाजिक बगिया बनाने की कोशिश हो रही है, जिसमें सिर्फ एक ही रंग और एक ही प्रकार के फूल खिलते हों। इसीलिए समान नागरिक संहिता पर सवाल उठते हैं। जबकि भारत की विविधता ही उसकी खूबसूरती है। लोगों की चिंता है कि इस नई संहिता से कई अधिकारों का हनन होगा। यहां तक कि व्यक्तिगत संबंधों पर भी नियंत्रण की आशंका है। उत्तराखंड, गुजरात और असम के बाद अब पश्चिम बंगाल में यह संहिता लाने की तैयारी है। यदि यह कानून लागू होता है, तो विवाह, तलाक, गोद लेने, उत्तराधिकार, संपत्ति के बंटवारे और पारिवारिक मामलों में अलग-अलग धर्मों के व्यक्तिगत कानूनों की जगह एक समान कानून लागू होगा। भारत का संविधान विवाह, तलाक और उत्तराधिकार से संबंधित व्यक्तिगत कानूनों को संरक्षण प्रदान करता है, ताकि विभिन्न धर्मों के लोग अपनी परंपराओं का पालन कर सकें।

- जंग बहादुर सिंह, जमशेदपुर

सभ्य समाज में

'अनुत्तरित प्रश्न' (संपादकीय, 26 जून) विचारणीय है। लगातार हो रहे भीषण हादसे अब केवल दुर्घटनाएं नहीं, बल्कि हमारी प्रशासनिक, संस्थागत और सामाजिक लापरवाही के दर्पण बन चुके हैं। लगभग हर बड़ी त्रासदी के बाद यही सुनने को मिलता है कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी वर्षों से हो रही थी, अवैध निर्माण जारी थे, अग्निशमन व्यवस्था अधूरी थी और निरीक्षण केवल कागजों तक सीमित था। दुर्भाग्य यह है कि कार्रवाई अक्सर हादसे के बाद होती है, पहले नहीं। इस स्थिति से बाहर निकलने के लिए केवल नए कानून नहीं, बल्कि मौजूदा नियमों का निष्पक्ष और कठोर पालन जरूरी है। नियमित सुरक्षा आडिट, दोषी अधिकारियों और संस्थानों की व्यक्तिगत जवाबदेही, पारदर्शी निरीक्षण व्यवस्था तथा नागरिकों की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य होनी चाहिए। जब तक नियमों के उल्लंघन की कीमत उसी समय नहीं चुकाई जाएगी, तब तक ऐसी त्रासदी दोहराई जाती रहेंगी।

- इशरत अली कादरी, भोपाल

जवाबदेही का दायरा

चढ़ावा चोरी मामले में राजनीतिक घमासान तेज हो गया है। यह स्वाभाविक है। अयोध्या स्थित राम मंदिर देश-दुनिया के करोड़ों भक्तों की आस्था का केंद्र हैं। आस्था के केंद्र में जब जिम्मेदार लोगों के रहते अमानत में खयानत होती है, तब आस्था को चोट पहुंचती है। इस संबंध में बनाए गए विशेष जांच दल को तहकीकात की जिम्मेदारी सौंपी गई। आठ लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। साथ ही पूछताछ में पता चला कि गड़बड़ी की जानकारी कुछ लोगों को पहले से थी। ऐसे में सीसीटीवी के फुटेज सुरक्षित न रखना तथा दानपात्रों की चाबियों में लापरवाही अनेक शंकाओं को जन्म देती हैं। इसके अलावा जांच के दौरान संदेह के घेरे में आए लोगों को विशेष सुविधा देना पारदर्शिता पर सवाल खड़े करता है। सरकार और विपक्ष को इस गंभीर मुद्दे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने से बचना चाहिए। जांच को जांच की तरह होने देना चाहिए। जांच में छोटे से लेकर बड़े तक की जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए।

- श्रीकांत द्विवेदी, धार

असहिष्णुता के पांव

सड़क पर आजकल किसी से गाड़ी हल्की-सी छू जाए या कोई कुछ कह दे, तो बात को संभालने के बजाय लोग सीधे हिंसा पर उतारू हो जाते हैं। सबसे ज्यादा डर इस बात का लगता है कि कहीं इस तरह का कोई टकराव जानलेवा न बन जाए। दूसरी ओर, देसी कट्टे और चाकू इतनी आसानी से मिल जाते हैं कि जैसे कोई खिलौना हो। कच्ची उम्र के बच्चे, जिनके हाथों में किताबें होनी चाहिए, उनके पास आसानी से हथियार पहुंच रहे हैं। आवेश में आकर वे एक पल में अपनी और सामने वाले की जिंदगी तबाह कर देते हैं। क्या हम इतने असहिष्णु होते जा रहे हैं कि किसी की जान की कीमत हमारे गुस्से से कम हो गई है? सवाल है कि समाज को आखिर किस दिशा में लेकर जाना है। सिर्फ कानून के भरोसे नहीं बैठ सकते, हमें खुद भी बदलना होगा। थोड़ा संयम शायद किसी का घर उजड़ने से बचा ले।

- सत्यम गुप्ता, सुल्तानपुर

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com

दैनिक जागरण
प्रेम अहंकार से मुक्त करता है

सड़क सुरक्षा बोर्ड

किस तरह कुछ आवश्यक मामलों में भी समय पर कदम उठाने से बचा जाता है, इसका ही उदाहरण है लंबी देरी के बाद राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा बोर्ड के गठन की अधिसूचना जारी होना। इससे खराब बात और कोई नहीं हो सकती कि सात वर्ष की प्रतीक्षा के बाद इस बोर्ड का गठन किया जा सका और वह भी तब, जब सुप्रीम कोर्ट ने इस बोर्ड के गठन में देरी को लेकर अप्रसन्नता व्यक्त की। कायदे से इस बोर्ड का गठन 2019 में तभी कर दिया जाना चाहिए था, जब मोटर यान अधिनियम में संशोधन कर इसके लिए प्रविधान किए गए थे। इस बोर्ड के गठन में देरी यही बताती है कि हमारे नीति-नियंता सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के मामले में संवेदनशील नहीं। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि आखिरकार इस 20 सदस्यीय बोर्ड का गठन कर दिया गया, क्योंकि बात तब बनेगी, जब यह बोर्ड प्रभावी परिणाम देने में समर्थ भी होगा। इस बोर्ड के सदस्यों में सड़क इंजीनियरिंग और यातायात प्रबंधन से जुड़े विशेषज्ञ शामिल होंगे। इसमें विभिन्न राज्यों के परिवहन आयुक्त और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी भी होंगे। यह बोर्ड केंद्र और राज्य सरकारों के साथ स्थानीय निकायों को यातायात प्रबंधन संबंधी तकनीकी सलाह और सहायता देने के साथ राष्ट्रीय राजमार्गों के सुरक्षित डिजाइन, निर्माण, रखरखाव आदि के न्यूनतम सुरक्षा मानक भी निर्धारित करेगा। इसके अतिरिक्त यह बोर्ड सड़क दुर्घटना के पीड़ितों की मदद करने वाले नागरिकों को प्रोत्साहित करने वाली नीतियां बनाने के भी सुझाव देगा।

समझना कठिन है कि बेलगाम मार्ग दुर्घटनाओं के बाद भी सड़क सुरक्षा बोर्ड के गठन में देरी क्यों हुई? यह काम तो बहुत पहले हो जाना चाहिए था, क्योंकि देश में वर्ष दर वर्ष मार्ग दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। इन दुर्घटनाओं में मरने और घायल होने वालों की संख्या विश्व में सबसे अधिक है। मार्ग दुर्घटनाओं के मामले में भारत का रिकार्ड बेहद खराब ही नहीं, बल्कि शर्मनाक भी है, क्योंकि देश में वाहनों की संख्या कई देशों से कम हैं। मार्ग दुर्घटनाओं के कारण किसी से छिपे नहीं। खराब सड़कें, खटारा वाहन, अकुशल चालक, यातायात नियमों की अनदेखी आदि सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण हैं। क्या राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा बोर्ड ऐसे उपाय कर सकेगा, जिनसे इन कारणों का निवारण हो सके? यह प्रश्न इसलिए, क्योंकि जब तक मार्ग दुर्घटनाओं के जाने-पहचाने कारणों का निवारण करने में लापरवाही का परिचय देने वाले अधिकारियों और विभागों को जवाबदेह नहीं बनाया जाएगा, तब तक हालात बदलने वाले नहीं हैं। इसलिए और नहीं, क्योंकि सुरक्षित यातायात के लिए जैसी राजनीतिक एवं प्रशासनिक इच्छाशक्ति चाहिए, उसका अभाव ही अधिक दिखता है।

सहयोग आवश्यक

बिहार में भी विकसित भारत-ग्रामीण रोजगार एवं आजीविका गारंटी अधिनियम (वीबी-जीरामजी) लागू हो जाने के बाद श्रमिकों को अब नए सिरे से निबंधन कराना होगा। इसके पूर्व मनरेगा में राज्य के 1.42 करोड़ श्रमिकों को इस योजना से रोजगार नहीं मिल सका था, क्योंकि उनकी आधार सीडिंग नहीं हो पाई थी। अब नए सिरे से निबंधन की प्रक्रिया को पूरी करने के लिए जरूरी है कि इस प्रक्रिया में लगे लोगों का रुख सहयोगात्मक हो। पूर्व की योजना में कई विसंगतियां भी सामने आई थीं। अतः जरूरी है कि निबंधित श्रमिकों की सूची पारदर्शी और त्रुटिमुक्त हो। अगर खामी से जरूरतमंद लोग इस योजना का लाभ नहीं उठा सकेंगे तो फिर इसका होने से फायदा ही क्या होगा। केंद्र सरकार ने रोजगार और आजीविका के पुनीत उद्देश्य से इस योजना को नया रूप दिया है। बशर्ते राज्य सरकारें इसकी शुचिता के प्रति सक्रिय और सचेत रहें। सबसे पहले जरूरी है श्रमिकों के पास आधार कार्ड की उपलब्धता। ई-केवाईसी भी आवश्यक है। इसके लिए विशेष व्यवस्था की जानी चाहिए। मनरेगा में निबंधित श्रमिकों की संख्या 2.57 करोड़ थी, लेकिन 1.15 करोड़ की ही आधार सीडिंग हो पाई थी। ऐसी स्थिति फिर न बने इसके लिए इस प्रक्रिया को पूरी करने के वे सारे उपाय किए जाएं, जिसका लाभ हर उस श्रमिक को मिले जिसे रोजगार की सख्त जरूरत है।

> वीबी-जीरामजी के निबंधित श्रमिकों की सूची पारदर्शी और त्रुटिमुक्त हो, सरकार इसके प्रति सचेत रहे

पाकिस्तान से शांति की निराधार आस



विवेक काटजू

पाकिस्तान के साथ वार्ता के भारतीय पैरोकारों का रवैया अपराधी और पीड़ित को एक पलड़े में रखने जैसा है

भारत और पाकिस्तान के 116 व्यक्तियों के एक समूह ने भारत और पाकिस्तान के प्रधानमंत्रियों को एक संयुक्त पत्र लिखकर दोनों देशों के बीच संवाद फिर से शुरू करने और सौहार्दपूर्ण संबंधों की दिशा में प्रयास करने का अनुरोध किया है। इस पत्र की पहल भारतीय संगठन सेंटर फार पीस एंड प्रोग्रेस द्वारा की गई है। भारत की ओर से इस पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में जम्मू-कश्मीर के फारूक अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती जैसे पूर्व मुख्यमंत्री और अलगाववादी मीरवाइज उमर फारूक के नाम प्रमुख हैं। मणिशंकर अय्यर जैसे कुछ और प्रमुख नाम भी इस मुहिम से जुड़े हैं। पाकिस्तान से इस पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में पूर्व विदेश मंत्री खुर्शीद कसूरी और भारत में पाकिस्तान के पूर्व उच्चायुक्त अशरफ जहांगीर काजी जैसे नाम प्रमुख हैं। समय-समय पर अमन की आशा करने वाले कुछ और लोग भी इस अभियान से जुड़े हैं।

इसमें शायद ही कोई संदेह हो कि इस अभियान से जुड़े लोगों की मंशा में कोई खोट है, क्योंकि भारत एवं पाकिस्तान के संबंधों का सामान्य होना दोनों ही देशों की जनता के हित में होगा। हालांकि समस्या इस मंशा की व्यावहारिकता में है, क्योंकि इस अभियान को छेड़ने वालों ने शांति की राह में मुख्य अवरोधक रहे पाकिस्तानी सत्ता प्रतिष्ठान के उस रवैये का अनदेखा ही किया, जिसने भारत को सदैव शत्रु की दृष्टि से देखा है। यह स्वाभाविक ही है कि पाकिस्तानी हस्ताक्षरकर्ताओं से यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि वे अपने देश की भारत के प्रति नकारात्मक नीतियों के बारे में इस सत्य को स्वीकार करें, लेकिन क्या भारतीय हस्ताक्षरकर्ताओं को इस तथ्य की अनदेखी करनी चाहिए थी? वे निश्चित रूप से जानते हैं कि 1947 में जब पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में कबाइली हमलावरों को भेजा था, तब से पाकिस्तान ने हमेशा हिंसा का प्रयोग कर जम्मू-कश्मीर को हथियाने की तमाम कोशिश की हैं। इसके लिए उसने 1965 और 1999 में दो युद्ध छेड़े। कारगिल युद्ध से पहले 1990 के दशक की शुरुआत से ही उसने भारत के खिलाफ आतंकवाद के उपयोग को अपनी अघोषित नीति बना लिया। इसके तहत लश्कर एवं जैश और अन्य तमाम छिटपुट आतंकी संगठनों को पोषित किया। इन आतंकी गतिविधियों ने भारत में जान-माल का भारी नुकसान करने के साथ ही समूचे क्षेत्र की प्रगति पर प्रतिकूल प्रभाव डाला। अब जब यह पत्र सार्वजनिक हो चुका है तो इस पर भारतीय हस्ताक्षरकर्ताओं से यह पूछा ही जाना चाहिए कि क्या वे इससे सहमत हैं कि पाकिस्तान ही दोनों देशों के बीच समस्याओं का जिम्मेदार है?

भले ही यह माना जाए कि प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने बांग्लादेश के निर्माण के बाद पाकिस्तान की सेना को हराने के बाद शिमला समझौते पर हस्ताक्षर करके गलती की थी, लेकिन यह नकारा नहीं किया जा सकता कि इस समझौते के माध्यम से उन्होंने भारत-पाकिस्तान संबंधों को शांति और स्थिरता की राह पर बढ़ाने का ईमानदार प्रयास किया था। शिमला समझौते के करीब 25 साल बाद प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने लाहौर का दौरा किया। पाकिस्तानी जनता को यह भरोसा दिलाने के लिए वे मीनार-ए-पाकिस्तान भी गए कि त्रासद विभाजन के बावजूद भारत पाकिस्तान की संप्रभुता को पूरी तरह स्वीकार करता है। उन्होंने वहां विजिटर्स बुक में यह भी लिखा कि एक स्थिर और समृद्ध पाकिस्तान भारत के हित में है। वाजपेयी की इस राजनयिक पहल का जवाब पाकिस्तान ने कारगिल युद्ध छेड़कर दिया और शांतिपूर्ण संबंधों की प्रक्रिया पटरी से उतर गई।

अवधेश राजपूत

वाजपेयी के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान को अपनी भली मंशा के संकेत देने के लिए दिसंबर 2015 में काबुल से भारत लौटते समय लाहौर का दौरा किया और उस समय प्रधानमंत्री रहे नवाज शरीफ से मिले। दस दिन बाद पाकिस्तान ने पठानकोट हमले को अंजाम दिया। यह विवरण यही स्मरण कराने के लिए है कि पत्र लिखने की मुहिम से जुड़े भारतीयों को इतना तो याद रखना चाहिए कि उड़ी हमले के बाद भारत का दृष्टिकोण एकदम स्पष्ट रहा है कि आतंकवाद और वार्ता एक साथ नहीं चल सकते। राजनीतिक और अंतरराष्ट्रीय कानून के दृष्टिकोण से यह पूरी तरह सही भी है। इसको अनदेखा करते हुए भारतीय हस्ताक्षरकर्ताओं ने ऐसे दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें आतंकवाद का उल्लेख नहीं है।

जहां तक सिंधु जल समझौते की बात है तो उसे निलंबित करने के पीछे भारत का उद्देश्य पाकिस्तान को यही स्पष्ट संदेश देना है कि वह इस भ्रम में न रहे कि उसकी ओर से निरंतर आतंकी घटनाओं के बावजूद भारत अपना उदार रवैया बनाए रखेगा। ऐसे में भारतीय हस्ताक्षरकर्ताओं की पहल बहुत अफसोसजनक है। यह अपराधी को पीड़ित के साथ एक ही पलड़े पर रखने और पीड़ित से यह मांग करने जैसा है कि वह अपनी सुरक्षा के लिए कोई जवाबी उपाय न करे।

उक्त पत्र में उल्लिखित प्रस्ताव भी नए नहीं हैं। इनमें से अधिकांश भारत-पाकिस्तान समग्र संवाद प्रक्रिया का हिस्सा रहे हैं, जिस पर दोनों देशों ने सितंबर 1998 में पहली बार सहमति दी थी। वाजपेयी और मनमोहन सिंह के कार्यकाल के दौरान यह संवाद प्रक्रिया जारी रही, लेकिन आतंकी हमलों के चलते ठोस परिणाम सामने नहीं आ सके। कारण स्पष्ट है कि किसी बड़े आतंकी हमले के बाद भारत सरकार भला क्यों संवाद प्रक्रिया जारी रखे? इससे जनाक्रोश ही बढ़ेगा। पत्र से जुड़े लोग इससे भी भलीभांति परिचित होंगे कि पाकिस्तानी सत्ता प्रतिष्ठान का केंद्र हमेशा से सेना रही है और वर्तमान सेना प्रमुख तो इतने शक्तिशाली बना दिए गए हैं कि उन्हें फील्ड मार्शल की पदवी प्राप्त हो चुकी है। उनका भारत के प्रति घोर शत्रुतापूर्ण दृष्टिकोण किसी से छिपा नहीं रहा। पहलगाम हमले से चंद दिनों पहले ही उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान का निर्माण द्विराष्ट्र सिद्धांत के आधार पर हुआ था, जो यह मानता है कि हिंदू और मुस्लिम अलग-अलग कौम और शत्रुतापूर्ण राष्ट्र हैं। इस सिद्धांत के अनुसार तो दोनों देश सदैव एक-दूसरे के शत्रु रहेंगे। ऐसे में पाकिस्तानियों से यह पूछना उचित होगा कि इस सिद्धांत पर उनके क्या विचार हैं?

(लेखक पूर्व राजनयिक हैं)
response@jagran.com

इतिहास के सच्चे नायकों की सुध

प्रणय कुमार

कोलकाता में सुहरावर्दी एवेन्यू रोड को 'गोपाल मुखर्जी रोड' का नाम देना नायकों के सम्मान का सार्थक कदम है

गत दिनों कोलकाता नगर निगम ने 'सुहरावर्दी एवेन्यू रोड' का नाम बदलकर 'गोपाल मुखर्जी रोड' कर दिया। इस बदलाव को लेकर जहां कांग्रेस, टीएमसी एवं वामपंथी बुद्धिजीवी यह तर्क दे रहे हैं कि इस सड़क का नाम हुसैन शहीद सुहरावर्दी पर नहीं, बल्कि उनके चाचा सर हसन सुहरावर्दी के नाम पर रखा गया था, जो अंग्रेजों के जमाने के जाने-माने शिक्षाविद्, चिकित्सक एवं 1930-34 के बीच कलकत्ता विश्वविद्यालय के वाइस-चांसलर थे। वहीं बंगाल की बहुसंख्यक आबादी इस परिवर्तन को षड्यंत्रपूर्वक विस्मृत कर दिए गए एक महान नायक 'गोपाल पाठा' (प्रचलित नाम) को उचित सम्मान दिलाने के लिए एक आवश्यक कार्रवाई के रूप में देख रही है।

वस्तुतः नाम परिवर्तन के विरोध में खड़े दल एवं बुद्धिजीवी इस मुद्दे को भी अपनी सुविधा से प्रस्तुत कर रहे हैं और तस्वीर के स्याह पहलुओं को जान-बूझकर छुपा रहे हैं। जिस हसन सुहरावर्दी को वे एक महान शिक्षाविद्, चिकित्सक, समाजसेवी बताते नहीं थक रहे, दरअसल उनकी विरासत एवं राजनीतिक पृष्ठभूमि उनके भतीजे हुसैन शहीद सुहरावर्दी से अभिन्न रूप से जुड़ी हुई है। दोनों न केवल एक ही कुल-खानदान के वारिस थे, बल्कि मुस्लिम लीग के नेता भी थे। दोनों ने विभाजनकारी राजनीति का पोषण किया। दोनों जिन्ना के द्विराष्ट्र सिद्धांत के प्रबल समर्थक थे। तत्कालीन ब्रिटिश सरकार द्वारा हसन सुहरावर्दी को 'नाइटहुड' की उपाधि इसलिए प्रदान की गई थी, क्योंकि उन्होंने छह फरवरी, 1932 को कलकत्ता विश्वविद्यालय के दीक्षा समारोह में तत्कालीन गवर्नर स्टैनली जैक्सन पर गोली चलाने से महान क्रांतिकारी एवं स्वतंत्रता-सेनानी बीना दास को बलपूर्वक रोका था। इस कदम के लिए जिस दिन बीना दास को जेल भेजा गया, उसी दिन औपनिवेशिक सत्ता के प्रति राजभक्ति प्रदर्शित करने के लिए हसन सुहरावर्दी को 'नाइटहुड' की उपाधि प्रदान की गई। इसके बाद अप्रैल, 1933 में ब्रिटिश सरकार ने उनके नाम पर कोलकाता के एक सड़क का नाम 'सुहरावर्दी एवेन्यू' रखा। यह भी कहा जा रहा है कि हसन सुहरावर्दी ने ब्रिटिश सरकार का विरोध जताने के लिए 1946 में "नाइटहुड" की उपाधि लौटा दी थी। यह भी आधा सच है। पूरा सच यह है कि मुस्लिम लीग के आह्वान पर भारत विभाजन की मांग को व्यापक स्वीकृति दिलाने के उद्देश्य से उन्होंने 'नाइटहुड' की उपाधि लौटाई थी। हसन सुहरावर्दी की बेटी आगे चलकर पाकिस्तान की पहली महिला सिविल सेवक बनीं, संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के प्रतिनिधिमंडल की सदस्य रहीं और पाकिस्तान ने उन्हें मरणोपरांत सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'निशान-ए-इम्तियाज' से सम्मानित किया। एक ऐसा व्यक्ति, जो अंग्रेजों का अनन्य भक्त हो, एक महान क्रांतिकारी को जेल भिजवाने का दोषी हो, मुस्लिम लीग के नेता के रूप में भारत के विभाजन का समर्थक हो, पृथक पहचान के आधार पर बने एक अलग मुल्क में अपना और अपने वारिसों का भविष्य देखता हो, उसके नाम पर भारत के किसी भी शहर, सड़क, इमारत का नाम क्यों होना चाहिए? आखिर भारत विभाजन के जिम्मेदार लोगों का महिमामंडन क्यों?

इतिहास की भूलों को सुधारना आवश्यक। फाइल

जहां तक उनके भतीजे हुसैन शहीद सुहरावर्दी की बात है, तो इतिहास में उसके नाम पर हिंदुओं के दो-दो नरसंहार दर्ज हैं। तब बंगाल में मुस्लिम लीग की अंतरिम सरकार थी। हुसैन शहीद सुहरावर्दी उसका प्रधानमंत्री था। जिन्ना के आह्वान पर 'डायरेक्ट एक्शन डे' का बंगाल में वह नेतृत्व कर रहा था। उसने योजना बनाकर हिंदुओं का नरसंहार सुनिश्चित किया। पुलिसकर्मियों एवं सरकारी कर्मचारियों को तीन दिन का अकारण अवकाश दे दिया। डायरेक्ट एक्शन डे के दिन वह स्वयं पुलिस मुख्यालय के नियंत्रण-कक्ष में बैठकर पुलिसकर्मियों को दंगाइयों के विरुद्ध कार्रवाई से रोक रहा था। इसका परिणाम यह हुआ कि अकेले कलकत्ता में 6,000 से अधिक हिंदुओं का केवल 72 घंटे में संहार हुआ, 17 हजार से अधिक घायल हुए और एक लाख से अधिक हिंदू बेघर हुए। इस दंगे के बाद नोआखली में हुए दंगों में हजारों हिंदुओं का नरसंहार हुआ, बहुसंख्यकों की जान-माल की व्यापक क्षति हुई और माताओं-बहनों को अमानुषिक यातनाओं का शिकार होना पड़ा। यही हुसैन शहीद सुहरावर्दी आगे चलकर 1956-57 में पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बना। इस पर देश के आयकर-विभाग ने 1945-46 एवं 1946-47 के लिए 50 लाख रुपये का कर लगाया था, लेकिन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने उदारता दिखाते हुए कार्रवाई से उसे मुक्ति दिलवा दी और वह अंततः 1948 में स्थायी रूप से पाकिस्तान चला गया। इसके विपरीत गोपाल पाठा ने न केवल दंगाइयों से हिंदुओं की रक्षा की, बल्कि कलकत्ता को पाकिस्तान में मिलाने की जिन्ना, सुहरावर्दी एवं मुस्लिम लीग की साजिश पर पानी फेर दिया। ऐसे में 'सुहरावर्दी एवेन्यू रोड' का 'गोपाल मुखर्जी रोड' में परिवर्तन इतिहास के नायकों और खलनायकों की सही पहचान स्थापित करने की दिशा में एक सार्थक कदम है।

(लेखक शिक्षाविद् एवं सामाजिक संस्था 'शिक्षा-सोपान' के संस्थापक हैं)
response@jagran.com

ऊर्जा

सौभाग्य का सूरज

ईर्ष्या, भय, क्रोध, घृणा नकारात्मक भाव हैं। प्रायः कहा जाता है कि ईर्ष्या मत करो, घृणा और द्वेष मत करो, क्योंकि ये पाप कर्म हैं। आज यह धार्मिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण निर्देश बन गया है। विज्ञान ने यह प्रमाणित कर दिया है कि जो व्यक्ति स्वस्थ रहना चाहता है, उसे निषेधात्मक भावों से बचना चाहिए। बार-बार क्रोध करना, चिड़चिड़ापन, मूड का बिगड़ते रहना-ये सारे भाव हमारी समस्याओं से लड़ने की शक्ति को प्रतिहत करते हैं। इनसे ग्रस्त व्यक्ति बहुत जल्दी बीमार पड़ जाता है।

अति चिंतन, अति स्मृति और अति कल्पना-ये भी समस्या पैदा करते हैं। शरीर, मन और वाणी-इन सबका उचित उपयोग होना चाहिए। यदि इनका उपयोग न हो, इन्हें बिल्कुल काम में न लें, तो ये निकम्मे हो जाएंगे। यदि इन्हें बहुत ज्यादा काम में लें, अतियोग हो जाए, तो भी ये समस्या पैदा करेंगे। इस समस्या का कारण व्यक्ति स्वयं है और वह समाधान खोजता है दवा में। यही समस्या व्यक्ति को अशांत बनाती है। जरूरत है संतुलित जीवनशैली की। जीवनशैली के शुभ मुहूर्त पर हमारा मन उगती धूप की तरह ताजगी भरा होना चाहिए, क्योंकि अनुत्साह भयाक्रांत, शंकालु, अधमरा मन समस्याओं का जनक होता है। यदि हमारे पास विश्वास, साहस, उमंग और संकल्पित मन है, तो दुनिया की कोई ताकत हमें अपने पथ से विचलित नहीं कर सकती और सफलता का राजमार्ग भी यही है। व्यक्ति के सकारात्मक प्रयास ही सौभाग्य का सूरज बनते हैं। सौभाग्य का सूरज उदित करने के लिए मन की भूमि पर विचारों के बीज संभलकर डालने होते हैं। जैसा बीज होगा, वैसे ही फल-फूल होंगे। मन में किसी के लिए अच्छाई या बुराई के बीज बोने से पहले ध्यान रखें कि ये आपके भीतर ही जड़ें फैलाएंगे।

स्वामी देवेंद्र ब्रह्मचारी

फिल्मी गीतों में मटके की थाप

श्याम यादव

> मिट्टी के घड़े ने हिंदी फिल्मों के अनेक गीतों में ऐसी लय और ऐसी मिठास घोली कि उसकी गूंज आज भी सुनाई देती है

मटके की किस्मत भी अजीब रही है। घर में रहा तो पानी ठंडा करता रहा और स्टूडियो में पहुंचा तो गीतों को। जिस मिट्टी के घड़े को लोग बरामदे के किसी कोने में रखकर भूल जाते थे, उसी ने हिंदी फिल्म संगीत के अनेक यादगार गीतों में ऐसी लय और ऐसी मिठास घोली कि उसकी गूंज आज भी सुनाई देती है। गीत याद रहे, गायक याद रहे और संगीतकार भी, लेकिन मटका अक्सर गुमनाम ही रहा।

आज जब संगीत का बड़ा हिस्सा कंप्यूटर और इलेक्ट्रानिक तकनीक के सहारे तैयार होता है, तब यह याद करना दिलचस्प लगता है कि एक समय रिकार्डिंग स्टूडियो में सचमुच मिट्टी के मटके पहुंचते थे। तबले, ढोलक और हारमोनियम के बीच रखा यह साधारण-सा वाद्य कई बार गीत को ऐसी पहचान दे देता था जिसे श्रोता अलग से न पहचान पाएं, लेकिन महसूस अवश्य करते थे।

हिंदी फिल्म संगीत में लोकध्वनियों के प्रयोग ने मटके को भी जगह दी। वर्ष 1950 के दशक में यह कई संगीतकारों का प्रिय वाद्य बन गया। फिल्म बारादरी का गीत "भुला नहीं देना जी" आज भी अपनी मधुरता के साथ-साथ पृष्ठभूमि में सुनाई देने वाली मटके की खनक के लिए याद किया जाता है। उस दौर के संगीतकार केवल धुन नहीं बनाते थे, बल्कि वे ध्वनियों से वातावरण भी रचते थे।

लोकधुनों और लोकवाद्यों को महत्व देने वाले संगीतकारों में जयदेव का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। फिल्म दो बूंद पानी का गीत "पीतल की मेरी गागरी" इसका सुंदर उदाहरण है। यहां मटके और गागरी की ध्वनियां केवल सजावट नहीं, बल्कि गीत के स्वभाव का हिस्सा बन जाती हैं।

दरअसल मटका केवल एक वाद्य नहीं है। वह भारतीय जीवन और लोक संस्कृति का हिस्सा है। पनघट, घड़ा, गागर और मटकी हमारे लोकगीतों और स्मृतियों में बसे हुए हैं। यही कारण है कि मिट्टी से निकली यह ध्वनि फिल्म संगीत में भी इतनी स्वाभाविक लगती है।

बाद के वर्षों में सिंथेसाइजर और इलेक्ट्रानिक बीट्स ने जगह बना ली, लेकिन मिट्टी की यह ध्वनि पूरी तरह समाप्त नहीं हुई। फिल्म दिल से के गीत "जिया जले" में प्रयुक्त घटम यह याद दिलाता है कि भारतीय संगीत की जड़ें आज भी अपनी मिट्टी से जुड़ी हुई हैं।

आज घरों में मटकों की जगह फ्रिज ने ले ली है और स्टूडियो में असली वाद्यों की जगह कंप्यूटर ने। फिर भी पुराने गीतों के किसी अंतरे या किसी ठहराव के बीच जब मिट्टी की वह सोंधी खनक सुनाई देती है, तो लगता है कि कुछ ध्वनियां कभी पुरानी नहीं होतीं। मटका भी ऐसी ही एक ध्वनि है, जो यह याद दिलाती है कि संगीत केवल सुरों से नहीं, मिट्टी से भी बनता है।

(लेखक फिल्मों के जानकार हैं)

मेलबाक्स

समयबद्ध न्याय देने की पहल

'सुधारों की दिशा में सार्थक पहल' शीर्षक से प्रकाशित आलेख में लेखक आलोक रंजन ने न्यायिक प्रणाली में बदलाव की चर्चा की है। भारतीय न्याय व्यवस्था सत्यमेव जयते के सिद्धांत पर आधारित है, लेकिन वास्तविकता यह है कि न्यायालय से न्याय प्राप्त करना बहुत कठिन हो गया है। जमानत अर्जी से लेकर मुकदमों के निस्तारण तक की प्रक्रिया बेहद जटिल एवं शिथिल है। इसके कारण जिला अदालतों से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक मुकदमों का बोझ बढ़ता जा रहा है। आज देश की विभिन्न अदालतों में लंबित मामलों की संख्या लागभग पांच करोड़ हो चुकी है। न्यायालय से जल्दी न्याय प्राप्त करने के लिए कई लोग अपनी जमीन एवं आभूषण तक बेच देते हैं, लेकिन अदालतों से उन्हें न्याय के बजाय तारीख पर तारीख मिलती रहती है। कभी-कभी तारीख पर जाते-जाते फरियादी खुद भी एक तारीख बन जाता है। आम नागरिक के लिए न्याय तभी सार्थक है, जब वह समयबद्ध, सुलभ और पारदर्शी हो। इस उद्देश्य से नए आपराधिक कानूनों के तहत जांच, अभियोजन और न्यायिक प्रक्रिया में समय-सीमा निर्धारित करने, डिजिटल तकनीक के व्यापक उपयोग तथा विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय की दिशा में किए गए सुधार स्वागतयोग्य हैं। ई-एफआइआर, ई-साक्ष्य, डिजिटल केस प्रबंधन, फारेंसिक जांच और वीडियो कांफ्रेंसिंग जैसी व्यवस्थाएं न्याय प्रणाली को अधिक आधुनिक और प्रभावी बनाएंगी। इससे मामलों के शीघ्र निस्तारण में सहायता मिलेगी। हालांकि किसी भी कानून की सफलता केवल उसके प्रविधानों पर नहीं, बल्कि उसके प्रभावी क्रियान्वयन पर निर्भर करती है। इसके लिए पुलिस, अभियोजन, न्यायपालिका और फारेंसिक संस्थानों को पर्याप्त संसाधन, प्रशिक्षित मानवबल तथा आधुनिक तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध कराना आवश्यक होगा।

हिमांशु शेखर, केसपा, गयाजी

आस्था पर राजनीति से बचें दल

श्रीराम मंदिर देश की करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है। इसलिए उससे जुड़े मुद्दे पर राजनीतिक दलों को संयम और जिम्मेदारी का परिचय देना चाहिए। चढ़ावे की चोरी के आरोप गंभीर हैं और जांच में जो भी दोषी पाया जाए उसके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं कांग्रेस द्वारा इस मुद्दे पर सक्रियता उसकी बदली हुई रणनीति नजर आ रही है। यदि पार्टी वास्तव में इस विषय के प्रति संवेदनशील होती, तो आरंभ में मंदिर से दूरी नहीं बनाती। ऐसे में वर्तमान सक्रियता उसकी नीयत पर प्रश्न भी खड़े करती है। लोकतंत्र में विपक्ष का सवाल उठाना स्वाभाविक है, लेकिन आस्था के विषयों पर राजनीतिक लाभ-हानि की गणना से बचना सभी दलों के हित में है। जनता अंततः शब्दों से अधिक आचरण और निरंतरता के आधार पर ही किसी दल की विश्वसनीयता का आकलन करती है। ऐसे में कांग्रेस सोच समझकर ही कोई कदम उठाए।

अमृतलाल मारू, इंदौर, मप्र

मानवता के विरुद्ध कदम

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की समर्थक लौरा लूमर द्वारा ईरान के सर्वोच्च नेता रहे अयातुल्लाह अली खामेनेई के अंतिम संस्कार के अवसर पर हमला करने संबंधी टिप्पणी ने विश्वभर में चिंता पैदा की है। किसी अंतिम संस्कार में हमला करने का अर्थ केवल एक व्यक्ति को निशाना बनाना नहीं, बल्कि असंख्य निर्दोष महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और आम नागरिकों को मौत के मुंह में धकेलना होगा। ऐसा सोच किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं हो सकता। युद्ध के समय भी मानवाधिकारों और मानवीय मूल्यों की रक्षा करना प्रत्येक राष्ट्र और व्यक्ति का दायित्व है। यदि विश्व इन सिद्धांतों की अनदेखी करेगा, तो सभ्यता और कानून का अस्तित्व ही संकट में पड़ जाएगा। इंटरनेट मीडिया के इस दौर में प्रभावशाली व्यक्तियों के शब्द लाखों लोगों के सोच को प्रभावित करते हैं। इसलिए सार्वजनिक मंचों पर हिंसा, घृणा और सामूहिक हत्या को प्रोत्साहित करने वाले बयान अत्यंत खतरनाक हैं। ऐसी टिप्पणियां तनाव बढ़ाती हैं।

Budawanwalas55@gmail.com

इस स्तंभ में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

अपने पत्र इस पते पर भेजें:
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल : response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन, नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी* दूरभाष: नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

64.3 प्रतिशत लोगों तक पहुंच गई है भारत में सामाजिक सुरक्षा कवरेज। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार, लगभग 94 करोड़ लोग (आबादी का 64.3 प्रतिशत) अब कम से कम एक सरकारी सामाजिक सुरक्षा योजना का लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

आजकल

रोजगार सृजन से ही आर्थिकी को विस्तार

प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना (पीएम-वीबीआरवाइ) इस समय रोजगार सृजन, औपचारिक श्रम बाजार के विस्तार और सामाजिक सुरक्षा कवरेज को लेकर राष्ट्रीय चर्चा के केंद्र में है। रोजगार पाने वाले युवाओं और उद्योगों दोनों को समान रूप से प्रोत्साहित करने का इसका ढांचा इसे पारंपरिक रोजगार योजनाओं से अलग पहचान देता है। भारत जैसे युवा देश के लिए रोजगार आर्थिक आवश्यकता के साथ ही सामाजिक स्थिरता, मानव पूंजी निर्माण और समावेशी विकास का आधार भी है। ऐसे में इस योजना का महत्व बढ़ जाता है

कैलाश बिश्नोई
उच्च शिक्षा मामलों के जानकार

देश के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है सरकार। फाइल

रोजगार का प्रश्न केवल आंकड़ों का विषय नहीं होता, वह किसी राष्ट्र की आर्थिक संरचना, सामाजिक गतिशीलता और जनसांख्यिकीय क्षमता के वास्तविक उपयोग का दर्पण भी होता है। 99 हजार करोड़ रुपये के बजट वाली पीएम-वीबीआरवाई के अंतर्गत 2,400 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि का वितरण तथा लगभग 70 लाख नए कर्मचारियों के औपचारिक कार्यबल से जुड़ने के दावे इसे नीति विमर्श का महत्वपूर्ण विषय बनाते हैं। ऐसे समय में जब भारत विश्व की सबसे युवा आबादी वाले देशों में शामिल है और श्रम बाजार निरंतर तकनीकी परिवर्तन, औद्योगिक पुनर्संरचना तथा कौशल आधारित प्रतिस्पर्धा के नए दौर से गुजर रहा है, तब रोजगार सृजन को केंद्र में रखकर बनाई गई किसी भी नीति का महत्व स्वाभाविक रूप से बढ़ जाता है। इसी संदर्भ में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना केवल एक प्रशासनिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि औपचारिक रोजगार विस्तार, सामाजिक सुरक्षा कवरेज और उत्पादक कार्यबल निर्माण को जोड़ने वाला एक व्यापक श्रम बाजार हस्तक्षेप बनकर उभरी है।

यह योजना एक महत्वपूर्ण नीति परिवर्तन का संकेत देती है, क्योंकि इसका केंद्रबिंदु केवल बेरोजगारी के आंकड़ों का प्रबंधन नहीं, बल्कि रोजगार सृजन की वास्तविक प्रक्रिया को गति देना है। एक ओर प्रथम बार नौकरी प्राप्त करने वाले युवाओं को प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता प्रदान कर उन्हें औपचारिक श्रम बाजार से जोड़ा जा रहा है, वहीं दूसरी ओर अतिरिक्त रोजगार सृजित करने वाले नियोक्ताओं को प्रोत्साहन देकर उद्योग और उद्यमिता क्षेत्र को विस्तार हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

योजना की प्रारंभिक उपलब्धियां उत्साहवर्धक अवश्य दिखाई देती हैं। लाखों नए कर्मचारी ईपीएफओ आधारित औपचारिक ढांचे से जुड़े हैं, सामाजिक सुरक्षा कवरेज का दायरा विस्तृत हुआ है तथा महिला श्रम भागीदारी में भी सकारात्मक संकेत प्राप्त हुए हैं। यह तथ्य भी उल्लेखनीय है कि योजना के माध्यम से पहली बार कार्यबल में प्रवेश करने वाले युवाओं को न केवल आर्थिक सहायता मिली है, बल्कि उन्हें संस्थागत रोजगार संरचना का हिस्सा बनने का अवसर भी प्राप्त हुआ है।

श्रम अर्थशास्त्र के दृष्टिकोण से देखें तो यह पहल रोजगार और सामाजिक सुरक्षा के बीच लंबे समय से विद्यमान अंतराल को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण हस्तक्षेप के रूप में उभरती है। पिछले एक दशक में भारत का सामाजिक सुरक्षा कवरेज 19 प्रतिशत से बढ़कर 64.3 प्रतिशत तक पहुंचना एक अच्छी बात है। इसी संदर्भ में रोजगार सापेक्षता के आंकड़े भी महत्वपूर्ण हो जाते हैं। यदि 2017 से 2023 के बीच प्रत्येक एक प्रतिशत सकल मूल्य वर्धित वृद्धि के साथ रोजगार में 1.11 प्रतिशत वृद्धि दर्ज हुई है, तो यह संकेत देता है कि आर्थिक गतिविधियों का प्रभाव श्रम बाजार तक अपेक्षाकृत अधिक प्रभावी ढंग से पहुंच रहा है।

फिर भी किसी भी सार्वजनिक नीति का मूल्यांकन केवल उसके घोषित लक्ष्यों या प्रारंभिक आंकड़ों के आधार पर नहीं किया जा सकता। वास्तविक प्रश्न यह है कि क्या यह योजना दीर्घकालिक और टिकाऊ रोजगार सृजन की क्षमता रखती है। क्या प्रोत्साहन आधारित भर्ती रोजगार की गुणवत्ता में भी सुधार ला पाएगी। क्या सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों तक इसकी पहुंच समान रूप से सुनिश्चित हो सकेगी। क्या असंगठित क्षेत्र में कार्यरत करोड़ों श्रमिकों को भी भविष्य में इसके लाभों से जोड़ा जा सकेगा।

भारत की रोजगार चुनौती बहुआयामी है। इसलिए समाधान भी बहुआयामी होना चाहिए। केवल वित्तीय प्रोत्साहन पर्याप्त नहीं हो सकते, जब तक उनके साथ कौशल विकास, विनिर्माण विस्तार, निवेश संवर्धन, तकनीकी नवाचार, एमएसएमई सशक्तीकरण और श्रम बाजार सुधारों का व्यापक ढांचा न जुड़ा हो। यही कारण है कि पीएम-वीबीआरवाई को किसी अंतिम समाधान के रूप में नहीं बल्कि रोजगार पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में देखना अधिक उचित होगा।

इस योजना का एक उल्लेखनीय आयाम उद्यमिता और रोजगार सृजन के बीच संतुलन स्थापित करना है। अक्सर सार्वजनिक नीतियां या तो कर्मचारियों पर केंद्रित रहती हैं अथवा उद्योगों को राहत देने पर। यहां दोनों पक्षों को एक साथ जोड़ने का प्रयास दिखाई देता है। अतिरिक्त भर्ती करने वाले नियोक्ताओं को प्रोत्साहन देना इस तथ्य की स्वीकारोक्ति है कि रोजगार सृजन केवल सरकारी घोषणाओं से नहीं होता बल्कि उद्योग जगत की निवेश क्षमता और विस्तार की इच्छा पर भी निर्भर करता है। विशेष रूप से विनिर्माण क्षेत्र को अतिरिक्त लाभ प्रदान करना महत्वपूर्ण है, क्योंकि वैश्विक अनुभव बताता है कि बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन का सबसे प्रभावी माध्यम श्रम प्रधान विनिर्माण गतिविधियां ही होती हैं। सेवा क्षेत्र अर्थव्यवस्था को गति दे सकता है, लेकिन व्यापक रोजगार का आधार अक्सर उत्पादन क्षेत्र ही बनता है।

वास्तव में विकसित भारत का सपना केवल सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि से पूरा नहीं होगा। उसकी वास्तविक कसौटी यह होगी कि कितने युवाओं को सम्मानजनक रोजगार मिला, कितने परिवार आर्थिक असुरक्षा से बाहर आए, कितनी महिलाओं को कार्यबल में अवसर मिला और कितने श्रमिक सामाजिक सुरक्षा के दायरे में आए। रोजगार केवल आय का स्रोत नहीं होता। वह सामाजिक गतिशीलता का माध्यम भी होता है। वह आत्मविश्वास देता है। वह नागरिक भागीदारी को मजबूत करता है। वह लोकतांत्रिक स्थिरता का आधार बनता है।

इसीलिए पीएम-वीबीआरवाइ को केवल एक रोजगार प्रोत्साहन योजना के रूप में नहीं बल्कि मानव पूंजी निर्माण, श्रम बाजार आधुनिकीकरण और समावेशी आर्थिक विकास की दिशा में उठाए गए एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जाना चाहिए। इसकी उपलब्धियों का स्वागत होना चाहिए। इसकी सीमाओं पर गंभीर विमर्श भी होना चाहिए। क्योंकि किसी भी नीति की सबसे बड़ी सफलता उसकी प्रशंसा में नहीं बल्कि उसके निरंतर परिष्कार में निहित होती है। विकसित भारत की यात्रा में रोजगार केवल एक लक्ष्य नहीं है। वही सबसे महत्वपूर्ण साधन भी है।

रोजगार, कौशल और उद्यमिता को प्रोत्साहन

भारत आज विश्व की सबसे युवा आबादी वाले देशों में शामिल है और यही जनसांख्यिकीय पूंजी उसकी सबसे बड़ी विकासात्मक शक्ति मानी जाती है। किंतु रोजगार परिदृश्य का गंभीर अध्ययन यह संकेत देता है कि अवसरों और आकांक्षाओं के बीच की दूरी अभी भी एक महत्वपूर्ण नीति चुनौती बनी हुई है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन, आर्थिक सर्वेक्षण, पीएलएफएस तथा विभिन्न श्रम बाजार अध्ययनों के निष्कर्ष बताते हैं कि आर्थिक वृद्धि, कौशल विकास, रोजगार सृजन और श्रम उत्पादकता के बीच अपेक्षित संतुलन अभी पूरी तरह स्थापित नहीं हो पाया है। यही कारण है कि भारत का रोजगार विमर्श आज केवल बेरोजगारी तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि रोजगार की गुणवत्ता, कौशल उपयुक्तता, औपचारिकीकरण और समावेशन जैसे व्यापक आयामों तक फैल चुका है।

सबसे प्रमुख चुनौती युवा बेरोजगारी की है। देश में प्रत्येक वर्ष लाखों शिक्षित युवा श्रम बाजार में प्रवेश करते हैं, लेकिन उनके अनुरूप अवसरों का सृजन उसी गति से नहीं हो पा रहा। स्थिति तब और जटिल हो जाती है, जब उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं में बेरोजगारी दर सामान्य औसत से कहीं अधिक दिखाई देती है। यह केवल रोजगार की कमी का प्रश्न नहीं है। यह मानव पूंजी के अपर्याप्त उपयोग का संकेत भी है। एक ओर परिवार शिक्षा पर भारी निवेश कर रहे हैं, दूसरी ओर अनेक डिग्रियां रोजगार में रूपांतरित नहीं हो पा रहीं। परिणामस्वरूप अपेक्षाओं और वास्तविकताओं के बीच असंतोष का अंतराल बढ़ता है। इस संकट का दूसरा महत्वपूर्ण आयाम शिक्षा और रोजगार के बीच बढ़ता असंतुलन है। विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों से निकलने वाले बड़ी संख्या में स्नातक ऐसे हैं जिनके पास प्रमाणपत्र तो हैं, किंतु उद्योग जगत द्वारा अपेक्षित कौशल, समस्या समाधान क्षमता, डिजिटल दक्षता, संचार कौशल और कार्यस्थल अनुकूलन क्षमता पर्याप्त नहीं है। यही कारण है कि अक्सर उद्योग जगत कौशल अभाव की शिकायत करता है जबकि युवा रोजगार अभाव की।

आज भारतीय अर्थव्यवस्था के समक्ष एक अन्य चुनौती तथाकथित जाबलेस ग्रोथ की है। पिछले वर्षों में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर्ज हुई है, निवेश बढ़ा है और अनेक क्षेत्रों में विस्तार भी हुआ है, किंतु रोजगार सृजन की गति हमेशा उसी अनुपात में दिखाई नहीं देती। विशेष रूप से उच्च उत्पादकता वाले क्षेत्रों में रोजगार का विस्तार अपेक्षा से कम रहा है। श्रम बाजार की संरचना पर दृष्टि डालें तो अनौपचारिक रोजगार का अत्यधिक प्रभुत्व भी चिंता का विषय है। करोड़ों श्रमिक आज भी ऐसे कार्यों में लगे हुए हैं, जहां सामाजिक सुरक्षा, पेंशन, स्वास्थ्य बीमा, रोजगार स्थिरता और श्रमिक अधिकारों की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। गिग अर्थव्यवस्था और प्लेटफार्म आधारित कार्य संस्कृति ने नए अवसर अवश्य दिए हैं, लेकिन इनके साथ सामाजिक सुरक्षा की नई चुनौतियां भी सामने आई हैं। रोजगार की संख्या जितनी महत्वपूर्ण है, रोजगार की गुणवत्ता उससे कम महत्वपूर्ण नहीं। यदि श्रमिक आर्थिक असुरक्षा में जीवन व्यतीत करने को विवश हैं, तो रोजगार सृजन का उद्देश्य अधूरा रह जाता है।

(कैलाश बिश्नोई)

खरी-खरी

खरबूजे का रंग बदलना

विनय कुमार पाठक

कहते हैं खरबूजे को देखकर खरबूजा रंग बदलता है। पर अब खरबूजे को देखकर तरबूज, खीरा, ककड़ी सभी रंग बदलने लगे हैं। गरीबदास को इस बात का भान तब हुआ जब एनसीआर दिल्ली की एक ऊंची बिल्डिंग में काफी ऊपरी मंजिल पर आग लगी। हुआ यूं कि आग लगने के बाद अलार्म ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। स्प्रिंकलर सिस्टम भी आराम से सोता रहा। वैसे ही जैसे सदन में नेता, आफिस में बाबू सोए रहते हैं। जबकि फ्लैट खरीदने वालों से अलार्म और स्प्रिंकलर सिस्टम के गुणगान करके, यह बता कर कि इस फ्लैट में आग लग ही नहीं सकती, काफी अधिक रकम वसूली जाती है।

अब प्रश्न उठता है कि अलार्म ने क्यों अपना काम नहीं किया? साथ ही स्प्रिंकलर सिस्टम के आलस्य पर भी सवाल उठता है। तो जवाब यही है सभी को अकर्मण्य या आलस्यग्रस्त देखकर ये भी कुछ वैसे ही हो गए हैं। बिल्डर जो समय सीमा देता है खरीदार को पजेशन देने के लिए, उस समय कभी नहीं देता।

कुछ मामलों में बिल्डर कुछ इतना विलासी हो जाता है कि उसके पास खुद को दिवालिया घोषित करने के अलावा कोई चारा नहीं रहता। ऐसे में खरीदार का फ्लैट पाने का सपना अनिश्चित काल के लिए स्थगित हो जाता है। खरीदार जानता है कि समय से पजेशन नहीं देना उपभोक्ता के अधिकार के खिलाफ है, पर वह भी कोई शिकायत नहीं करता और हाथ पर हाथ धरे निष्क्रिय बैठा रहता है। बहुत हुआ तो लोगों के सामने अपने दुख का रोना रो लिया। यह भी एक महत्वपूर्ण कारण है बिल्डरों की कुंभकर्णी नींद का। जो अधिकारी आते हैं विभिन्न विभागों से जांच के लिए वे बिना कुछ देखे अनापत्ति प्रमाण पत्र दे देते हैं। कई बार वे साइट पर आते भी नहीं हैं। जेब में लक्ष्मी पहुंच जाए, बस, वे निश्चिंत हो जाते हैं। ऐसे में इनसे ही सीख मिली अलार्म और स्प्रिंकलर सिस्टम को, आग लगने पर निष्क्रिय पड़े रहने की। गनीमत यही रही कि अग्निशामन विभाग देर से ही सही, सक्रिय हुआ और जिस फ्लैट में आग लगी थी, वह भले ही खाक हो गया, पर शेष फ्लैट बच गए।

पोस्ट

शिमला समझौते का उद्देश्य हिंसा के दौर को खत्म करना और आपसी सहयोग का नया रास्ता बनाना था, फिर भी पाकिस्तान ने पिछले 50 वर्षों में ठीक इसके उलट काम किया है। कश्मीर पर प्रोपेगेंडा फैलाना, नियंत्रण रेखा का उल्लंघन करना और आतंकवाद को सरकारी नीति बनाना। शिमला समझौता फेल नहीं हुआ। पाकिस्तान फेल हुआ-बार-बार!
फातिमा डार@FatimaDar_jk

पाकिस्तान में 125 साल पुराने गुरुद्वारे को बुलडोजर से गिरा दिया गया। यह सिख आस्था, इतिहास और विरासत पर हमला है। इस पवित्र स्थल को मलबे में तब्दील कर दिया गया, जो अल्पसंख्यक धार्मिक स्थलों को निशाना बनाने वाली घटनाओं की लंबी सूची में एक और घटना है।
तजिंदर बग्गा@TajinderBagga

आसिम मुनीर ने डींग हांकी थी कि मुसलमान हिंदुओं के साथ मिल-जुलकर नहीं रह सकते, क्योंकि वे अलग-अलग नस्लें हैं। अचानक बिन कासिम के कथित वंशज सिंधु घाटी सभ्यता की संतान बन गए हैं। भारत द्वारा सिंधु जल संधि पर स्थगन से पाकिस्तान बौखलाया है।
प्रमोद कुमार सिंह
@SinghPramod2784

जागरण जनमत — कल का परिणाम



सवालों से घिरे राम मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टियों के खिलाफ भी एफआइआर होनी चाहिए?

सभी आंकड़े प्रतिशत में

आज का सवाल

पाकिस्तान से शांति वार्ता शुरू करने की मांग करने वाले आतंक की अनदेखी कर रहे हैं?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

जनपथ

जाएंगे अब नर्क में सभी चढ़ावा चोर,
पक्का अगले जन्म में सभी बनेंगे ढोर।
सभी बनेंगे ढोर पड़ेंगे इनको डंडे,
धन प्रभु जी का खाय बचेंगे ना मुस्टंडे।
योगी जी के राज न ये अब बच पाएंगे,
मुंह पर कालिख पोत जेल में सड़ जाएंगे!
-ओम प्रकाश तिवारी

झारखंड डायरी

खिसियानी बिल्ली जैसी कांग्रेस की हालत

प्रदीप सिंह
संपादकीय प्रभारी, जमशेदपुर

झारखंड की राजनीति हमेशा से गठबंधन, क्षेत्रीय समीकरणों और व्यक्तित्व आधारित नेतृत्व के इर्द-गिर्द घूमती रही है। हाल में संपन्न राज्यसभा चुनाव के परिणामों ने सत्ता पक्ष के भीतर सब कुछ सामान्य होने के दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। खासकर कांग्रेस प्रत्याशी प्रणव झा की हार के बाद पार्टी के भीतर जिस तरह की बेचैनी दिखाई दे रही है, उसने राजनीतिक गलियारों में नए समीकरणों और संभावित उथल-पुथल की चर्चाओं को हवा दे दी है। हालांकि गठबंधन सरकार में कांग्रेस की स्थिति ऐसी नहीं है कि वह कोई बड़ा राजनीतिक जोखिम उठा सके, क्योंकि उसकी सरकार में भागीदारी काफी हद तक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सफल नेतृत्व और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के साथ तालमेल पर निर्भर है।

राज्यसभा चुनाव के बाद कांग्रेस के भीतर असंतोष के कई कारण दिखाई देते हैं। पहला कारण पार्टी के संगठनात्मक नेतृत्व और विधायकों के बीच बढ़ती दूरी है। दूसरा कारण गठबंधन में कांग्रेस की घटती राजनीतिक प्रभावशीलता है। और तीसरा कारण ऐसे नेताओं की वापसी है, जिनका अतीत लगातार विवादों से घिरा रहा है। इन परिस्थितियों ने पार्टी के भीतर यह संदेश भी दिया है कि राजनीतिक मजबूरी कई बार संगठनात्मक अनुशासन पर भारी पड़ जाती है।



पूर्व मंत्री योगेंद्र साव की कांग्रेस में वापसी इसी संदर्भ में सबसे अधिक चर्चा का विषय बनी हुई है। साव झारखंड की राजनीति का एक प्रभावशाली, लेकिन विवादास्पद चेहरा रहे हैं। बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में उनका परिवार वर्षों से मजबूत राजनीतिक पकड़ बनाए हुए है। उनकी पत्नी निर्मला देवी विधायक रह चुकी हैं और उनकी पुत्री अंबा प्रसाद भी विधानसभा का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। इस लिहाज से साव परिवार कांग्रेस के लिए एक मजबूत राजनीतिक आधार भी है। लेकिन दूसरी ओर, यही परिवार निरंतर विवादों में भी रहा है। कोयला खनन, स्थानीय संसाधनों के दोहन और विभिन्न प्रशासनिक मामलों को लेकर उन पर समय-समय पर आरोप लगते रहे हैं। इन्हीं परिस्थितियों में कांग्रेस ने पहले योगेंद्र साव को निलंबित किया था। यह संदेश देने की कोशिश की गई थी कि पार्टी अनुशासन और सार्वजनिक छवि के साथ कोई समझौता नहीं करेगी। लेकिन कुछ ही समय बाद उनका पुनर्वास कर कांग्रेस ने स्वयं अपने निर्णयों की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगा दिया। राजनीति में वापसी असामान्य नहीं है, लेकिन जिस तेजी से यह निर्णय हुआ, उसने गठबंधन सहयोगी झामुमो के भीतर भी असहजता पैदा कर दी है।

कांग्रेस नेता एवं प्रदेश के पूर्व मंत्री योगेंद्र साव अपनी दोनों बेटियों के साथ। फाइल

गठबंधन राजनीति में सहयोगी दलों के बीच विश्वास सबसे बड़ी पूंजी होता है। यदि किसी दल का निर्णय दूसरे सहयोगी को असहज करता है, तो उसके दूरगामी प्रभाव दिखाई देते हैं। हालांकि सार्वजनिक रूप से कोई भी दल मतभेद स्वीकार नहीं करेगा, लेकिन संकेत बताते हैं कि दोनों दलों के बीच कई मुद्दों पर दृष्टिकोण अलग है।

इसी बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री रामेश्वर उरांव का नाम ईडी की कार्रवाई में सामने आना कांग्रेस की चिंता को और बढ़ा देता है। पुलिस सेवा के अधिकारी रहे रामेश्वर उरांव कांग्रेस के प्रमुख नेताओं में गिने जाते रहे हैं। लेकिन शराब घोटाले से जुड़े मामले में उन्हें और उनके पुत्र को ईडी द्वारा समन भेजा जाना गंभीर घटनाक्रम है।

कांग्रेस की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह इस समय न तो सरकार से अलग होने की स्थिति में है और न ही गठबंधन के भीतर आक्रामक रुख अपना सकती है। झारखंड में उसकी राजनीतिक ताकत इतनी नहीं है कि वह अकेले सत्ता का विकल्प प्रस्तुत कर सके। दूसरी ओर, हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार को भी कांग्रेस के समर्थन की आवश्यकता है। इसलिए दोनों दलों की मजबूरी ही फिलहाल गठबंधन की सबसे बड़ी मजबूती बनी हुई है।

वहीं राज्यसभा चुनाव के बाद की परिस्थितियों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि झारखंड में सत्ता तो फिलहाल स्थिर दिखाई देती है, लेकिन सत्ता के भीतर राजनीतिक असहजता लगातार बढ़ रही है। यह बेचैनी भविष्य में केवल कांग्रेस के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए एक बड़ी राजनीतिक परीक्षा साबित हो सकती है। आने वाले समय में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि कांग्रेस संगठनात्मक अनुशासन और राजनीतिक मजबूरी के बीच किस प्रकार संतुलन स्थापित करती है तथा झामुमो के साथ अपने संबंधों को किस दिशा में ले जाती है। यही संतुलन झारखंड की आगामी राजनीति का स्वरूप तय करेगा।

मंथन

आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के दो वर्ष पूरे हो चुके हैं। पिछले 12 वर्षों के दौरान उन्होंने ऐसे अनेक निर्णय लिए हैं जो देश को प्रगति के पथ पर तेजी से आगे ले जा रहे हैं

हर्ष वर्धन त्रिपाठी
वरिष्ठ पत्रकार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण हो गए। प्रधानमंत्री पद पर लगातार उन्हें 12 वर्ष हो गए। मई, 2014 में प्रधानमंत्री बनने के पहले दिन से नरेन्द्र मोदी को नेहरू के बनाए 'तंत्र' से लड़ते हुए भारत के विकास की गाथा लिखनी थी। देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने भारत की विकास गाथा भले न लिखी हो, भले ही भारत का स्व पूरी तरह से अंग्रेजों की भाषा-भूषा, शिक्षा, पद्धति में विलीन कर दिया, लेकिन एक काम नेहरू ने मौलिक कर दिया कि उन्होंने अपना 'कल्ट' तैयार कर दिया। इस 'कल्ट' के लिए भारत का स्व, भारत का नवाचार, भारत का विचार, भारत की संस्कृति, भारत का धर्म, भारत की भावना यह सब हास्य का विषय थी, क्योंकि इस 'कल्ट' को आज भी लगता है कि भारत आयातित विचार, आयातित भाषा और आयातित संस्कृति से नेहरू की तरह 'भारत एक खोज' कर सकता है। यही वजह रही कि लंबे समय तक आयातित विचार, भाषा और संस्कृति से आह्लादित वर्ग यही मानने को तैयार नहीं हुआ कि भारत के स्व की बात करके भारत में पूर्ण बहुमत की राजनीति सफलतापूर्वक की जा सकती है।

प्रधानमंत्री मोदी ने इसे बड़ी चुनौती के तौर पर लिया और 'गुजरात माडल' जैसी आसानी से समझ आने वाली शब्दावली में भारत के स्व को जगाने वाला बड़ा माडल प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हिंदुत्व के साथ विकास की अवधारणा को ही सरल शब्दों में हिंदू एकता कहता है। नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के तौर पर यह सब सहजता से आत्मसात कर चुके थे। गुजरात के मुख्यमंत्री के तौर पर जब संघ का प्रचारक बैठा तो भारत के स्व को जगाने का पायलट प्रोजेक्ट गुजरात से शुरू कर दिया। संघ और भाजपा से चिढ़ने वाली जमात मोदी से भयानक नफरत करती है, क्योंकि मोदी ने वह सब करके दिखा दिया, जिसकी कल्पना किसी को नहीं थी। वह था, भारत के लोगों को यह अहसास करा देना कि हम सब कुछ अपना करके ही अपना बेहतर कर सकते हैं।

हिंदुत्व और विकास का यह माडल नई पीढ़ी को, नौजवानों को गणित के सबसे आसान सूत्र की तरह रट गया। हिंदुत्व और विकास का यह सूत्र भारत के किशोरों, नौजवानों को ऐसे रट गया है कि हर समस्या के समाधान के लिए उसी सूत्र को आजमा रहा है। उत्तर प्रदेश से शुरू होकर हरियाणा, महाराष्ट्र, बिहार और अभी बंगाल उस सूत्र के अत्यंत सफलता परिणाम के साक्षात उदाहरण बन गए हैं। हिंदुत्व और विकास के सूत्र को ही नरेन्द्र मोदी ने और सरल करके आत्मनिर्भर भारत का नाम दे दिया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्वदेशी अवधारणा भी तो यही है।

गांधी जी भी इसी स्वदेशी की बात करते थे। स्वतंत्रता आंदोलन में विदेशी वस्त्रों की होली जलाना भी तो यही था, लेकिन देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की सरकार गांधी जी के विचारों के ठीक उलट चल पड़ी। देश का गर्व धूल-धूसरित करते अंग्रेजीदां नेहरू ने देश को भाव हीन कर दिया। उसी का एक प्रमाण था तत्कालीन राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद को सोमनाथ मंदिर के पुनरुद्धार कार्यक्रम में नहीं जाने की सलाह देना। अब अयोध्या में श्रीराम मंदिर पर धर्म ध्वजा फहरा रही है। काशी विश्वनाथ धाम से लेकर प्रयागराज संगम तीरे तक संपूर्ण विश्व भारत के वैभव का दर्शन कर रहा है। हिंदू ग्रोथ रेट का अर्थ विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है, यह स्थापित हो चला है।



सरकार की उपलब्धियां : मोदी सरकार के 12 वर्षों में रक्षा निर्यात 33 गुना, सेमीकंडक्टर निर्माण शून्य से विश्व के अग्रणी देशों से मुकाबले में आ गया है। भारत में मोबाइल निर्माण छह करोड़ से लगभग साढ़े पांच गुना बढ़कर 33 करोड़ प्रति वर्ष से अधिक, 11 करोड़ नए शौचालय, ईवी चार्जिंग स्टेशन 25 हजार से अधिक, हर घर बिजली पहुंच गई, चार करोड़ पक्के घर गरीबों के लिए बन गए, सौर ऊर्जा 42 गुना बढ़कर 110 गीगावाट से अधिक, गैस पाइपलाइन 15 हजार किलोमीटर से बढ़कर 25 हजार किलोमीटर से अधिक, एलपीजी हर घर में पहुंच गई, पीएनजी कनेक्शन 25 लाख से बढ़कर पौने दो करोड़ घरों तक पहुंच गया, एक्सप्रेसवे लगभग सात गुना, हवाई अड्डे ढाई गुना और बंदरगाह साढ़े तीन गुना बढ़ गए। अपनी पहचान करने में सफल भारत की यह विकास यात्रा है।

देश को अब अपनी शक्ति का अहसास हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में स्व का भाव जगाया है। भारत की सही मायने में पहचान कराई है। प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के पास यह आसान अवसर था, जिसे उन्होंने खो दिया और देश को अंग्रेजी शासन पद्धति को ही विस्तार दिया। अभी भी उसे पूरी तरह से हटाया नहीं जा सका है, लेकिन मोदी ने उस दिशा में बहुत तेजी से काम किया है। इसी गति से इस दिशा में चलते रहे तो भारत का विश्व गुरु होना इतिहास का नहीं, वर्तमान का प्रतीक हो जाएगा।

सेमीकंडक्टर समेत अनेक तकनीकी वस्तुओं के उत्पादन में आगे बढ़ रहा है भारत। फाइल

बैंक आफ इंडिया के कर्ज वितरण में 19 प्रतिशत की वृद्धि

नई दिल्ली: सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक आफ इंडिया ने गुरुवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून 2026) के दौरान उसके कर्ज वितरण में 19 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। अब बैंक का कुल बकाया कर्ज बढ़कर 7.97 लाख करोड़ रुपये हो गया है। बैंक ने रेग्युलेटरी फाइलिंग में बताया कि बीती तिमाही के दौरान खुदरा, कृषि और एमएसएमई को कर्ज वितरण में 20 प्रतिशत की वृद्धि रही है और कुल बकाया कर्ज में इनकी हिस्सेदारी 3.92 लाख करोड़ रुपये रही है। (प्रेट्र)

देश में इस्तेमाल होने वाले कुल पेट्रोल का लगभग 60 प्रतिशत दोपहिया वाहन ही खर्च करते हैं। इसलिए इस श्रेणी में तेजी से इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर बदलाव लाना बेहद महत्वपूर्ण है।

– तरुण कपूर, प्रधानमंत्री के सलाहकार

संसेक्स	निफ्टी	सोना प्रति दस ग्राम	चांदी प्रति किलो ग्राम	डालर	क्रूड प्रति बैरल
77,502.12 ▲ 579.48	24,175.70 ▲ 169.85	₹ 1,47,500 ▲ ₹ 3,000	₹ 2,40,000 ▲ ₹ 5,000	₹ 95.35 ▲ ₹ 0.19	$ 70.53

पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच भारत की आयातित तेल पर निर्भरता घटी

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली: एसबीआइ की एक रिपोर्ट के मुताबिक आयातित तेल पर देश की निर्भरता पिछले एक दशक में काफी कम हुई है, जिससे वैश्विक उथल-पुथल के बीच अर्थव्यवस्था लचीली साबित हो रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2014 में तेल खपत का जीडीपी से अनुपात 1.4 प्रतिशत था, जो वित्त वर्ष 2026 में घटकर महज 0.7 प्रतिशत रह गया है। इसी तरह कच्चे तेल के आयात का जीडीपी से अनुपात वित्त वर्ष 2014 में 8.6 प्रतिशत था, जो वित्त वर्ष 2026 में घटकर 3.1 प्रतिशत रह गया है। इसकी वजह विगत एक दशक में कृषि क्षेत्र में डीजल पंपों की जगह सौर ऊर्जा संचालित पंपों का तेजी से इस्तेमाल बढ़ना, शहरों में मेट्रो नेटवर्क का विस्तार, उद्योगों द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता बढ़ना और इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में तेजी है।

- सौर ऊर्जा पंपों का बढ़ता इस्तेमाल और इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में तेजी से घट रही तेल की खपत
- उद्योग क्षेत्र में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी जनवरी 2026 तक बढ़कर 40 प्रतिशत हुई

कृषि क्षेत्र में हाई स्पीड डीजल (एचएसडी) की खपत अब कुल खपत का केवल 4.7 प्रतिशत रह गई है। कारण यह है कि केंद्र सरकार ने कृषि क्षेत्र में सौर ऊर्जा से संचालित सिंचाई पंपों के प्रयोग को बढ़ाने के लिए योजना शुरू की है। साथ ही शहरों में मेट्रो परिवहन का प्रचलन भी तेजी से बढ़ा है। साल 2014 में जहां कुल मेट्रो नेटवर्क सिर्फ 248 किलोमीटर था, वहीं अब 29 शहरों में यह बढ़कर 1,143 किलोमीटर हो चुका है। उद्योग क्षेत्र में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी जनवरी 2026 तक 40 प्रतिशत (212 गीगावाट) पहुंच गई है, जबकि कुल स्थापित बिजली क्षमता 521 गीगावाट है।

25 लाख से ज्यादा रह सकता है कुल ईवी पंजीकरण

पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद भारतीयों की यात्रा प्राथमिकताएं भी बदल रही हैं और ईवी अपनाने की गति तेज हो गई है। पिछले वर्ष प्रतिमाह 1.3 लाख ईवी का पंजीकरण होता था, लेकिन मार्च से जून, 2026 के बीच यह औसत बढ़कर 2.3 लाख प्रति माह हो गया। वर्तमान दर से 2026 में कुल ईवी पंजीकरण 25 लाख के आंकड़े को पार कर सकता है। कुल वाहन पंजीकरण में ईवी की हिस्सेदारी 2024 में दो प्रतिशत से कम थी, जो 2026 में आठ प्रतिशत से अधिक हो गई है। कुछ राज्यों में यह आंकड़ा 10 प्रतिशत से भी ज्यादा पहुंच चुका है। तेल पर निर्भरता कम होने का उदाहरण अप्रैल और मई 2026 में तेल की खपत में क्रमशः 3.8 प्रतिशत और 6.5 प्रतिशत की गिरावट से भी मिलता है। यह आर्थिक सुस्ती का कारण नहीं है क्योंकि इस दौरान यात्री वाहन, दोपहिया वाहन, ट्रैक्टर बिक्री, निर्यात, कार्गो ट्रैफिक, जीएसटी ई-वे बिल और बैंकिंग कर्ज जैसे प्रमुख आर्थिक संकेतक मजबूत बने हुए हैं।

ईवी अपनाने से आयात बिल में होगी एक लाख करोड़ की बचत

रिपोर्ट में भविष्य का अनुमान लगाते हुए कहा गया है कि 2025 में 2.86 करोड़ वाहनों का पंजीकरण हुआ और इसके 2030 तक चार करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। उस समय कुल वाहनों में ईवी की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत के आसपास रहने का अनुमान है। इस तरह 2027 से 2030 के बीच 35 लाख ईवी पेट्रोल वाहनों की जगह लेंगे। यदि ईवी की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत तक पहुंच जाती है तो 2030 तक आयात बिल में एक लाख करोड़ रुपये की बचत हो सकती है। ईवी इकोसिस्टम को और मजबूत करने के लिए एसबीआइ रिसर्च ने एक स्पष्ट ईवी रोडमैप तैयार करने, फास्ट चार्जिंग सुविधाओं को लगाने, ईवी क्रेडिट गारंटी फंड का गठन, सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों के लिए रियायती भूमि उपलब्ध कराने जैसे सुझाव दिए हैं।

स्वैच्छिक होगा पीएफ में 1,800 रुपये से ज्यादा का योगदान

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने अपनी 'कर्मचारी भविष्य निधि योजना 1952' की जगह नई ईपीएफ स्कीम 2026 को लागू कर दिया है। नई स्कीम में सबसे अहम बदलाव ये है कि 12 प्रतिशत पीएफ अंशदान सिर्फ 15,000 रुपये प्रति माह की वेतन सीमा तक ही अनिवार्य है। यानी 1,800 रुपये से अधिक अंशदान को अब स्वैच्छिक माना जाएगा। नए नियमों के तहत सदस्यों को आंशिक निकासी करने से पहले अपने पीएफ खाते में कुल राशि का कम से कम 25 प्रतिशत बैलेंस बनाए रखना होगा। इसके अलावा पीएफ में जमा पैसों की निकासी के लिए पहले से तय 13 श्रेणियों को घटाकर तीन तक सीमित कर दिया गया है।

12 महीने की सेवा के बाद आंशिक निकासी की जा सकती है

12-12 प्रतिशत का योगदान पहले की तरह देते रहेंगे नियोक्ता और कर्मचारी

25 प्रतिशत बैलेंस बनाए रखना होगा कर्मचारी को अपने पीएफ खाते में

अनिवार्य योगदान को 1,800 रुपये पर बरकरार रखा

चूंकि ईपीएफओ ने अनिवार्य पीएफ योगदान के रूप में 1,800 रुपये की सीमा को बरकरार रखा है, इसलिए अब एक लाख रुपये प्रति माह का मूल वेतन पाने वाले कर्मचारी को भी ईपीएफ के तहत भविष्य निधि में सिर्फ 1,800 रुपये का अनिवार्य योगदान देना होगा। अगर कर्मचारी सेवानिवृत्ति के लिए अधिक बचत करना चाहते हैं तो वे इस अनिवार्य राशि से अधिक योगदान कर सकते हैं, लेकिन इसको स्वैच्छिक माना जाएगा। ये अनिवार्य और अतिरिक्त पीएफ योगदान के बीच स्पष्ट अंतर को दर्शाएगी।

पीएफ से निकासी की कैटेगरी घटाकर तीन की गई

पीएफ में जमा पैसों की निकासी के लिए पहले से तय 13 श्रेणियों को घटाकर तीन तक सीमित कर दिया गया है। आवास से संबंधित निकासी में घर या फ्लैट खरीदना, निर्माण के लिए प्लाट खरीदना, घर बनाना, हाउसिंग लोन चुकाना और मरम्मत या सुधार कार्य करना शामिल है। बीमारी, शिक्षा और शादी जैसे खर्चों को पूरा करने के लिए योग्य बैलेंस का 100 प्रतिशत तक आंशिक रूप से निकालने की अनुमति है।

दावों का 20 दिन में निपटारा नहीं करने पर कटेगा वेतन

नए नियमों में भविष्य निधि निकासी, पेंशन तथा बीमा संबंधी दावों का 20 दिन के भीतर निपटान नहीं करने पर 12 प्रतिशत की दर से वार्षिक दंडात्मक ब्याज का प्रविधान किया गया है। इसे आयुक्त के वेतन से काटा जाएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पहले की योजनाओं में भी सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद दावों के निपटान में देरी पर दंडात्मक ब्याज का प्रविधान था, लेकिन पहले संबंधित अधिकारियों को भविष्य निधि जमा पर घोषित ब्याज दर के बराबर राशि देनी होती थी, जबकि अब इसे 12 प्रतिशत वार्षिक की निश्चित दर पर तय कर दिया गया है।

जागरण इन्फो

एक नजर में

सोना 3,000 रुपये चढ़ा, चांदी 5,000 मजबूत हुई

नई दिल्ली: अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत रुझान और कमजोर डालर के चलते दो दिनों की गिरावट के बाद सोने की 3,000 रुपये बढ़कर 1,47,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। चांदी की कीमतों में लगातार तीसरे सत्र में तेजी जारी रही और यह 5,000 रुपये बढ़कर 2,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, गुरुवार को सोने की कीमतों में थोड़ी वृद्धि हुई, क्योंकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के चेयरमैन केविन वार्श ने उम्मीदों के मुकाबले कम सख्त रुख अपनाया है। इससे ब्याज में जल्द वृद्धि की चिंता कम हुई हैं। (प्रेट्र)

1000 करोड़ का आइपीओ लाएगी स्वरा बेबी प्रोडक्ट्स

नई दिल्ली: कांट्रेक्ट पर डायपर बनाने वाली कंपनी स्वरा बेबी प्रोडक्ट्स एक हजार करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आइपीओ) लाने की योजना बना रही है। इसके लिए कंपनी ने गुरुवार को मसौदा दस्तावेज जमा किए। आइपीओ में 500 करोड़ रुपये के नए शेयर और 500 करोड़ रुपये के प्रमोटर शेयर बिक्री के लिए पेश किए जाएंगे। दूसरी ओर, ग्रासरी की खुदरा विक्रेता कंपनी रतनदीप रिटेल लिमिटेड ने भी आइपीओ के लिए मसौदा दस्तावेज जमा किए हैं। आइपीओ में 400 करोड़ रुपये के नए शेयर और 1.49 करोड़ प्रमोटर शेयर बिक्री के लिए पेश किए जाएंगे। (प्रेट्र)

जून में बिजली क्षेत्र को कोयला आपूर्ति 5.9% बढ़ी

नई दिल्ली: सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआइएल) ने गुरुवार को बताया कि जून में बिजली क्षेत्र को कोयले की आपूर्ति 5.9 प्रतिशत बढ़कर 5.14 करोड़ टन रही है। इसमें गर्मियों के सीजन के दौरान बिजली की मांग बढ़ने का प्रमुख योगदान रहा है। जून 2025 में बिजली क्षेत्र को 4.85 करोड़ टन कोयले की आपूर्ति की गई थी। कंपनी ने बताया कि पिछले महीने उसकी कुल आपूर्ति 7.5 प्रतिशत बढ़कर 6.58 करोड़ टन रही है, जो पिछले वर्ष समान अवधि 6.12 करोड़ टन थी। (प्रेट्र)

फिलहाल सस्ते नहीं होंगे पेट्रोल और डीजल

पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने कहा- कच्चे तेल की कीमतें दो-तीन महीने कम रहीं तो घट सकते हैं दाम

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली: सरकारी क्षेत्र की तेल मार्केटिंग कंपनियों (ओएमसी) का अभी पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में कटौती का कोई इरादा नहीं है। हालांकि, जिस तरह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में कमी आई है और अगर ऐसी ही स्थिति कुछ महीने और बनी रहती है तो पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतें घटाई जा सकती हैं। इस बात का संकेत पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी ने दिया है। उन्होंने एक दिन पहले निजी तेल कंपनी नायरा द्वारा पेट्रोल और डीजल की कीमतें कम करने पर भी स्पष्टीकरण दिया। उन्होंने कहा कि नायरा ने कुछ दिनों पहले तेल के दामों में वृद्धि की थी, जिसे अब कम कर दिया है।

दरअसल, निजी क्षेत्र की तेल कंपनी नायरा एनर्जी ने बुधवार से पेट्रोल की कीमत में पांच रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत में तीन रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। यह कटौती हाल में की गई वृद्धि को आंशिक रूप से वापस लेने जैसी है। वहीं, सरकारी तेल कंपनियों (इंडियन आयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम) ने पिछले दो महीनों (मुख्य रूप से मई 2026) में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कुल मिलाकर लगभग 7.5 रुपये प्रति लीटर का इजाफा किया है। मई में चार बार की गई इन बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 102 रुपये के आसपास और डीजल 95 रुपये के स्तर पर पहुंच गई है। हालांकि राहत की बात यह है कि पश्चिम एशिया संघर्ष के दौरान फरवरी-मार्च 2026 में अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 120 डालर प्रति बैरल के पार पहुंचने के बाद अब 70 डालर पर आ गई हैं। भारतीय तेल बास्केट (उन बाजारों की सम्मिलित कीमत जहां से भारत तेल खरीद करता है) की कीमत भी एक जुलाई को करीब 68 डालर प्रति बैरल रही।

- अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड की कीमतें 120 डालर से घटकर 70 डालर प्रति बैरल पर
- भारतीय तेल बास्केट की कीमत भी एक जुलाई को करीब 68 डालर प्रति बैरल रही

नई दिल्ली में गुरुवार को प्रेस वार्ता को संबोधित करते केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ● एएनआइ

फिलहाल कंपनियों के पास महंगे क्रूड का स्टाक

केंद्रीय मंत्री ने साफ कहा कि अभी सरकार तेल कंपनियों के पास कच्चे तेल का जो स्टाक है, वह दो-ढाई महीने पुराना है। यानी कि यह उस समय का है जब क्रूड की कीमतें ज्यादा थीं। अगर क्रूड की कीमतें आगे भी कम बनी रहती हैं तो पेट्रोल-डीजल की कीमत को कम करने के बारे में सोचा जा सकता है। दूसरे शब्दों में कहें तो फिलहाल सरकारी कंपनियां कीमतों में कोई बदलाव नहीं करने जा रही हैं और स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। इसके पीछे एक वजह यह भी है कि भारत में सरकारी तेल कंपनियों ने लंबे समय तक (पश्चिम एशिया संघर्ष के दौरान खास तौर पर) लागत से कम कीमत पर पेट्रो उत्पादों की कीमतों की बिक्री की है। अभी भी तेल कंपनियां अंडर रिकवरी (यानी लागत से कम कीमत पर उत्पाद बेचना) की स्थिति में हैं, क्योंकि अभी ग्राहकों को जो तेल दिया जा रहा है वह पूर्व में महंगी कीमत पर खरीदे गए क्रूड से तैयार किया गया है।

जून तिमाही में कंपनियों को पेट्रोल-डीजल पर हुआ 74,000 करोड़ का नुकसान

मार्च से मई 2026 के बीच पेट्रोल, डीजल और एलपीजी पर तेल कंपनियों की कुल अंडर-रिकवरी का आंकड़ा करीब एक लाख करोड़ रुपये के आसपास पहुंच चुका था। जून तिमाही में भी पेट्रोल-डीजल पर 74,000 करोड़ रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। ऐसे में अगर क्रूड 70 डालर या इससे कम कीमत पर दो-तीन महीने तक बना रहता है तो ग्राहकों को राहत मिल सकती है।

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

अमेरिका से एफटीए पर वार्ता अंतिम चरण में

नई दिल्ली, आइएएनएस: वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर बातचीत अंतिम चरण में और ज्यादातर अहम मुद्दों को सुलझा लिया गया है। अब दोनों पक्ष एक ऐसे समझौते पर काम कर रहे हैं, जिससे भारत को अपने प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले बढ़त मिल सके।

एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा कि वाशिंगटन में हालिया नीतिगत घटनाक्रमों के बावजूद उन्हें अमेरिका के साथ व्यापार समझौता पूरा करने में किसी बड़े व्यवधान की उम्मीद नहीं है। उन्होंने कहाकि भारत ने हमेशा प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में बेहतर बाजार पहुंच की मांग की है और अमेरिकी प्रशासन ने इस बात को समझा है। अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां अधिनियम (आइईईपीए), 1977 के तहत लगाए गए टैरिफ को रद करने के अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद गोयल ने कहा कि वाशिंगटन अब एक ऐसे वैकल्पिक तंत्र पर काम कर रहा है, जो भारत की प्रतिस्पर्धी बढ़त को बनाए रखेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जेमिसन ग्रीर ने बातचीत के दौरान भारत के रुख को स्वीकार किया है। गोयल ने कहा कि ऊंचे टैरिफ के बावजूद अमेरिका को भारत का निर्यात मजबूत बना हुआ है। गोयल ने कहा कि द्विपक्षीय व्यापार लगातार बढ़ रहा है और अनुमान है कि अप्रैल-जून तिमाही में भारत का वस्तु निर्यात सालाना आधार पर लगभग 15 प्रतिशत बढ़ेगा। गोयल ने कहा कि भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) 15 जुलाई से लागू होगा, जिससे भारतीय निर्यातकों के लिए नए अवसर खुलेंगे।

पीयूष गोयल ● इंटरनेट मीडिया

- वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा- ज्यादातर अहम मुद्दों को सुलझा लिया
- अब दोनों पक्ष एक ऐसे समझौते पर काम कर रहे हैं, जिससे भारत को बढ़त मिल सके

वार्ता के दौरान देर रात तक जागना पड़ता था: गोयल

अमेरिका के साथ एफटीए पर बातचीत के दौरान सामने आई मुश्किलों के बारे में गोयल ने कहा कि कभी-कभी हमें देर रात तक जागना पड़ता था। मीडिया से मुखातिब होते हुए गोयल ने कहा, आपको पता है कि मैं बहुत देर से सोता हूं, इसलिए मेरे लिए यह बहुत मुश्किल नहीं था। मेरे स्टाफ और टीम को शायद थोड़ी परेशानी हुई होगी क्योंकि बातचीत अक्सर देर शाम तक चलती थी।" मुझे नहीं लगता कि बातचीत के दौरान किसी तरह का कोई तनाव रहा। बातचीत करने वाली दोनों टीमों के बीच बहुत सौहार्दपूर्ण माहौल में बातचीत हुई। अमेरिका में दोनों समकक्षों के साथ मेरे संबंध बहुत अच्छे रहे।

केंद्र के एटीएफ सब्सिडी कार्यक्रम में शामिल नहीं हुई कोई विमानन कंपनी

नई दिल्ली, प्रेट्र: विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमतों को स्थिर रखने के उद्देश्य से शुरू किए गए 10 हजार करोड़ रुपये के सब्सिडी कार्यक्रम में कोई भी घरेलू विमानन कंपनी शामिल नहीं हुई है। सूत्रों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतें घटने के कारण एयरलाइंस ने इस कार्यक्रम में रुचि नहीं ली है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पिछले महीने सरकारी तेल कंपनियों को एयरलाइंस को तय कीमतों पर तीन साल तक एटीएफ बेचने के लिए सब्सिडीय देने वाली 10,000 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी थी। इसका उद्देश्य पश्चिम एशिया संकट की वजह से तेल की बढ़ती कीमतों से एयरलाइंस को बचाना था। यह स्कीम स्वैच्छिक थी और एयरलाइंस को लगभग 115 रुपये प्रति लीटर की तय कीमत का लाभ उठाने के लिए तेल कंपनियों से समझौता करना था। नौ जून को कार्यक्रम की घोषणा के समय एटीएफ 115 रुपये प्रति लीटर था, जो अब घटकर 110 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

आइटी शेयरों में खरीदारी से लगातार दूसरे दिन बढ़े बाजार

मुंबई, प्रेट्र: स्थानीय शेयर बाजारों में गुरुवार को लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही और दोनों मानक सूचकांक लाभ में रहे। कच्चे तेल के दाम में गिरावट, वैश्विक स्तर पर सकारात्मक घटनाक्रम और सूचना-प्रौद्योगिकी (आइटी) कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बीएसई सेंसेक्स 579.48 अंक बढ़कर 77,502.12 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 656.29 अंक चढ़कर 77,578.93 अंक पर पहुंच गया था। वहीं निफ्टी 169.85 अंक की तेजी के साथ 24,175.70 पर बंद हुआ। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.45 प्रतिशत टूटकर 70.53 डालर प्रति बैरल पर रहा।

सेंसेक्स में इन्फोसिस का शेयर 5.64 प्रतिशत चढ़ा। इसके बाद क्रमशः टेक महिंद्रा (4.32 प्रतिशत), टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (4.28 प्रतिशत) और एचसीएल टेक (4.12 प्रतिशत) का स्थान रहा। बजाज फिनसर्व, अदाणी पोर्ट्स, टाइटन और आइसीआइसीआइ बैंक में प्रमुख रूप से तेजी रही।

विदेशी निवेशकों ने जून में शेयर बाजार से 49,430 करोड़ रुपये निकाले

नई दिल्ली, प्रेट्र: विदेशी निवेशकों ने जून में बिकवाली जारी रखी और कुल 49,340 करोड़ रुपये घरेलू शेयर बाजार बाजार से निकाले। मुख्य रूप से वैश्विक जोखिम से बचने, विकसित बाजारों को प्राथमिकता और अमेरिकी बांड रिटर्न में तेजी तथा घरेलू बाजार में अधिक मूल्यांकन की वजह से बिकवाली की गई। इस ताजा निकासी के साथ, 2026 में अब तक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआइ) भारतीय इक्विटी बाजार से कुल 2.7 लाख करोड़ रुपये निकाल चुके हैं। यह पूरे वर्ष 2025 में निकाली गई 1.66 लाख करोड़ रुपये की राशि से कहीं अधिक है। एफपीआइ फरवरी को छोड़कर 2026 के हर महीने में शुद्ध बिकवाल बने रहे। फरवरी में शुद्ध खरीदार बनकर 22,615 करोड़ रुपये का निवेश किया था।

रतन टाटा की निजी निवेश फर्म से अलग हुए मेहली मिस्त्री

नई दिल्ली, प्रेट्र: रतन टाटा के करीबी सहयोगी मेहली मिस्त्री ने आरएनटी एसोसिएट्स प्राइवेट लिमिटेड के बोर्ड से इस्तीफा दे दिया है। मिस्त्री ने निजी व्यस्तता और दूसरी जिम्मेदारियों को इस्तीफे की वजह बताया। रतन टाटा द्वारा स्थापित यह कंपनी निजी निवेश फर्म है और इसके जरिये ही दिवंगत उद्योगपति ने कई स्टार्टअप्स (ब्लूस्टोन, ओला इलेक्ट्रिक, कारदेखो, अर्बन कंपनी, लेंसकार्ट और क्योरफिट आदि) में निवेश किया था।

एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार, मिस्त्री का इस्तीफा तब हुआ है जब आरएनटी एसोसिएट्स अपनी संपत्ति उन दो फाउंडेशन को स्थानांतरित करने की तैयारी कर रही है, जिन्हें रतन टाटा की वसीयत में लाभार्थी के तौर पर नामित किया गया था। पिछले साल ट्रस्टियों में कलह के चलते सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट और सर रतन टाटा ट्रस्ट में बतौर ट्रस्टी दोबारा नहीं चुने जाने के बाद से मिस्त्री खुद को टाटा समूह से जुड़ी संस्थाओं से अलग कर रहे हैं।

राष्ट्रीय फलक

एअर इंडिया ने उत्तरी अमेरिका, यूरोप की उड़ानों के लिए फ्यूल सरचार्ज घटाया

नई दिल्ली, प्रेट्र: हाल के हफ्तों में तेल की कीमतें कम होने के बाद एअर इंडिया ने उत्तरी अमेरिका, आस्ट्रेलिया, यूरोप और ब्रिटेन जाने वाली उड़ानों के लिए फ्यूल सरचार्ज कम कर दिया है। एयरलाइन ने सात अप्रैल को पश्चिम एशिया में चल रहे टकराव की वजह से तेल और जेट फ्यूल की कीमतों में बढ़ोतरी के बीच फ्यूल सरचार्ज की घोषणा की थी। अधिक लागत और एयरस्पेस पर लगी पाबंदियों के कारण एयरलाइन का आपरेशनल खर्च बढ़ गया था।

सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि उत्तरी अमेरिका और आस्ट्रेलिया की उड़ानों के लिए फ्यूल सरचार्ज को प्रति टिकट 280 से घटाकर 200 डालर और यूरोप और ब्रिटेन की सेवाओं के लिए इसे 205 से घटाकर 125 डालर कर दिया गया है। बदले हुए फ्यूल सरचार्ज एक जुलाई से लागू हैं। एअर इंडिया की ओर से कोई टिप्पणी नहीं आई है। अन्य अंतरराष्ट्रीय उड़ानों और घरेलू सेवाओं के लिए फ्यूल सरचार्ज में कोई बदलाव नहीं किया गया है। उत्तरी अमेरिका, आस्ट्रेलिया, यूरोप और ब्रिटेन की उड़ानों के लिए फ्यूल सरचार्ज 10 अप्रैल से लागू हुए थे।

सात अप्रैल को एअर इंडिया समूह ने कुछ खास रूट को छोड़कर अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए 24 से 280 अमेरिकी डालर और घरेलू उड़ानों के लिए 299 से 899 रुपये के फ्यूल सरचार्ज का एलान किया था। घरेलू एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमतों में वृद्धि 25% तक सीमित करने के सरकार के फैसले के बाद समूह ने यह तरीका अपनाया था।

- हाल के हफ्तों में वैश्विक बाजार में तेल कीमतें कम होने से उठाया गया कदम

ईयू कोर्ट ने एंटी-ट्रस्ट मामले में गूगल पर बरकरार रखा 4.1 अरब यूरो का जुर्माना

ब्रसेल्स, रायटर: अल्फाबेट की कंपनी गूगल को यूरोप में रिकार्ड ईयू एंटी-ट्रस्ट जुर्माना के मामले में आठ वर्ष से चल रही कानूनी लड़ाई में गुरुवार को हार का सामना करना पड़ा। यूरोपीय यूनियन (ईयू) की शीर्ष अदालत ने कंपनी पर लगाए गए 4.1 अरब यूरो के जुर्माने को बरकरार रखा है। उस पर अपने एंड्रायड आपरेटिंग सिस्टम का इस्तेमाल करके प्रतिस्पर्धियों को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया गया था।

ईयू के एंटी-ट्रस्ट नियामक यूरोपीय आयोग पिछले 15 वर्षों में गूगल पर कई एंटी-ट्रस्ट उल्लंघनों के मामलों में अरबों यूरो का जुर्माना लगा चुका है। हालांकि गूगल ने इन मामलों को अदालतों में चुनौती दी और कानूनी लड़ाई चलती रही।

आयोग ने एंड्रायड मामले में 2018 में जुर्माना लगाया था। इससे एक साल पहले गूगल पर 2.42 अरब यूरो का जुर्माना लगाया था, क्योंकि उसने अपनी शापिंग तुलना सेवा का इस्तेमाल करके छोटे प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले अनुचित लाभ उठाया था।

इस मामले में 2021 में गूगल की अपील खारिज हो गई थी। जबकि पहले वाले मामले में कानूनी लड़ाई लंबे समय चली, क्योंकि आयोग ने गूगल पर 4.34 अरब डालर का जुर्माना लगाया था। 2022 में एक ट्रिब्यूनल ने इस जुर्माने को घटाकर 4.1 अरब डालर कर दिया था। इसके बाद गूगल ने लक्जमबर्ग स्थित ईयू के सर्वोच्च न्यायालय में अपील की। इस अदालत ने जुर्माने को बरकरार रखा।

जजों ने कहा, 'जनरल कोर्ट के फैसले के खिलाफ गूगल और उसकी पेरेंट कंपनी अल्फाबेट की अपील खारिज की जाती है।' हालांकि इस मामले में गूगल के एक प्रवक्ता ने कहा कि फैसले में इस बात पर गौर नहीं किया गया कि कंपनी ने एंड्रायड को खुला और फ्री बनाए रखने के लिए निवेश किया है।

- एंड्रायड आपरेटिंग सिस्टम से प्रतिस्पर्धियों को नुकसान पहुंचाने का मामला
- गूगल को आठ वर्ष से चल रही कानूनी लड़ाई में हार का करना पड़ा सामना

ई-जागृति प्लेटफार्म बनी उपभोक्ताओं की डिजिटल अदालत

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली

उपभोक्ता आयोगों में न्याय पाने की प्रक्रिया को डिजिटल बनाने वाली ई-जागृति ने शिकायतों के निपटारे का तरीका बदल दिया है। अब उपभोक्ता घर बैठे आनलाइन शिकायत दर्ज करा सकते हैं। अपने मामले की हर गतिविधि रियल टाइम में देख सकते हैं। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये सुनवाई में शामिल हो सकते हैं। आदेश की प्रति भी घर बैठे प्राप्त कर सकते हैं। इस तरह ई-जागृति उपभोक्ताओं के लिए डिजिटल अदालत बन चुकी है। इस बदलाव के लिए उपभोक्ता मामलों के विभाग की इस पहल को राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार-2026 में रजत पुरस्कार मिला है। यह पुरस्कार गुरुवार को जयपुर में आयोजित 29वें राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन में दिया गया, जिसे उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने प्राप्त किया।

एक जनवरी, 2025 से प्रभावी इस प्लेटफार्म ने उपभोक्ता आयोगों की चार अलग-अलग डिजिटल प्रणालियों को एकीकृत कर एआइ-सक्षम और पूरी तरह पेपरलेस व्यवस्था में बदल दिया है। प्लेटफार्म में ओटीपी आधारित पंजीकरण, बहुभाषी इंटरफेस, एआइ और मशीन लर्निंग सेवाएं, एआइ चैटबाट, वाइस-टू-टेक्स्ट सुविधा, आनलाइन भुगतान, एसएमएस और ई-मेल अलर्ट, दिव्यांगजनों के लिए विशेष सुविधा के साथ वकीलों और आयोग के अधिकारियों के लिए अलग-अलग डिजिटल डैशबोर्ड हैं।

- शिकायत करने से लेकर फैसले तक पूरी प्रक्रिया है आनलाइन

हिन्दुस्तान
1936
सत्य · सार्थक · सदैव

विश्वसनीय सहयोगी

जापान के साथ भारत के रिश्तों को मजबूत करने की दिशा में हुई कोशिशें स्वागतयोग्य हैं। जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची पहली बार भारत आई हैं और वह भारत के साथ व्यापक संबंध सुधार की पक्षधर हैं। दोनों देशों के बीच आर्थिक सुरक्षा, रक्षा, स्वास्थ्य सेवा और प्रौद्योगिकी जैसे प्रमुख सहयोग क्षेत्रों पर हुई बहुत बातचीत खास रही है। एशिया में दोनों देशों की अर्थव्यवस्था आकार में दूसरे और तीसरे स्थान पर है। जापान लंबे समय तक भारत से काफी आगे रहा है, लेकिन विगत दशकों में भारत की तरक्की ने दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच अंतर को कम कर दिया है। बहरहाल, प्रधानमंत्रियों की ताजा बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने तीन महत्वपूर्ण दस्तावेजों को अपनाया है, इनमें आर्थिक सुरक्षा पर संयुक्त घोषणा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में सहयोग और ऊर्जा पर संयुक्त वक्तव्य शामिल हैं। कोई दोराय नहीं कि जापान पहले भी प्रौद्योगिकी के मामले में प्रेरणास्त्रोत रहा है और भारत को समय-समय पर तकनीकी सहयोग मिला है। साथ ही, भारत बड़ा बाजार है, जिसमें जापानी उत्पादों के लिए पर्याप्त जगह है। परस्पर व्यापार में जापान अभी भी भारत से आगे है और फायदे में है।

गौर करने की बात है, यह दोनों देशों के बीच आयोजित 16वां शिखर सम्मेलन था और दोनों देशों ने 120 सहयोग दस्तावेजों और 2 ट्रिलियन येन के निवेश सहित अनेक घोषणाएं की हैं। जापान वर्तमान में भारत का पांचवां सबसे बड़ा निवेशक है, जिसका कुल निवेश 48.17 अरब डॉलर है। जाहिर है, जापान का निवेश बढ़ने से भारत को व्यापक लाभ है। जापान सांस्कृतिक-कूटनीतिक रूप से भारत का हितैषी रहा है। दुनिया की जो दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं, उनसे अगर तुलना करें, तो जापान से संबंध विस्तार भारत के ज्यादा मुफीद है। अमेरिका और चीन के साथ हमारे आर्थिक संबंध खींचतान भरे रहे हैं, लेकिन ऐसी स्थिति कभी जापान के साथ नहीं आई है। एक समय था, जब तकनीक के मामले में हम सबसे पहले रूस या जापान की ओर देखते थे, पर विगत दशकों में अमेरिका से हमारी निकटता हुई है। यहां भारतीय राजनय को ध्यान रखना होगा कि बदलती दुनिया में भारत संतुलन साधकर चले। हम अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस और जापान जैसी अर्थव्यवस्थाओं से अलग चलते हुए तेजी से विकास नहीं कर सकते। हमें इनके साथ तालमेल बिठाकर चलना होगा और जहां जरूरत पड़ेगी, वहां अपने हित में प्रतिद्वंद्विता भी करनी पड़ेगी।

भारत और जापान के बीच आधुनिक दौर के हिसाब से अनेक जरूरी समझौते हुए हैं, सहमतियां बनी हैं, जिनसे दोनों देशों के संबंधों में और गहराई आएगी।

आजाद भारत के इतिहास में दोनों देशों के बीच आधिकारिक राजनयिक संबंधों को अगले साल 75 वर्ष हो जाएंगे। साल 2027 में दोनों देश द्विपक्षीय संबंधों की 75वीं वर्षगांठ मनाएंगे। इस महत्वपूर्ण मुकाम का अंदाजा दोनों ही देशों को है और नाना प्रकार के आयोजनों या गतिविधियों की तैयारी चल रही है। जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची की यह यात्रा विकसित भारत के लिए एक पड़ाव साबित होनी चाहिए। जापान ने एक हजार जैव गैस और जैविक उर्वरक संयंत्र स्थापित करने का वादा किया है, इससे भारत के गांवों में समृद्धि और ग्रामीण आजीविका को नई शक्ति मिलेगी। शुरू से ही जापान एक ऐसा विश्वसनीय देश है, जिसे हम जमीनी विकास में सहयोगी बना सकते हैं। दोनों देशों को समुद्री सुरक्षा पर सहयोग का दायरा बढ़ाना चाहिए। अच्छी बात है, जापान हमसे रक्षा सहयोग बढ़ाना चाहता है। संयोग से दोनों ही देशों की रक्षा चुनौतियां एक हद तक साझा हैं। भारत को इस दिशा में अनुकूल कदम उठाने की जरूरत है।

हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 03 जुलाई, 1951

युद्धबन्दी वार्ता

संयुक्त राष्ट्रीय प्रधान सेनापति जनरल रिजवे ने कोरिया में साम्यवादी सेनापतियों के नाम युद्धबन्दी वार्ता के लिए जो निमंत्रणपत्र भेजा था, उसका उनकी ओर से 36 घंटे बाद उत्तर मिल गया है। इस उत्तर की दुनिया में उत्सुकतापूर्वक प्रतीक्षा की जा रही थी; कारण उसी पर यह निर्भर था कि कोरिया में युद्ध बन्द होगा या जारी रहेगा।

साम्यवादी सेनापतियों के उत्तर से यह आशा बंधती है कि कोरिया में जिस युद्ध को चलते हुए एक साल गुजर गया, वह अब जल्दी ही बन्द हो जायेगा और उसके साथ ही युद्ध के दूर पूर्व में फैलने की जो आशंका की जाती थी, वह टल जायेगी। साम्यवादी सेनापतियों ने युद्धबन्दी वार्ता में भाग लेना स्वीकार कर लिया है। जनरल रिजवे ने इस बातचीत के लिए सुझाव दिया था कि वह उत्तरी कोरिया के वोनसान बन्दरगाह के निकट डेनमार्क के एक अस्पताली जहाज 'जटलैंडिया' पर सम्पन्न हो। साम्यवादी सेनापतियों ने अपनी ओर से युद्धबन्दी वार्ता के लिए दूसरे स्थान का सुझाव दिया है। उन्होंने चाहा है कि यह बातचीत 38वीं अक्षांश रेखा पर कासोंग के क्षेत्र में आयोजित की जाये और उसके लिए उन्होंने 10 से 15 जुलाई के बीच का समय भी सुझाया है। युद्धबन्दी की वार्ता का स्थान कौन-सा हो, यह एक गौण प्रश्न है। महत्वपूर्ण तथ्य तो यह है कि कोरिया में दोनों लड़ने वाले पक्ष युद्धबन्दी की बातचीत शुरू करने के लिए सहमत हो गये हैं। इस प्रकार कोरिया में एक वर्ष से हो रही युद्ध ही बर्बादी और तबाही को रोकने का जो अवसर उपस्थित हुआ है, उसे हाथ से नहीं जाने दिया जाना चाहिए और दूर पूर्व में शांति स्थापना के लिए उसका पूरा लाभ उठाया जाना चाहिए।

दुनिया के आम लोग युद्ध से बुरी तरह उकताये हुए हैं। युद्ध चाहे बड़ा हो अथवा छोटा और वह दुनिया के किसी भी कोने में क्यों न हो, किसी न किसी रूप में सर्वत्र आम लोगों के जीवन को प्रभावित करता है; उनकी मुसीबतों को बढ़ाने में सहायक होता है। अतः कोरिया में युद्धबन्दी की वार्ता के शुरू होने में दस दिन लग जायेंगे, यह स्थिति आम तौर पर रुचिकर प्रतीत नहीं होगी। अच्छा होता यदि युद्धबन्दी की वार्ता के शुरू होने में इतना विलम्ब नहीं लगता और उसकी योजना जल्दी से जल्दी संभव होती।

भारत-जापान रिश्तों में नई गर्मजोशी

यहां स्कैन करें

शशांक | पूर्व विदेश सचिव

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में दोनों देशों के हित साझा हैं। यदि यहां आपूर्ति श्रृंखला बनती है, तो दोनों देशों को फायदा होगा और इस क्षेत्र में शांति व सुरक्षा का माहौल बनाने में भी मदद मिलेगी।

जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची वैसे तो 'भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन' के लिए तीन दिवसीय दौरे पर नई दिल्ली आई हैं, मगर तेजी से बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में उनके इस दौरे की खास अहमियत है और यह बात दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के एक-दूसरे के प्रति आत्मीय संबोधन से भी ध्वनित होती है। ताकाइची ने कहा भी है कि भारत-जापान संबंध एक नए दौर में प्रवेश कर रहा है।

भारत और जापान के सभ्यतागत संबंध बहुत पुराने हैं। कई भारतीय देवी-देवताओं की वहां आज भी पूजा होती है। हालांकि, दूसरे विश्व-युद्ध के बाद से लेकर शीत युद्ध के अंत तक एक लंबा अंतराल ऐसा रहा, जब हमारे संबंधों पर धूल की मोटी परत जमी रही। दरअसल, एशिया में जापान पहला देश है, जिसने पश्चिमी औद्योगिक क्रांति का गहन अध्ययन किया और उसे अपनाया। इससे उसकी तरक्की का लोहा पूरे एशिया ने माना। 1904-05 के रूस-जापान युद्ध में जापानी साम्राज्य ने रूस की विशाल सेना को शिकस्त देकर पूरी दुनिया को चौंका दिया था। तब एशिया के सभी मुल्क बड़े खुश हुए कि जापान ने यूरोप के अहंकार को तोड़ दिया। जापान उस वक्त एशिया की पहचान बनकर उभरा था।

दूसरे विश्व युद्ध के दौरान हुए परमाणु हमले के बाद जापान पूरी तरह से अमेरिका के प्रभाव में आ गया। शीत युद्ध के दौरान उसकी यही सोच रही कि भारत कम्युनिस्ट सोवियत संघ का मित्र है और पश्चिमी उदार लोकतंत्रों की बात नहीं मानता। शीत युद्ध की समाप्ति के बाद नई दिल्ली ने अमेरिका और पश्चिम में रूढ़ इस धारणा को तोड़ने और उनके साथ अपने रिश्ते सुधारने के लिए काफी प्रयास किया। खुद रूस उस समय पश्चिमपरस्त नीतियां अपनाने लगा था। इसलिए भारत ने भी नई नीतियां अपनाईं।

मुझे याद है, सन् 1994 से 1999 तक जब मैं कोरिया में राजदूत था, अमेरिका की दिलचस्पी चीन में बढ़ चली थी और उससे प्रभावित कोरिया व जापान भी अपने निवेश के लिए बीजिंग का ही रुख कर रहे थे। तब नई दिल्ली ने महसूस किया कि यदि भारत के रिश्ते अमेरिका के साथ नहीं सुधरे, तो जापान व कोरिया जैसे देश भी हमारी ओर सकारात्मक रुख नहीं अपना पाएंगे। 1990 के दशक में कोरिया जब भारत में आया, तो जापान को महसूस हुआ कि अमेरिका के मित्र देश भी भारत में अपनी प्रौद्योगिकी व निवेश ला रहे हैं, तब उसने भी एक नई शुरुआत की।

जापानी प्रधानमंत्री शिंजो आबे का कार्यकाल भारत-जापान संबंधों में एक निर्णायक मोड़ साबित हुआ। उन्होंने ही एशिया की दोनों बड़ी सभ्यताओं के रिश्तों पर जमी धूल को साफ करने में विशेष दिलचस्पी दिखाई। आबे एक दूरदर्शी राजनेता थे। उन्होंने यह देख लिया था कि आगे चलकर चीन विस्तारवादी नीतियां अपना सकता है, लिहाजा भारत का साथ होना बहुत जरूरी है। हमने भी दक्षिण-पूर्व एशिया से अपने द्विपक्षीय संबंधों को नए सिरे से गढ़ना शुरू किया, इसमें खास तौर से सिंगापुर का बहुत बड़ा रोल रहा। उसके बाद हमने पूर्वी एशिया में अपने संबंधों को विस्तार दिया और उसमें जापान एक महत्वपूर्ण साझीदार देश के रूप में उभरा।

भारत-जापान संबंध के लिहाज से मौजूदा समय इसलिए अधिक अहम है कि पश्चिम एशिया के संकट ने इन दोनों देशों, बल्कि तमाम एशियाई देशों को खासा नुकसान पहुंचाया है। इसके मूल में राष्ट्रपति ट्रंप की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति है, जिसके तहत वाशिंगटन दुनिया के तमाम तेल संसाधनों को नियंत्रित करना चाहता है। इस बात को अमेरिका के एशियाई मित्र देश भी अब बखूबी समझ रहे हैं कि इससे उनको बहुत नुकसान होने वाला है।

इस बीच एक अन्य घटनाक्रम ने भी एशिया के देशों को चौकन्ना कर दिया है। राष्ट्रपति ट्रंप के मई के बीजिंग दौरे से एशियाई देशों में यह आशंका गहरी हो गई है कि ये दोनों मिलकर जी-2 ग्रुप बनाना चाहते हैं, जिसमें एशिया के देशों की मुख्तारी चीन को सौंपी जाएगी और अमेरिका पश्चिमी देशों पर अपना दबदबा रखेगा। ऐसे में, एशियाई देशों के राजनीतिक नेतृत्व ने समझ लिया है कि उन्हें ऐसी किसी सूरत का मुकाबला कैसे करना है? प्रधानमंत्री मोदी तो पहले से ही जापान को काफी प्रोत्साहित करते रहे हैं कि वह भारत में अपना निवेश बढ़ाए। जापान ने काफी निवेश किए भी हैं। मेट्रो के बाद बुलेट ट्रेन परियोजना इसकी नजीर है। इसमें उसने काफी टेक्नोलॉजी का हस्तांतरण किया है। जाहिर है, प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण से भारतीय पेशेवरों को काफी लाभ होगा, बल्कि जापान ने 50 हजार युवा भारतीय पेशेवरों को अपने यहां बुलाने का वादा भी किया है।

जापान को यह मालूम है कि भारत के पास एक विशाल बाजार है और उसे व कोरिया को यह भी इत्मीनान हो चुका है कि अगर भारत में प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण किया जाए, तो भारतीय उसे काफी अच्छी तरह से आत्मसात कर लेते हैं। मैंने जापान व कोरिया की कंपनियों का अध्ययन किया, तो दोनों जगह पाया कि उनका यही आकलन था, भारतीय चीन या किसी अन्य देश के लोगों के मुकाबले कहीं बेहतर तरीके से आत्मसात करते हैं। जापान ने अब अगले दस साल में भारत में छह लाख करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य घोषित किया है, जो काफी महत्वपूर्ण कदम है।

यह सुखद है कि प्रधानमंत्री ताकाइची के इस दौरे में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) और सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में साझेदारी बढ़ाने के लिए सहमति पत्र पर दस्तखत हुए हैं। हम जानते हैं कि एआई और क्वांटम कंप्यूटिंग में जापान काफी उन्नत देश है। आने वाले समय में हमें जापान की विशेषज्ञता का लाभ मिल सकेगा। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में दोनों देशों के हित साझा हैं। इनको मालूम है कि यहां यदि आपूर्ति श्रृंखला बनती है, तो इससे दोनों देशों को काफी फायदा होगा और इस क्षेत्र में शांति व सुरक्षा का माहौल बनाने में दोनों साथ आ सकते हैं। पहले हमने अमेरिका को इस क्षेत्र में आगे किया था कि वह हमें इसमें मदद करेगा, मगर उसका रुख भरोसेमंद नहीं रहा, इसलिए एशियाई देशों को लग गया है कि हमें आपस में ही मिलकर आगे चलना है। इसलिए अगर जापान के साथ भविष्य में हमारा सप्लाई चेन संबंध कायम हुआ, तो यह सबसे महत्वपूर्ण सहयोग होगा। जापान में भारत के लिए आदर का भाव है, जो पश्चिम में नदारद है। यह बात हमें उसका स्वाभाविक मित्र बनाता है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

दुनिया को सबके लिए बेहतर बनाने के आठ जरूरी सबक

यहां स्कैन करें

अरुण मायरा | पूर्व सदस्य, योजना आयोग

पिछले दिनों संयुक्त राष्ट्र सतत विकास नेटवर्क ने अपनी 'सतत विकास रिपोर्ट 2026' जारी की। यह रिपोर्ट 17 सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के मामले में हुई प्रगति की समीक्षा करती है, जिन्हें 2015 में संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों ने अपनाया था। इन लक्ष्यों को 169 लक्ष्यों (231 संकेतकों के साथ) में बांटा गया है। वर्ष 2030 तक इन सभी को हासिल करना जरूरी है।

रिपोर्ट कहती है कि 2030 तक सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने में चार साल से भी कम समय बचा है और काम काफी सुस्त चल रहा है। अनुमान है, समय-सीमा तक केवल 16 प्रतिशत लक्ष्य हासिल हो पाएंगे। अन्य 16 प्रतिशत लक्ष्य के मामले में तो पूरी दुनिया पीछे है और बाकी दो-तिहाई लक्ष्यों की दिशा में बहुत कम प्रगति हुई है। नतीजा यह है कि हम वहीं हैं, जहां 2015 में थे। इसलिए रिपोर्ट में यह खोजने पर ध्यान केंद्रित किया गया है कि जिन लक्ष्यों पर सभी देशों ने मिलकर सहमति जताई, उन्हें हासिल करने के तरीके में क्या कमी है। इससे आठ सबक लिए गए हैं।

पहला सबक- 'शांति हर लक्ष्य की नींव है।' दूसरा, एसडीजी बदलाव के लिए। तीसरा और चौथा सबक है, बदलाव हेतु दीर्घकालिक निवेश और योजनाएं। पांचवां, अपेक्षित कार्रवाई का दायरा क्षेत्रीय और स्थानीय हो, न कि सिर्फ राष्ट्रीय।' छठा सबक है, 'सार्वजनिक वस्तुओं के लिए सार्वजनिक धन की जरूरत होती है।' सातवां सबक है कि 'खतरनाक तकनीकों की वैश्विक निगरानी हो।' आठवां सबक, संयुक्त राष्ट्र सबके लिए होना चाहिए। यहां पांचवां सबक एक बड़ी बहस खड़ी करता है। अगर कार्रवाई का दायरा स्थानीय होना चाहिए, तो संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियां देशों के अंदर जमीनी स्तर पर क्या भूमिका निभाने जाएंगी? क्या उन्हें स्थानीय कार्यों को निर्देशित और मॉनिटर भी करना चाहिए?

संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को पाने का एकमात्र तरीका है- समुदायों द्वारा तैयार किए गए स्थानीय तंत्र-आधारित समाधान।

सतत विकास लक्ष्यों को लागू करने के तरीके में बुनियादी समस्या यह है कि यह बहुत ज्यादा गणितीय है और इसे ऐसे लक्ष्यों में बांटा गया है, जिनके लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण की जरूरत होती है। हर लक्ष्य की प्रगति को वैज्ञानिक विशेषज्ञों की टीम आगे बढ़ाती है, जबकि सरकारी एजेंसियां और निजी कंपनियां सीमित उद्देश्यों पर ध्यान केंद्रित करती हैं। कुल मिलाकर तरीका यह है कि जटिलता को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटा जाए। ये हिस्से खास टीमों को सौंपे जाते हैं, जो अपने लक्ष्यों को हासिल करने की होड़ में लगी रहती हैं। 20वीं सदी में सैद्धांतिक अर्थशास्त्र के विकास के साथ इस तरीके को और बेहतर बनाया गया।

इसे मानव शरीर से समझिए। मानव शरीर कई जटिल व परस्पर निर्भर उप-तंत्रों से बना है, जैसे हृदय-रक्त वाहिका, पाचन और तंत्रिका-तंत्र। इन सभी का पर्याप्त रूप से स्वस्थ होना जरूरी है। अगर कोई भी तंत्र फेल हो जाए, तो मानव जीवित नहीं रह पाएगा। उनकी औसत स्थिति पूरे शरीर के स्वास्थ्य का अच्छा पैमाना नहीं हो सकती। आधुनिक चिकित्सा विशेषज्ञ शरीर के अलग-अलग अंगों के लिए इलाज बताते हैं। उनके इलाज का दूसरे अंगों पर दुष्प्रभाव होता है। इससे मरीजों को दूसरे विशेषज्ञ के पास भागना पड़ता है, जिससे बिल के साथ-साथ चिंता और अवसाद बढ़ते जाते हैं।

इसलिए रिपोर्ट में सुझाया गया पांचवां सबक सबसे जरूरी है। तंत्र से जुड़ी समस्याओं के लिए स्थानीय समाधान की जरूरत होती है, न कि उनके हिस्सों के लिए एक ही तरह के आम नुस्खों की। पर्यावरण, आजीविका, सेहत, शिक्षा और आमदनी एक जटिल सक्रिय तंत्र के अहम हिस्से हैं। यह प्रणाली गरीब और अमीर देशों में और हरेक देश के अलग-अलग जिलों में भी अलग-अलग तरह का होता है। इनमें ऊपर से थोपा गया 'सबके लिए एक तरीका' वाला दृष्टिकोण नाकाम हो सकता है।

संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को पाने का एकमात्र तरीका है- 'समुदायों द्वारा मिलकर तैयार और लागू किए गए स्थानीय तंत्र आधारित समाधान।' इसके लिए अर्थशास्त्रियों और वैज्ञानिकों को जमीन पर उतरना होगा और उन्हें जमीनी लोगों की बात सुननी होगी। यही एकमात्र तरीका है, जिससे इस दुनिया को सभी के लिए बेहतर बनाया जा सकता है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

समस्त अनुभवों की जड़

योग विद्या में एक अनूठी कहानी है। एक दिन एक ज्ञान योगी, एक भक्ति योगी, एक कर्म योगी और एक क्रिया योगी साथ-साथ जंगल में टहल रहे थे। प्रायः ये चारों कभी एक साथ नहीं हो सकते, क्योंकि एक ज्ञान योगी को किसी भी दूसरे प्रकार के योग से गहरी नफरत होती है; यह बुद्धि योग है। सामान्यतः एक बुद्धिजीवी, एक चिंतक बाकी सभी को अपने से तुच्छ समझता है।

इसी तरह, प्रेम और भावनाओं से भरा हुआ एक भक्त यही सोचता है कि ज्ञान, कर्म और क्रिया सिर्फ समय की बर्बादी है। केवल ईश्वर से प्रेम करो और सब हो जाएगा।

एक कर्म योगी सोचता है कि हरेक व्यक्ति आलसी है और उसके पास सभी तरह के विचित्र दर्शन हैं; केवल कर्म ही है, जो किया जाना चाहिए। हर आदमी के ऊपर कर्म की धुन सवार रहनी चाहिए। क्रिया योगी इन सभी चीजों पर हंसता है। संपूर्ण सत्ता ऊर्जा है, अगर आप अपनी ऊर्जा को रूपांतरित नहीं करते; चाहे आप ईश्वर को चाहें या किसी अन्य चीज को, कुछ भी नहीं होगा।

एक गृहीत धरू की, ही सून घरात येताच या सासूबाईंनी घरकामातून निवृत्ती घेतली असेल. आतापर्यंत संसारासाठी भरपूर राबले, आता सून आली आहे तर बसून खाईन, असं सासूला वाटलं असेल, तर त्यात काही आश्चर्य नाही. सुनेने चहाचा कपही हातात आणून द्यावा, अशी अपेक्षा असू शकते. भाजीसुद्धा निवडणार नाही, हेही तिने ठणकावून सांगितलं असेल. सुनेनेही हे सुख तिला दिलं असेल.

इथपर्यंत त्या दोघीही चुकल्या, असं वाटत नाही. पण खरी समस्या मात्र इथेच सुरू झाली आणि ती त्या दोघींच्याही लक्षात आली नाही.

आपण माणसं आहोत. त्यामुळे एखाद्या विशिष्ट भावनेतून घेतलेला निर्णय दीर्घकाळ योग्यच राहतो, असं नाही. सुनेकडून हातात आयता चहा मिळण्याची कल्पना सुखद आहे, पण काही काळानं आपण हे चुकीचं करतो आहोत, असं वाटू शकतं. आपल्यातील सूक्ष्म अहंकारापायी त्या निर्णयापासून मागे जाता येत नाही आणि मग भावनिक कोंडमारा होतो.

या आधीच्या पिढीतील स्त्री घराबाहेर कितीही जबाबदारीच्या पदावर असली, तरी तिला स्वयंपाकघर हे तिचं वाटायचं. तिची सत्ता तिथे असायची. स्वयंपाकघरातून निवृत्ती म्हणजे घरातील आपली सत्ता गेली, असं वाटणारी ही पिढी आहे. या पोस्टमधल्या सासूबाईंचं तेच झालं. आपली उत्पादकता कमी झाली, आपण निरुपयोगी झालो, ही जाणीव वृद्धांसाठी दुःखदायक असते. 'आता जगायचं कशाला?' असं त्यांना वाटतं आणि मग 'त्यापेक्षा मला वृद्धाश्रमात सोडा...' अशी मागणी येऊ शकते. जर ती व्यक्ती पूर्वी प्रचंड कामात गुंतलेली असेल आणि आता वयामुळे काही काम नसेल, तर तिला जीवन अधिक कंटाळवाणं होईल. सकाळी उठायचं, चहा प्यायचा, पेपर वाचायचा, टीव्ही पाहायचा, दुपारी जेवायचं, थोडा वेळ झोपायचं, पुन्हा चहा घेऊन टीव्ही पाहायचा, रात्री जेवायचं आणि झोपायचं, हे जर रुटीन झालं, तर जगण्याचा कंटाळा येणं स्वाभाविक आहे. सून आपल्या सासूला जे सुख देत आहे, तेच आता त्या सासूला नकोसं झालं आहे. माझ्या घरी मी आधीपासून थोडी सावधगिरी बाळगली होती. माझ्या आईचं वय ८९ आहे. तिला स्वयंपाकघरात वावरणं आता झेपत नाही, पण वावरायला मनापासून आवडतं. म्हणून या वयातही काही जबाबदाऱ्या आम्ही मुद्दाम तिच्यावर टाकल्या आहेत. अर्थात, आम्हाला तिच्या हालचालींकडे पाहावं लागतं, शिवाय माझ्या पत्नीला दुप्पट कामही पडतं, पण तरीही तो चांगला उपाय ठरला आहे. सकाळचा पहिला चहा करणं, दूध तापवणं ही आईची कामं. भांडी वाळल्यानंतर ती जागेवर लावणं, दुसऱ्या दिवशीची भाजी निवडून ठेवणं ही कामंही तिचीच... या कामांतून, आपल्या घरातून आपण बेदखल नाही, हा 'फील' तिला देता येतो. तीही रोज संध्याकाळी सर्व मालिका पाहते. मला आणि पत्नीला मालिका आवडत नाहीत, पण रात्री जेवणानंतर एक मालिका आम्ही तिच्याबरोबर बसून पाहतो. 'ब्रेक'मध्ये तिच्याशी आवर्जून बोलतो. मी अधूनमधून तिची चेष्टामस्करी करतो. माझा मुलगा घरी येतो तेव्हा आजी-नातवाची गंमतीदार भांडणं सुरू असतात.

> ## आज भाजी कोणती करायची?
>
> भाजी निवडणं या कामापासून आजींना दूर करणं म्हणजे 'घरात भाजी कोणती करायची?' हा निर्णय घेण्यापासून दूर करणं असतं.
>
> घरातल्या ज्येष्ठ व्यक्तीला सतत टीव्हीवरच्या मालिका बघण्यात खरंच रस आहे की, केवळ वेळ घालवायचा म्हणून ती त्या हलत्या चित्रांसमोर बसून आहे, याचा विचार करा.
>
> सतत टीव्हीसमोर असलेली व्यक्ती हळूहळू घरातील चर्चांमधून वगळली जाते.
>
> वयानुसार सहली, हॉटेलिंगमधूनही ज्येष्ठ व्यक्ती वगळली जाते. मग ती कुटुंबातून बाजूला पडते. हे टाळणं शक्य आहे.

हे सगळं आवश्यक आहे. आम्ही तिच्या हातात चहा देत नाही, उलट कधी कधी मीच तिच्याकडे पाणी मागतो. आपण ज्याला सुख म्हणतो, ते केवळ सगळ्या साधनसुविधा उपलब्ध करून दिल्याने मिळत नाही. त्या व्यक्तीच्या माणूस म्हणून असलेल्या अस्तित्वाला गोंजारायला हवं. ते केलं, तर त्याला वृद्धाश्रमात जावं, असं कुणाला का वाटेल?

कोणत्याही वयात माणसाला खरं सुख मिळतं, ते स्पर्शात आणि संवादात. तेवढंच करा.

- संतोष शेणई,
ज्येष्ठ पत्रकार
santshenai@gmail.com

चेकलिस्ट

तुमची 'सेकंड इनिंग' कुठे?

आयुष्याच्या उत्तरार्धात राहण्यासाठी भारतीय ज्येष्ठांची 'या' शहरांना पसंती

- **पुणे : आल्हाददायक हवामान, वर्षभर तुलनेने समतोल हवामान, उत्तम आरोग्यसुविधा आणि समृद्ध सांस्कृतिक वातावरण यांमुळे अनेक ज्येष्ठ वास्तव्यासाठी पुणे शहराची निवड करतात.**
- म्हैसूर : स्वच्छ हवा, स्वच्छ रस्ते, झाडं आणि निवांत जीवनशैली यामुळे म्हैसूर हे शांत आयुष्य जगू इच्छिणाऱ्यांना आवडेल असं शहर आहे.
- **कोइम्बतूर : उत्तम आरोग्यसुविधा आणि शांतता दर्जेदार रुग्णालये, सुखद हवामान आणि तुलनेने कमी धकाधकीचं जीवन ही या शहराची ओळख आहे.**
- नाशिक : मुंबईपासून जवळ असले तरी स्वतःचे एक वेगळे वैशिष्ट्य असलेले, राहणीमानावरचा खर्च कमी असलेले ज्येष्ठांना भुरळ घालते.
- **जयपूर :** गुलाबी शहर म्हणून प्रसिद्ध असलेलं जयपूर आपल्या समृद्ध इतिहासाबरोबरच वाढत्या आरोग्यसुविधा, खरेदीची सोय आणि आधुनिक निवास सुविधांमुळे ज्येष्ठांच्या पसंतीस उतरणारे ठरते.
- **वडोदरा : धकाधकीपासून दूर असलेलं शहर म्हणून ज्येष्ठांना इथे येऊन स्थायिक व्हावंसं वाटतं.**
- डेहराडून : शांत आणि सुखद हिमालयाच्या पायथ्याशी वसलेलं डेहराडून हे आल्हाददायक हवामान, हिरवाई आणि शांत जीवनशैलीसाठी प्रसिद्ध आहे. शहरापासून दूर, मोकळ्या हवेत राहण्याचा विचार असलेल्यांसाठी हे शहर उत्तम निवड ठरते.
- **कोची : आयुष्याच्या उत्तरार्धात समुद्राची शांतता हवी. पण, उत्तम वैद्यकीय सुविधाही हाताशी असाव्यात, असं वाटणारे ज्येष्ठ निवृत्तीनंतर कोचीला स्थायिक होणं पसंत करतात.**
- बेळगाव : आल्हाददायक हवा आणि स्वस्त शहर. कमी खर्चिक असल्यामुळे बेळगाव हा निवृत्तीनंतरच्या वास्तव्यासाठी पर्याय मानला जातो.
- चंडीगड : नियोजनबद्ध शहररचना रुंद रस्ते, भरपूर उद्याने, नीट आखलेले निवासी भाग आणि चांगल्या नागरी सुविधांमुळे चंदीगड हा निवृत्तीनंतरच्या आयुष्यात ज्येष्ठांसाठी सुखकर पर्याय ठरतो.

अशावेळी

मालमत्तेवरचा हक्क सोडायचा असेल, तर...

वारसा हक्काने मिळालेल्या मालमत्तेवरील हक्क कुण्या एकाला सोडायचा असेल तर या दस्ताचा उपयोग होतो. इंग्रजीमध्ये याला 'रिलीज डीड' असं म्हणतात.



दस्ताच्या नावावरूनच आपल्या लक्षात आले असेल की, हक्क सोडण्यासाठी मुळात एखाद्या मिळकतीमध्ये आपला हक्क असणे अभिप्रेत आहे. दोन किंवा अधिक व्यक्तींना एकाच मिळकतीमध्ये हक्क मिळालेला असतो आणि त्यातील कुठल्याही एका सहमालकाला त्याचा/तिचा हिस्सा हा अन्य सहमालकाच्या लाभासाठी सोडून द्यायचा असतो, तेव्हा हक्कसोड पत्र हा दस्त केला जातो. महत्त्वाचे म्हणजे मालमत्तेवरील हक्क हा इनहेरिटेड/वारशाने आला असेल तरच हक्कसोड पत्राचा उपयोग होतो.

उदा. वडील मृत्युपत्र न करता मयत झाल्यावर त्यांचे वारस एकमेकांमध्ये हक्कसोड पत्र देऊ शकतात. पण समजा नवरा-बायकोने एकत्रितरीत्या एखादी प्रॉपर्टी घेतली असेल आणि त्यांच्यापैकी एकाला दुसऱ्याच्या लाभासाठी हयातीमध्ये हक्क सोडून द्यायचा असेल, तर खरेदीखत किंवा बक्षीसपत्रच करावे लागते. त्या बाबतीत हक्कसोड पत्राचा उपयोग होणार नाही, हा महत्त्वाचा फरक लक्षात घ्यावा.

हक्कसोड पत्र आणि स्टॅम्प ड्यूटी :

हक्कसोड पत्र नोंदणीकृत असणे कायद्याने आवश्यक आहे. जेव्हा एखाद्या व्यक्तीला वडिलोपार्जित मिळकतीमधील आपला हिस्सा स्वतःच्या भावाच्या किंवा बहिणीच्या, मुलगा/मुलगी यांच्या लाभात किंवा मुलगा/मुलगी मयत असतील तर त्यांच्या मुलामुलींच्या म्हणजे नातवंडांच्या लाभात किंवा स्वतःच्या आई किंवा वडिलांच्या किंवा वैवाहिक जोडीदाराच्या लाभात, मात्र कुठल्याही प्रकारचा मोबदला न स्वीकारता सोडून द्यायचा असेल, तर फक्त ५०० रुपयांच्या स्टॅम्प ड्यूटीवर हक्कसोड पत्र नोंदणीकृत करता येते. अजूनतरी सरकारने यामध्ये काही बदल केलेला नाही. मात्र या नाममात्र स्टॅम्प ड्यूटीसाठी वर नमूद केल्याप्रमाणे वारसाहक्काने आलेली मिळकत आणि हक्क सोडण्यासाठी कुठलाही मोबदला घेतलेला नाही, या दोन महत्त्वाच्या अटींची एकाच वेळी पूर्तता होणे आवश्यक आहे. इतर सर्व प्रकारच्या हक्कसोड पत्रासाठी मात्र खरेदीखतासारखीच संपूर्ण स्टॅम्प ड्यूटी भरावी लागते.

वडिलोपार्जित आणि वडिलार्जित मिळकत :

वडिलोपार्जित मिळकत आणि स्वतंत्र/स्वकष्टार्जित/वडिलार्जित मिळकत म्हणजे काय, याचा आपल्याकडे बऱ्याच वेळा गोंधळ दिसून येतो. वडिलोपार्जित मिळकत ही संकल्पनाच हळूहळू संपत चालली आहे, हे मा. सर्वोच्च न्यायालयानेदेखील मान्य केले आहे. मात्र एखाद्या व्यक्तीची स्वतंत्र/स्वकष्टार्जित मिळकत ही कायम स्वतंत्रच राहते आणि तिच्या पुढच्या पिढीकडे ती मिळकत वडिलोपार्जित म्हणून जात नाही, असे निकाल १९८६-८७ पासून मा. सर्वोच्च न्यायालयाने दिलेले आहेत. बऱ्याच वेळा मिळकत स्वतंत्र की वडिलोपार्जित आणि स्टॅम्प ड्यूटी यावरून वाद-विवाद होतात. अशा वेळी बक्षीसपत्राच्या तुलनेत कमी स्टॅम्प ड्यूटी लागू होणारा किंवा कुठलीच स्टॅम्प ड्यूटी न लागणारा मृत्युपत्रासारखा दस्त करणे श्रेयस्कर असते.

> ## बहीण-भावाचा दस्त
>
> हक्कसोड पत्र नोंदणीकृत करून दिल्यावर दस्त लिहून देणाऱ्या व्यक्तीचा त्या मिळकतीमधील हक्क कायमचा संपुष्टात येतो आणि लिहून घेणाऱ्या व्यक्तीचा त्या मिळकतीमधील मालकी हिस्सा त्या प्रमाणात वाढतो. एकदा हक्कसोड पत्र नोंदविल्यावर ते अपवादात्मक परिस्थितीमध्ये म्हणजेच फसवणूक करून घेतल्याचे किंवा जोर-जबरदस्ती करून घेतल्याचे वगैरे सिद्ध झाल्यास विहित मुदतीमध्ये कोर्टात दावा लावूनच ते रद्द होऊ शकते. बहुतांश वेळा बहिणींचा वडिलोपार्जित मिळकतींमधील हक्क भावांच्या लाभात सोडण्यासाठी या दस्ताचा वापर केला जात असल्यामुळे त्याला बहीण-भावाचा दस्त असेही म्हणतात. दस्त करणाऱ्या पक्षकारांची परस्परांबद्दलची आपुलकीच या दस्तामागे कारणीभूत असते.

> ## हक्कसोड का सोडहक्क?
>
> कधीकधी हक्कसोड पत्रामागे 'बहिणींचे लग्न झाले आहे मग त्यांनी आता हक्क सोडला पाहिजे' अशी "सोडहक्क" भावना असल्याचे दिसून येते. बहिणीला हक्क हवा असेल तर तिने आईवडिलांचा सांभाळ करावा, नसेल करायचा तर हक्क सोडावा, तिची आर्थिक परिस्थिती उत्तम असेल तरी तिने हक्क सोडावा, अशीही मागणी होते. परंतु कायद्यामध्ये भावना चालत नाहीत. नैतिकता आणि कायदेशीर हक्क वेगवेगळे असू शकतात. 'आई-वडिलांचा सांभाळ केला तरच हक्क मिळेल' हे कायद्याला अभिप्रेत नाही किंवा आर्थिक स्थितीप्रमाणे मिळकतीमधील वारसांचे हक्क कमी-जास्त होत नाहीत.

- ॲड. रोहित एरंडे
rohiterande24@gmail.com

साठीनंतर

वय झाल्यावर ज्येष्ठ व्हावे, म्हातारे मात्र होऊ नये, मनावर सुरकुत्या पडू देऊ नये!

मी राज्य शासनाच्या समाजकल्याण खात्यातून वर्ग दोन अधिकारी या पदावरून २०१४ मध्ये सेवानिवृत्त झाले. स्वतःसाठी सगळेच जगतात; पण समाजासाठी जगले पाहिजे, या जाणिवेतून गरजूंना आर्थिक साहाय्य, शासकीय कामात मदत, नोकरी देणे, शैक्षणिक मदत करणे असं जे जे करता येतं ते करून गरजवंतांचं आयुष्य उभं करण्याचा माझा प्रयत्न असतो.

सेवानिवृत्तीनंतरही कुणाच्या उपयोगी पडता येईल, असे काम सुरू ठेवण्याचा निर्णय मी घेतला. त्याच विचाराने गरीब-गरजूंना शासकीय योजनांचा लाभ मिळवून देणे, दिव्यांगांना मदत करणे, शासकीय सेवेतील मृत कर्मचाऱ्यांच्या वारसांना अनुकंपा तत्त्वावरील नोकरी मिळवून देण्यासाठी प्रयत्न करणे अशी कामे मी सुरू ठेवली आहेत.

मला लेखनाची आवड आहे. सेवानिवृत्तीनंतर आम्ही पती-पत्नीने मिळून देश-विदेशात प्रवास केला. मला दैनंदिनी, प्रवासवर्णने लिहिण्याची सवय आहे. रेडिओ ऐकणेही मला आवडते. गाण्याच्या आवडीतून जुन्या चित्रपटांतील हिंदी आणि मराठी गाणी कॅराओकेवर म्हणायला आवडतात. काही हौशी गायकांचा एक व्हॉट्सॲप ग्रुप आम्ही केला आहे. त्यावर दर रविवारी स्वतः गायलेले एक गाणे आम्ही शेअर करतो.

वय झाल्यावर ज्येष्ठ व्हावे, म्हातारे नाही. म्हातारपण इतरांचा आधार शोधत असते, तर ज्येष्ठत्व दुसऱ्याला आधार देते. प्रेमाने जोडलेली चार माणसे, त्यासाठी लागणारे दोन गोड शब्द हे वैभव ज्याच्याकडे आहे, तो या जगातील खरा श्रीमंत! मी ती श्रीमंती उपभोगत आहे. मी वर्तमानात जगते, त्यामुळे प्रत्येक क्षण आनंदाने उपभोगते. वयानुसार येणाऱ्या शारीरिक व्याधींशी मैत्री करावी, कारण पु. ल. देशपांडे म्हणतात, तसे तुमची रोजची शारीरिक कुरकुर ही तुम्ही जिवंत असल्याची खूण आहे. माझ्या आयुष्याचा उत्तरार्ध सुखाचा व्हावा म्हणून मी आरोग्यपूर्ण आहार, विहार, व्यायाम आणि समाजसेवेत स्वतःला गुंतवून घेतले आहे.

- भारती गुळवे,
नाशिक.

वयाच्या साठीनंतर आनंदाने जगण्याचे असे काही मंत्र तुम्हाला सापडले आहेत? तुम्ही काय करता? - नुसता दिनक्रम नको, अनुभवाने सापडलेली काही रहस्ये शेअर करणाऱ्या निवडक लेखनाला प्रसिद्धी दिली जाईल. तुमचे अनुभव पाठविण्यासाठी ई-मेल व व्हॉट्सॲप नंबर खाली दिलेला आहेच!

दल-बदल कानून पर पुनर्विचार की जरूरत

संजय कुमार
सीएसडीएस में प्रोफेसर और चुनाव विश्लेषक
sanjay@csds.in

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के बाद तेजी से घटी राजनीतिक घटनाएं एक बड़े मुद्दे पर आत्ममंथन की मांग करती हैं. वह मुद्दा है जनादेश की पवित्रता का, मतदाताओं के वोट की पवित्रता का, और जिस उम्मीदवार को मतदाताओं ने चुना, वह चुनाव के बाद अगर विरोधी राजनीतिक दल में शामिल हो जाता है, तो क्या हो. पहले की तुलना में दल-बदल में बेशक कमी आयी है. लेकिन अब भी स्पष्ट नहीं है कि पार्टी में विभाजन किसे कहा जाये. इसलिए इस पर स्पष्ट परिभाषा की जरूरत है. दल-बदल कानून में ऐसे प्रावधान पर भी विचार करना चाहिए कि निर्वाचित प्रतिनिधि के दल बदलते ही उसकी सदस्यता समाप्त हो जाये और उस सीट पर उपचुनाव अनिवार्य हो.

पश्चिम बंगाल में चल रहा राजनीतिक घटनाक्रम यह संकेत देता है कि दल-बदल विरोधी कानून पर आज फिर से विचार करने की आवश्यकता है. इसके पीछे कुछ कारण हैं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है. पश्चिम बंगाल राज्य विधानसभा से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नव निर्वाचित विधायकों में से दो-तिहाई से अधिक के दल-बदल करने और लोकसभा में भी तृणमूल कांग्रेस के दो-तिहाई से अधिक सांसदों के दल-बदल कर नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआइ) में विलय कर लेने के बावजूद दल-बदल की वैधता पर बहस अगर जारी है, तो इसी से इस मामले की गंभीरता समझी जा सकती है. चुनावी नतीजा घोषित होने के बाद दल बदलने वाले तृणमूल कांग्रेस के विधायक और सांसद दल-बदल विरोधी कानून के तहत अयोग्य घोषित होंगे या नहीं, इस पर सवाल उठ रहे हैं. प्रश्न यह भी उठ रहा है कि पार्टी में विभाजन आखिर किसे माना जाये. क्या यह केवल निर्वाचित विधायकों और सांसदों से ही संबंधित है या फिर पार्टी संगठन में विभाजन को भी इसमें शामिल किया जायेगा. ये दरअसल कानूनी प्रश्न हैं, जिनका उत्तर कानून की व्याख्या पर ही निर्भर करता है. लेकिन पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के बाद तेजी से घटी राजनीतिक घटनाएं निश्चित रूप से एक बड़े मुद्दे पर आत्ममंथन की मांग करती हैं. वह मुद्दा है जनादेश की पवित्रता का, मतदाताओं के वोट की पवित्रता का, और जिस उम्मीदवार को मतदाताओं ने चुना, वह चुनाव के बाद यदि विरोधी राजनीतिक दल में शामिल हो जाता है, तो क्या हो.

यह बिल्कुल सही है कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस से अलग होने वाले नव निर्वाचित विधायकों की संख्या दो-तिहाई से अधिक है, जो तकनीकी रूप से बिना अयोग्यता के पार्टी विभाजन के लिए आवश्यक है. पर इससे इतर चुनावी जनादेश की पवित्रता पर भी विचार करने की आवश्यकता है. बड़ा प्रश्न यह है कि चुनावी नतीजे के बाद नेताओं का मूल पार्टी छोड़कर दूसरी पार्टी के साथ चले जाने से क्या उन मतदाताओं के साथ धोखा नहीं हो रहा, जिनमें से बड़ी संख्या में लोगों ने पार्टी के आधार पर ही चुनाव में वोट दिया था? अपने देश में बड़ी संख्या में मतदाता चुनावों में उम्मीदवारों को नहीं, बल्कि राजनीतिक पार्टियों को वोट देते हैं. उनके लिए उम्मीदवारों की तुलना में राजनीतिक पार्टियों का महत्व अधिक है. पश्चिम बंगाल में चुनावी नतीजे के बाद जिन विधायकों ने दल-बदल किया, वे दरअसल कुछ ही दिन पहले तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में चुनाव जीतकर आये थे. इस वर्ष हुए पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस को बड़ा झटका लगा, जहां उसे केवल 80 सीटें मिलीं और 40.1 प्रतिशत वोट मिले. जबकि भाजपा ने 207 सीटें जीतीं और उसने 45.8 प्रतिशत वोट हासिल किये.

इसमें कोई संदेह नहीं कि विधायकों और सांसदों के दल-बदल की स्थिति पहले के दौर की तुलना में बेहतर हुई है, जब कोई कानून नहीं था और जनप्रतिनिधि बिना सोचे-समझे रातों-रात पार्टी बदल लेते थे. लेकिन सच बात तो यह है कि अब भी स्पष्ट नहीं है कि पार्टी में विभाजन किसे कहा जाये. इसलिए इस पर स्पष्ट परिभाषा की आवश्यकता है. इस अस्पष्टता को इसलिए भी दूर किया जाना चाहिए, क्योंकि हाल के वर्षों में दल-बदल से जुड़े अधिकांश प्रश्न इसी कारण विवादित रहे हैं कि पार्टी में विभाजन आखिर किसे माना जाये. हर बार जब दल-बदल होता है, तब यह सवाल उठता है कि क्या अलग समूह बना लेना पर्याप्त है या फिर कानून के तहत उस समूह का किसी अन्य राजनीतिक पार्टी में विलय अनिवार्य है. तृणमूल कांग्रेस के जिन विधायकों ने दल-बदल किया, उन्होंने एक अलग समूह बनाया है और किसी अन्य राजनीतिक पार्टी में अपना विलय नहीं किया है. जबकि तृणमूल के लोकसभा सांसदों ने अयोग्यता से बचने के लिए एनसीपीआइ, यानी नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया में अपना विलय कर लिया. सवाल यह है कि क्या वर्तमान कानून के तहत दोनों स्थितियां वैध हैं. इस मुद्दे पर स्पष्टता अत्यंत आवश्यक है कि किसी अन्य राजनीतिक पार्टी में विलय करना अनिवार्य होना चाहिए या फिर अलग समूह के रूप में बने रहना भी स्वीकार्य हो सकता है. वास्तविकता यह है कि ऐसे मामलों में स्पीकर द्वारा निर्णय लेने में कोई एकरूपता नहीं रही है कि दल-बदल वैध है या नहीं. कुछ मामलों में निर्णय जल्दी लिया जाता है, जबकि कुछ मामलों में स्पीकर द्वारा फैसला लेने में काफी समय लग जाता है. इस असमानता को देखते हुए स्पीकर द्वारा दल-बदल से जुड़े मामलों पर निर्णय लेने के लिए कानून में एक निश्चित समय सीमा तय करने पर विचार करना उचित होगा. दल-बदल के मामले में अयोग्यता से बचने के लिए दो-तिहाई सदस्यों की आवश्यकता एक उचित शर्त प्रतीत होती है. हालांकि, छोटे राजनीतिक दलों में जहां विधायकों और सांसदों की संख्या कम होती है, वहां यह शर्त अप्रासंगिक हो जाती है. लेकिन बड़ा प्रश्न यह है कि एक राजनीतिक पार्टी से चुने जाने के बाद दूसरी राजनीतिक पार्टी में चले जाने की स्थिति में व्यक्तिगत मतदाता के वोट की पवित्रता का क्या होगा. ऐसे कई उदाहरण मिलते हैं, जब जनप्रतिनिधियों ने उस राजनीतिक पार्टी में शामिल होकर दल-बदल किया, जिसके खिलाफ उन्होंने चुनाव लड़ा था. इससे यह प्रश्न उठता है कि क्या दल-बदल करने वाले जनप्रतिनिधि वास्तव में जनता की इच्छा का प्रतिनिधित्व करते हैं. यह स्थिति तब और भी गंभीर हो जाती है, जब हम यह पाते हैं कि चुनाव जीतने के कुछ ही दिनों में या कुछ सप्ताहों के भीतर ही दल-बदल हो जाता है, जैसा कि पश्चिम बंगाल में हाल की घटनाओं में देखा गया.

दल-बदल विरोधी कानून को बने 41 वर्ष हो चुके हैं. वर्ष 2003 में इसमें एक संशोधन किया गया था, जब एक-तिहाई की शर्त को हटाकर दो-तिहाई कर दिया गया था. मेरा मानना है कि इस कानून को और प्रभावी बनाने के लिए किन बदलावों की आवश्यकता है, इस पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए. यह भी सोचा जा सकता है कि क्या इस कानून में ऐसा कोई प्रावधान होना चाहिए कि जैसे ही कोई निर्वाचित प्रतिनिधि दल बदले, तो उसकी सदस्यता तत्काल समाप्त हो जाये और उस सीट पर उपचुनाव अनिवार्य हो. इससे नेताओं में व्यक्तिगत लाभ या हित के लिए दल-बदल करने की प्रवृत्ति पर अंकुश लग सकता है. निश्चित रूप से यह आसान निर्णय नहीं होगा, लेकिन इस पर विचार तो किया ही जा सकता है.

(ये लेखक के निजी विचार हैं.)

इपीएफओ की नयी योजना में सामाजिक सुरक्षा व डिजिटलीकरण

केंद्र सरकार ने सामाजिक सुरक्षा संहिता के तहत इपीएफओ, यानी कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की 1952 की योजना की जगह जो नयी योजना लागू की है, उसका उद्देश्य इसके करोड़ों सदस्यों के लिए पैसे की निकासी को आसान बनाने के साथ बुढ़ापे को सुरक्षित रखना भी है. नयी व्यवस्था के तहत पीएफ में जमा पैसों की निकासी के लिए पहले से तय 13 श्रेणियों को घटाकर अब तीन श्रेणी कर दी गयी है. ये हैं-बीमारी, शिक्षा तथा विवाह जैसी आवश्यक जरूरतें, घर की खरीद, निर्माण या आवास संबंधित अन्य खर्च, तथा विशेष परिस्थितियां, जिसमें पहले की तमाम श्रेणियों में शामिल अन्य आपात स्थितियां हैं. यानी धनराशि निकासी के नियम पहले की तुलना में आसान किये गये हैं. एक बड़ा बदलाव यह है कि नयी व्यवस्था में आंशिक निकासी के तहत कर्मचारी अपने खाते की कुल राशि का 75 फीसदी ही निकाल सकेंगे. यानी किसी भी सदस्य को निकासी से पहले अपने खाते में कम से कम 25 प्रतिशत राशि बनाये रखना आवश्यक होगा. इसका उद्देश्य रिटायरमेंट फंड का एक हिस्सा सुरक्षित रखना है. नयी व्यवस्था में केवल एक साल की सेवा पूरी होने के बाद भी आंशिक निकासी की सुविधा मिलेगी. इसी तरह, हर नियोक्ता को स्कीम लागू होने के पंद्रह दिनों के अंदर फॉर्म-5 में कंसोलिडेटेड रिटर्न डिटेल पेश करनी होगी, जिसमें सभी कर्मचारियों का डाटा होगा. नयी योजना में अनिवार्य इपीएफ योगदान वेतन का 12 प्रतिशत ही बना रहेगा. जाहिर है, इन बदलावों का कर्मचारियों को मिल रहे वेतन या उनके मासिक योगदान पर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला. नयी इपीएफ योजना में डिजिटल सेवाओं पर भी अधिक जोर दिया गया है. इसमें इलेक्ट्रॉनिक फाइलिंग, ऑनलाइन पीएफ क्लेम सेटलमेंट, इ-पासबुक और यूएएन एकीकरण को प्रोत्साहित किया गया है. नयी व्यवस्था में पीएफ की राशि जहां यूपीआइ के माध्यम से बैंक खाते में प्राप्त की जा सकेगी, वहीं आनेवाले दिनों में व्हाट्सएप के जरिये भी सदस्य अपना पीएफ बैलेंस देख सकेंगे. नयी योजना का उद्देश्य इपीएफ सेवाओं को त्वरित व ज्यादा पारदर्शी बनाना तथा कर्मचारियों को अधिक कागजी कवायदों से मुक्ति दिलाना, डिजिटल अनुपालन को मजबूत करना, प्रशासनिक दक्षता में सुधार करना, खातों के स्थानांतरण को आसान बनाना और भविष्य निधि ढांचे को नये श्रम कानून के अनुरूप बनाना है.

इपीएफओ ने जो नये बदलाव किये हैं, वे इसके सदस्यों के हित में तो हैं ही, इसमें डिजिटल सेवाओं पर भी अधिक जोर दिया गया है. नयी योजना का उद्देश्य इपीएफ सेवाओं को त्वरित व ज्यादा पारदर्शी बनाना है.

उपभोक्ताओं को 'स्मार्ट लेबल रीडर' बनना होगा

अभिनव गुप्ता
(37 Years)
सहायक प्राध्यापक
राष्ट्रीय विधि अध्ययन एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय, रांची
abhinav.gupta@nusrlranchi.ac.in

40 under 40

नियामकों और कानूनों की अपनी सीमाएं होती हैं, अंतिम सुरक्षा उपभोक्ता की स्वयं की जागरूकता से ही आती है. खाद्य कंपनियों को भी यह समझ लेना चाहिए कि विज्ञापन का अधिकार कभी भी भ्रामक प्रचार का अधिकार नहीं हो सकता है.

सुपरमार्केट के चमचमाते रैकों में सजे उत्पादों के पैकेट पर जब कोई उपभोक्ता बड़े और सुनहरे अक्षरों में 'सौ प्रतिशत', 'सौ प्रतिशत आटा' या 'सौ प्रतिशत प्राकृतिक नारियल पानी' लिखा देखता है, तो वह पूरे भरोसे के साथ उसे अपनी टोकरी में डाल लेता है. पर क्या वह 'सौ प्रतिशत' सचमुच शत-प्रतिशत सच होता है? केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) द्वारा हाल ही में दो बड़े ब्रांडों-स्टोरिया फूड्स और मिसेज बेक्टर्स (इंग्लिश ओवन ब्रेड)-पर लगाया गया जुर्माना इसी भ्रामक विपणन के काले सच को उजागर करता है. नियामक की इस कार्रवाई ने यह स्पष्ट कर दिया है कि विज्ञापनों की आड़ में उपभोक्ताओं की सेहत और भरोसे के साथ खिलवाड़ अब बर्दाश्त नहीं किया जायेगा.

इस पूरे मामले का विधिक और व्यावहारिक पहलू अत्यंत गंभीर है. मिसेज बेक्टर्स ने अपनी ब्रेड को 'सौ प्रतिशत आटा ब्रेड' और 'जीरो मैदा' के रूप में प्रचारित किया, जबकि जांच में सामने आया कि उसमें केवल 87 प्रतिशत ही चोकरयुक्त गेहूं का आटा था. वहीं स्टोरिया फूड्स ने 'सौ प्रतिशत ताजा नारियल पानी' और 'सौ प्रतिशत जूस' का दावा किया, जबकि सच्चाई यह थी कि वह प्राकृतिक रूप से सीधे फल से निकला रस नहीं था, बल्कि पानी और गाढ़े कंसंट्रेट को मिलाकर दोबारा तैयार किया गया (रिकॉन्स्टिट्यूटेड) पेय था. इतना ही नहीं, उसमें प्रिजरवेटिव (आइएनएस 202) भी मिलाया गया था. कंपनियों का तर्क था कि उन्होंने पैकेट के पीछे 'सामग्री सूची' (न्यूट्रिशन लेबल) में बारीक अक्षरों में 'रिकॉन्स्टिट्यूटेड' या वास्तविक प्रतिशत की बात लिख दी थी. इस तरह वे खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआइ) के विनिर्माण नियमों का पालन कर रहे थे. लेकिन सीसीपीए ने इस दलील को सिरे से खारिज कर दिया. भारत में लंबे समय तक बाजार का नियम 'कावियात एंप्टर', यानी 'खरीदार सावधान रहे' के सिद्धांत पर चलता रहा. यानी, यदि आप ठगे गये हैं, तो गलती आपकी है कि आपने जांच-परख नहीं की. लेकिन उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के आने और सीसीपीए के गठन के बाद यह धारणा अब 'कावियात वेंडिटर', यानी 'विक्रेता सावधान रहे' में बदल चुकी है. अब यह पूरी तरह निर्माता और विक्रेता की जिम्मेदारी है कि वे जो दावा कर रहे हैं, वे पूरी तरह सत्य, प्रामाणिक और जांचने योग्य हों.

'सौ प्रतिशत' एक पूर्ण और निरपेक्ष संख्या है. गणित और भाषा में इसमें किसी प्रकार के हेरफेर या 'लगभग' की गुंजाइश नहीं होती. यदि कोई उत्पाद सौ प्रतिशत शुद्ध होने का दावा करता है, तो वह 99.9 प्रतिशत भी नहीं हो सकता. विपणन की भाषा में इसे 'अतिशयोक्ति' कहकर खारिज नहीं किया जा सकता, क्योंकि यह सीधे तौर पर उपभोक्ता के 'सही जानकारी पाने के अधिकार' का उल्लंघन है. इसका सीधा संबंध जनस्वास्थ्य से है. भारत इस समय मधुमेह और मोटापे की दोहरी महामारी से जूझ रहा है. देश में दस करोड़ से अधिक लोग मधुमेह से पीड़ित हैं और एक बड़ी जनसंख्या प्री-डायबिटिक चरण में है. ऐसे में, स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नागरिक पैकेट बंद उत्पादों पर लिखे 'हेल्दी', 'नेचुरल' या 'नो एडेड शुगर' जैसे दावों को देखकर उन्हें खरीदते हैं. पोषण विशेषज्ञ इसे 'हेल्थ हेलो' कहते हैं. यानी किसी उत्पाद के चारों ओर सेहतमंद होने का एक झूठा आभामंडल तैयार कर देना. इस तरह की भ्रामक लेबलिंग सीधे तौर पर बीमारियों को न्योता दे रही हैं. यद्यपि एफएसएसएआइ ने भी पूर्व में एक एडवाइजरी जारी कर खाद्य ब्रांडों को 'सौ प्रतिशत' शब्द का गैर-जिम्मेदाराना इस्तेमाल बंद करने की चेतावनी दी थी, लेकिन सीसीपीए द्वारा लगाया गया जुर्माना इस बात का प्रमाण है कि उपभोक्ता संरक्षण कानून के तहत अब सख्त दंडात्मक कार्रवाई की शुरुआत हो चुकी है.

हालांकि, मौजूदा मामलों में लगाया गया एक-एक लाख रुपये का जुर्माना इन बहुराष्ट्रीय और बड़े कॉरपोरेट घरानों के टर्नओवर को देखते हुए बहुत मामूली लग सकता है, लेकिन इसका प्रतीकात्मक महत्व बहुत बड़ा है. इसने उद्योग जगत को स्पष्ट संदेश दिया है कि उनकी ब्रांड वैल्यू और प्रतिष्ठा अब दांव पर है. भविष्य में इस नकेल को और कसने की जरूरत है. भ्रामक विज्ञापन और भ्रामक पैकेजिंग के मामलों में जुर्माने की राशि को कंपनियों के टर्नओवर से जोड़ा जाना चाहिए. साथ ही, बार-बार उल्लंघन करने वाली कंपनियों के उत्पाद के निर्माण और बिक्री पर अस्थायी प्रतिबंध लगाने जैसे कड़े प्रावधानों को जमीन पर उतारना होगा. नियामकों और कानूनों की अपनी सीमाएं होती हैं, अंतिम सुरक्षा उपभोक्ता की स्वयं की जागरूकता से ही आती है. इस डिजिटल युग में उपभोक्ताओं को 'स्मार्ट लेबल रीडर' बनना होगा. सीसीपीए का यह निर्णय स्वागत योग्य है और यह उम्मीद जगाता है कि आने वाले समय में भारतीय बाजारों में पारदर्शिता बढ़ेगी. खाद्य कंपनियों को अब यह समझ लेना चाहिए कि उपभोक्ता को लुभाने के लिए 'सौ प्रतिशत शुद्धता' का नारा देना जितना आसान है, उसे साबित करना उतना ही अनिवार्य है. विज्ञापन का अधिकार कभी भी भ्रामक प्रचार का अधिकार नहीं हो सकता. स्वस्थ भारत का निर्माण तभी संभव है जब हमारी थाली में परोसा जाने वाला भोजन विज्ञापनों में नहीं, बल्कि वास्तव में सौ प्रतिशत सच्चा और सेहतमंद हो.

(ये लेखक के निजी विचार हैं.)

देश दुनिया

व्यावहारिक नहीं है लेबनान-इस्राइल के बीच हुआ शांति समझौता

महीनों की लड़ाई, दबाव और कूटनीतिक चालों के बाद, आखिरकार लेबनान ने इस्राइल के साथ शांति समझौते की रूपरेखा पर सहमति जता दी है. हालांकि, हिज्बुल्ला और उसके सहयोगियों समेत लेबनान के कई राजनीतिक नेताओं ने इसकी निंदा की है. इस दस्तावेज में अनेक समस्याएं हैं. यह अव्यावहारिक है, राजनीतिक रूप से विस्फोटक है और संवैधानिक रूप से संदिग्ध है. पर संभवतः इसका सबसे बुरा पहलू यह है कि यह एक नये युद्ध का रास्ता तैयार करता है और इसके लिए लेबनान को दोषी ठहराया जा सकता है. इस्राइल लंबे समय से अस्पष्ट शब्दों वाली अंतरिम व्यवस्थाओं, घोषणाओं और टाल दिये गये मुद्दों के महत्व को समझता रहा है. ओस्लो समझौते में 'भविष्य की बातचीत के लिए सामान्य दिशा-निर्देश' तय किये गये थे. सीमाओं, बस्तियों, यरुशलम, शरणार्थियों, सुरक्षा और संप्रभुता जैसे मुद्दों को बाद के लिए छोड़ दिया गया था, और वह बाद का समय कभी नहीं आया. यह अंतरिम ढांचा एक ऐसी वास्तविकता में परिवर्तित हो गया जिसमें इस्राइल ने कार्रवाई की स्वतंत्रता बरकरार रखी, नस्लभेद, कब्जा, तथा अंतहीन भूमि हथियाने का विस्तार किया और फिलिस्तीनियों को उन शर्तों को पूरा करने में विफल रहने का दोषी ठहराया, जिन पर उनका कभी पूरी तरह से नियंत्रण नहीं हो सकता था. पर लेबनान फिलिस्तीन नहीं है, न तो इसके दस्तावेज और हालात ही एक जैसे हैं. लेकिन कूटनीतिक तर्क इतना मिलता-जुलता है कि चिंता पैदा करता है. लेबनान ने अब जो रूपरेखा स्वीकार की है, उसे उसी रूप में लागू करना मुश्किल, या शायद असंभव होगा, क्योंकि लेबनान की सरकार केवल एक आदेश से हिज्बुल्ला को हटा नहीं सकती. न ही लेबनान की सेना- जो कम फंड, अधिक बोझ और राजनीतिक दबावों से जूझ रही है तथा बाहरी सैन्य मदद पर निर्भर है- अचानक से संप्रभु निवारक बल बन सकती है. वास्तव में, लेबनान को ठीक उसी जगह एक संप्रभु राष्ट्र की तरह काम करने के लिए कहा जा रहा है, जहां उसकी संप्रभु क्षमताएं सबसे कमजोर हैं.

ALJAZEERA

-सामी हलाबी

बोधि वृक्ष

सही आहार का महत्व

कहा गया है कि 'जैसा आहार, वैसा विचार.' अमूमन लोग मानते हैं कि आहार केवल मुख से ही ग्रहण किया जाता है, पर वास्तव में ऐसा नहीं है. केवल मुख से लिया जाने वाला आहार ही नहीं, किसी भी कर्मेंद्रिय से हम जो कुछ भी ग्रहण करते हैं, वह हमारी आत्मा के लिए एक प्रकार से आहार ही है. हमारी आंखें, जो हमारी आत्मा का दर्पण मानी जाती हैं, यदि बार-बार गलत चीजें देखती हैं, तो धीरे-धीरे हमारी नैतिकता और सोच पर गहरा असर डालती हैं. यही हाल कानों का है. हर दिन हम सैकड़ों गाने सुनते हैं, पर यदि वे गाने भावनात्मक रूप से उत्तेजक या नकारात्मक हैं, तो वे हमारे भीतर नकारात्मक ऊर्जा भर सकते हैं. इसी तरह, जब हम गलत संगति में बैठकर गलत बातें सुनते हैं, तो वे भी हमारी मानसिकता को दूषित कर देती हैं. जब हम अपने पेट में कंकड़-पत्थर-घास नहीं डालते, तो फिर बुद्धि में कचरा क्यों डालते हैं? जैसे हम स्वस्थ भोजन के लिए ऑर्गेनिक और पौष्टिक आहार का चयन करते हैं, उसी तरह हमें मानसिक और आत्मिक आहार के लिए सही सामग्री का चयन करना चाहिए. अच्छी किताबें पढ़ें, प्रेरणादायी संगीत सुनें, और सकारात्मक सोच वाले लोगों के साथ समय बिताएं. अपने जीवन में यह बदलाव लाने से हमारी सोच शुद्ध होगी और आत्मा शांत. व्यर्थ के संकल्प हमारी आत्मा के लिए कचरा हैं. अतः, उनसे मुक्त होना अति आवश्यक है. व्यर्थ संकल्पों का तूफान अनेक प्रकार का नुकसान करता है. परमात्मा ने हमें जो बुद्धि प्रदान की है, हमें उसका सही इस्तेमाल कर यह जांचना चाहिए कि कहीं हमारे भीतर कुछ गलत तो नहीं चल रहा है? ध्यान रहे, पेट में डाले गये तामसिक भोजन से भी अधिक हानि पहुंचाता है व्यर्थ विचार रूपी सूक्ष्म कचरा. अतः, योग रूपी अग्नि से इसे भस्मीभूत कर अपने अंतःकरण को प्रकाशित और शुद्ध करें, जिससे आपका जीवन स्वस्थ और सुखी बने. योग ही हमें विचारों के इस कचरे से मुक्त कर सकता है. ध्यान, प्रार्थना और आत्म विश्लेषण के माध्यम से हम अपनी आत्मा को मजबूत और शुद्ध बना सकते हैं.

-ब्रह्माकुमार निकुंज जी

कुछ अलग

गृहिणियों के श्रम का मूल्यांकन

डॉ कविता विकास
लेखिका
kavitavikas28@gmail.com

अपनी उपस्थिति मात्र से मकान को घर बना देने वाली गृहिणियों के श्रम का आज मूल्यांकन किया जा रहा है. हर काम को पगार से नवाजने की प्रथा में आज तक गौण हुआ गृहिणियों का श्रम भी अब ध्यान खींच रहा है. सभ्यता की शुरुआत से ही श्रम विभाजन की प्रथा चली आ रही है. समय के साथ स्त्रियों का बाहर निकलना और नौकरी करना भी इसमें शामिल हो गया.

इन्हीं परिवर्तनों के बीच सर्वोच्च न्यायालय का यह निर्णय भी आ गया कि घर की देखरेख करने वाली गृहिणियां केवल घर ही नहीं, राष्ट्र की भी निर्माता होती हैं. उनके कार्य का न्यूनतम अनुमानित मूल्य तीस हजार रुपये प्रतिमाह निर्धारित करते हुए न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि घरेलू काम को केवल भावनात्मक या नैतिक जिम्मेदारी के रूप में नहीं देखना चाहिए. ये वे कार्य हैं, जिन पर परिवार टिका रहता है. दलील यह भी दी जा रही है कि यदि बच्चे पालने, खाना बनाने, घर की सफाई करने या गृहिणियों के अन्य कामों के लिए बाहर से मेड या हेल्पर रखे जाने पर उन्हें वेतन दिया जाता है, तो फिर महिलाओं को घर के भीतर उनकी सेवाओं के बदले कुछ क्यों न दिया जाये. उनके काम को उत्पादकता की श्रेणी में नहीं रखा जाता है, जबकि ये महिलाएं सुबह से लेकर शाम तक घर की देखरेख में बिता देती हैं, जो पुरुषों की तुलना में कहीं अधिक है. शीर्ष अदालत का यह कहना, कि महिलाओं के घरेलू कार्यों का जीडीपी में 17 प्रतिशत हिस्सा होता है, महत्वपूर्ण है. पर जिस ममता और करुणा से गृहिणियां अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए अपनी संतान को तैयार करती हैं, क्या उन्हें पैसों से आंका जा सकता है?

आज यदि घर की देखभाल के लिए बोली लगायी जाये, तो स्वयं स्त्रियां भी अपने कार्यों का मोल नहीं लगा पायेंगी. अपने काम के प्रति निष्ठा उन्हें स्वयं के प्रति लापरवाह बना देती है. इसलिए देश में महिला स्वास्थ्य हमेशा ही सबसे कमजोर स्थिति में रहा है और बीमारियों से होने वाली महिला मृत्यु दर भी ऊंची रही है. अपना जीवन परिवार के लिए लगा देने वाली महिलाओं का श्रम आर्थिक विमर्श का केंद्र कभी नहीं बना. ऐसे में सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय नयी सोच को जन्म दे रहा है. उन्हें सम्मान दिलाने की दिशा में यह स्वागत योग्य कदम है. पर यह प्रशंसनीय तब माना जायेगा, जब मुआवजे से आगे निकलकर शीर्ष अदालत गृहिणियों के सम्मान के प्रति पुरुषों को संवेदनशील बनाने के लिए भी कोई कदम उठायेगी. घर की बुनियाद को सुदृढ़ करने वाली महिलाओं को इसके लिए उचित प्यार, पहचान और सम्मान दिया जाये, तो ये उनके लिए मुआवजे से अधिक बड़े कदम होंगे.

आपके पत्र

बदलते समाज में विवाह की प्रासंगिकता

भारतीय समाज में विवाह केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो परिवारों और सामाजिक मूल्यों का मिलन है. किंतु बदलते समय, बढ़ती स्वतंत्रता, आधुनिक जीवनशैली और लिव-इन रिलेशनशिप ने इसके पारंपरिक स्वरूप को बदला है. आज अरेंज और प्रेम विवाह दोनों में वैवाहिक असफलताएं तथा तलाक के मामले बढ़ रहे हैं. इन चुनौतियों के बीच महिलाएं और पुरुष दोनों ही विभिन्न स्तरों पर प्रभावित हो रहे हैं. ऐसे में विवाह की स्थायी प्रासंगिकता और सफलता आपसी सम्मान, अटूट विश्वास, निरंतर संवाद तथा समान जिम्मेदारी निभाने पर ही निर्भर करती है.

प्रभात कुमार भारती, मधुबनी

शिक्षक प्रशिक्षण केंद्रों में हो उचित व्यवस्था

शिक्षकों को समय-समय पर प्रशिक्षण मिलना जरूरी है, लेकिन आवासीय प्रशिक्षण के दौरान ठहरने और भोजन की उत्तम व्यवस्था होनी चाहिए. पिछले प्रशिक्षण में कक्षा का अनुभव और प्रशिक्षक बहुत अच्छे थे, लेकिन टी-ब्रेक में चाय और भोजन की गुणवत्ता ठीक नहीं थी. हाथ धोने के लिए बेसिन और हॉस्टल के कमरों में साफ-सफाई की कमी थी, हालांकि बाथरूम में टाइल्स की व्यवस्था अच्छी थी. उम्मीद है कि अगली बार रहने-खाने की उचित व्यवस्था मिलेगी, ताकि शिक्षक ऊर्जावान रहकर प्रशिक्षकों से बेहतर ज्ञान प्राप्त कर सकें.

सुमित कुमार, इमेल से

पोस्ट करें : प्रभात खबर, प्लॉट संख्या डी-9-10, पाटलिपुत्र इंडस्ट्रियल एरिया, पटना (बिहार) - 800013 ▪ मेल करें : patna @prabhatkhabar.in पर ▪ ई-मेल संक्षिप्त व हिंदी में हो. लिपि रोमन भी हो सकती है.

भोजपुरी रचना

लऊके नाहीं इनार, का गईनी परदेश भुलाईल, आपन गांव जवार...

01
माई के सब प्यार भुलाईल
भाई के सत्कार भुलाईल
कतनो बाबा डंटले बोलले
खून ना भईल सवार
भुलाईल आपन...

02
भूसा वाला खोंप भुलाईल
रांहट ढेंकुल दोन भुलाईल
गांज पेठाढ़ी वाला बिसरल
डोली अऊर कंहार
भुलाईल आपन...

03
हर जुआठ दोआली पैना
कोल्हु अब त इयाद परे ना
हेंगी बरही खुरपी हंसुआ
हरीश ना हर के फार
भुलाईल आपन...

04
खोंसी पाठी पाड़ा पाड़ी
भंईस गाय ना नाद पे दाढ़ी
बाछा बाछी सपना भईले
लऊके नाहीं इनार
भुलाईल आपन...

05
फेंसा लयनु जरल खखोरी
दूध घीव ना बिसरे मोरी
ढेलगर दही बकेन भंईस के
ना अब लिखल लिलार
भुलाईल आपन...

06
चोंथा बेरहिन मकई रोटी
साग वाग के साथ सहोटी
धूकल सिरफल कोन बा सपना
गुदिला पर बा मार
भुलाईल आपन...

07
ओखर मूसर जांत कुदारी
सिपुली मऊनी कहां निहारीं
भोर परल महुआ के लाटा
बड़हर आम अंचार
भुलाईल आपन...

08
सरसो बथुआ बूंट खेसारी
साग बनावस राम दुलारी
भात बने नयका चाऊर के
खाईं सोच बिचार
भुलाईल आपन...

09
गुल्ली डंडा दोल्हापाती
सतगोटिया में सभे संघाती
गोली चिक्का बांड़ी छूटल
क्रिकेट के भईल बहार
भुलाईल आपन...

10
कवने जतरा अइनी बहरा
छूट गईल सब अंगना दुअरा
अंग्रेजी भोजन सब इहवां
बेधे हिया हमार
भुलाईल आपन...

-डॉ सुनील कुमार उपाध्याय, प्रोफेसर कॉलोनी, पटना

ग़ज़ल

01

बरसती बूंद है रिमझिम हसीं बरसात का मौसम,
महक उठती है, जब आये ज़मीं बरसात का मौसम

रहे ताउम्र हम प्यासे उस इक मोती की हसरत में,
कहीं बूंदों की ख़्वाहिश है, कहीं बरसात का मौसम

विसाले-यार की ख़्वाहिश में बरसी हैं मेरी आंखें,
बरसती आग है कुछ भी नहीं, बरसात का मौसम.

क़यामत से क़यामत तक रहें आगोश में हम तुम,
लो सजदे में खड़ा है फिर यहीं बरसात का मौसम.

चलो बादल को कहते हैं कि छत पर आज वह बरसे,
जहां हम तुम मिलें, हो फिर वहीं बरसात का मौसम.

आराधना प्रसाद
गजलकार

02

किसको उल्फत सलाम है तेरा
छलका-छलका सा जाम है तेरा

ज़िन्दगी ऐ ज़रा बता दे मुझे
मौत क्या इन्तेक़ाम है तेरा

तूने जो अर्श से उतारा है
सबसे अफ़ज़ल कलाम है तेरा

तू नशे में ही चूर रहता है
रोज़ ही का ये काम है तेरा

अपनी आंखों से वार करता है
इतना शातिर ग़ुलाम है तेरा

यह मुसीबत में डाल देगा तुझे
लहजा जो बे लगाम है तेरा

प्यार तुझसे है बेशुमार मुझे
यह सफ़र ही तमाम है तेरा

महान कथाकार प्रेमचंद की अमर रचना 'कफन' के 90 साल पूरे हो चुके हैं. सन 1936 में लिखी गयी इस कहानी में समाज व परिवार की संवेदनाओं पर जिस तरह से कटाक्ष किया गया है, आज भी यह उतनी ही प्रासंगिक है.

कफन...

प्रेमचंद की कहानी

एक

झोंपड़े के द्वार पर बाप और बेटा दोनों एक बुझे हुए अलाव के सामने चुपचाप बैठे हुए थे और अंदर बेटे की जवान बीवी बुधिया प्रसव-वेदना में पछाड़ खा रही थी. रह-रहकर उसके मुंह से ऐसी दिल हिला देने वाली आवाज निकलती थी, कि दोनों कलेजा थाम लेते थे. जाड़ों की रात थी, प्रकृति सन्नाटे में डूबी हुई, सारा गांव अंधकार में लय हो गया था. घीसू ने कहा—"मालूम होता है, बचेगी नहीं. सारा दिन दौड़ते हो गया, जा देख तो आ."



माधव चिढ़कर बोला—"मरना ही है तो जल्दी मर क्यों नहीं जाती? देखकर क्या करूं?"

"तू बड़ा बेदर्द है बे! साल-भर जिसके साथ सुख-चैन से रहा, उसी के साथ इतनी बेवफाई!"

"तो मुझसे तो उसका तड़पना और हाथ-पांव पटकना नहीं देखा जाता."

चमारों का कुनबा था और सारे गांव में बदनाम. घीसू एक दिन काम करता तो तीन दिन आराम करता. माधव इतना कामचोर था कि आध घंटे काम करता तो घंटे भर चिलम पीता. इसलिए उन्हें कहीं मजदूरी नहीं मिलती थी. घर में मुठ्ठी-भर भी अनाज मौजूद हो, तो उनके लिए काम करने की कसम थी. जब दो-चार फाके हो जाते तो घीसू पेड़ पर चढ़कर लकड़ियां तोड़ लाता और माधव बाजार से बेच लाता और जब तक वह पैसे रहते, दोनों इधर-उधर मारे-मारे फिरते. गांव में काम की कमी न थी. किसानों का गांव था, मेहनती आदमी के लिए पचास काम थे. मगर इन दोनों को उसी वक्त बुलाते, जब दो आदमियों से एक का काम पाकर भी संतोष कर लेने के सिवा और कोई चारा न होता. अगर दोनों साधु होते, तो उन्हें संतोष और धैर्य के लिए, संयम और नियम की बिलकुल जरूरत न होती. यह तो इनकी प्रकृति थी. विचित्र जीवन था इनका! घर में मिट्टी के दो-चार बर्तन के सिवा कोई संपत्ति नहीं. फटे चीथड़ों से अपनी नग्नता को ढांके हुए जिए जाते थे. संसार की चिंताओं से मुक्त. कर्ज से लदे हुए. गालियां भी खाते, मार भी खाते, मगर कोई गम नहीं. दीन इतने कि वसूली की बिलकुल आशा न रहने पर भी लोग इन्हें कुछ-न-कुछ कर्ज दे देते थे. मटर, आलू की फसल में दूसरों के खेतों से मटर या आलू उखाड़ लाते और भून-भानकर खा लेते या दस-पांच ऊख उखाड़ लाते और रात को चूसते. घीसू ने इसी आकाश-वृत्ति से साठ साल की उम्र काट दी और माधव भी सपूत बेटे की तरह बाप ही के पद-चिह्नों पर चल रहा था, बल्कि उसका नाम और भी उजागर कर रहा था. इस वक्त भी दोनों अलाव के सामने बैठकर आलू भून रहे थे, जो कि किसी खेत से खोद लाए थे. घीसू की स्त्री का तो बहुत दिन हुए, देहांत हो गया था. माधव का ब्याह पिछले साल हुआ था. जब से यह औरत आई थी, उसने इस खानदान में व्यवस्था की नींव डाली थी और इन दोनों बे-गैरतों का दोजख भरती रहती थी. जब से वह आई, यह दोनों और भी आलसी और आरामतलब हो गए थे. बल्कि कुछ अकड़ने भी लगे थे. कोई कार्य करने को बुलाता, तो निर्व्याज भाव से दुगुनी मजदूरी मांगते. वही औरत आज प्रसव-वेदना से मर रही थी और यह दोनों इसी इंतजार में थे कि वह मर जाए, तो आराम से सोएं.

घीसू ने आलू निकालकर छीलते हुए कहा—"जाकर देख तो, क्या दशा है उसकी? चुड़ैल का फिसाद होगा, और क्या? यहां तो ओझा भी एक रुपया मांगता है!"

माधव को भय था, कि वह कोठरी में गया, तो घीसू आलुओं का बड़ा भाग साफ कर देगा. बोला— "मुझे वहां जाते डर लगता है."

"डर किस बात का है, मैं तो यहां हूं ही."

"तो तुम्हीं जाकर देखो न?"

"मेरी औरत जब मरी थी, तो मैं तीन दिन तक उसके पास से हिला तक नहीं था! और फिर मुझसे लजाएगी कि नहीं? जिसका कभी मुंह नहीं देखा, आज उसका उघड़ा हुआ बदन देखूं! उसे तन की सुध भी तो न होगी? मुझे देख लेगी तो खुलकर हाथ-पांव भी न पटक सकेगी!"

"मैं सोचता हूं कोई बाल-बच्चा हो गया तो क्या होगा? सोंठ, गुड़, तेल, कुछ भी तो नहीं है घर में!"

"सब कुछ आ जाएगा. भगवान दें तो! जो लोग अभी एक पैसा नहीं दे रहे हैं, वे ही कल बुलाकर रुपए देंगे. मेरे नौ लड़के हुए, घर में कभी कुछ न था, मगर भगवान ने किसी-न-किसी तरह बेड़ा पार ही लगाया."

जिस समाज में रात-दिन मेहनत करने वालों की हालत उनकी हालत से कुछ बहुत अच्छी न थी, और किसानों के मुकाबले में वे लोग, जो किसानों की दुर्बलताओं से लाभ उठाना जानते थे, कहीं ज्यादा संपन्न थे, वहां इस तरह की मनोवृत्ति का पैदा हो जाना कोई अचरज की बात न थी. हम तो कहेंगे, घीसू किसानों से कहीं ज्यादा विचारवान था और किसानों के विचार-शून्य समूह में शामिल होने के बदले बैठकबाजों की कुत्सित मंडली में जा मिला था. हां, उसमें यह शक्ति न थी, कि बैठकबाजों के नियम और नीति का पालन करता. इसलिए जहां उसकी मंडली के और लोग गांव के सरगना और मुखिया बने हुए थे, उस पर सारा गांव उंगली उठाता था. फिर भी उसे यह तसकीन तो थी ही कि अगर वह फटेहाल है तो कम-से-कम उसे किसानों की-सी जी-तोड़ मेहनत तो नहीं करनी पड़ती, और उसकी सरलता और निरीहता से दूसरे लोग बेजा फायदा तो नहीं उठाते.

दोनों आलू निकाल-निकालकर जलते-जलते खाने लगे. कल से कुछ नहीं खाया था. इतना सब्र न था कि ठंडा हो जाने दें. कई बार दोनों की जबानें जल गईं. छिल जाने पर आलू का बाहरी हिस्सा जबान, हलक और तालू को जला देता था और उस अंगारे को मुंह में रखने से ज्यादा खैरियत इसी में थी कि वह अंदर पहुंच जाए. वहां उसे ठंडा करने के लिए काफी सामान थे. इसलिए दोनों जल्द-जल्द निगल जाते. हालांकि इस कोशिश में उनकी आंखों से आंसू निकल आते.

घीसू को उस वक्त ठाकुर की बरात याद आई, जिसमें बीस साल पहले वह गया था. उस दावत में उसे जो तृप्ति मिली थी, वह उसके जीवन में एक याद रखने लायक बात थी, और आज भी उसकी याद ताजा थी, बोला—"वह भोज नहीं भूलता. तब से फिर उस तरह का खाना और भरपेट नहीं मिला. लड़की वालों ने सबको भर पेट पूरियां खिलाई थीं, सबको! छोटे-बड़े सबने पूरियां खाईं और असली घी की! चटनी, रायता, तीन तरह के सूखे साग, एक रसेदार तरकारी, दही, चटनी, मिठाई, अब क्या बताऊं कि उस भोज में क्या स्वाद मिला. कोई रोक-टोक नहीं थी, जो चीज चाहो, मांगो, जितना चाहो खाओ. लोगों ने ऐसा खाया, ऐसा खाया, कि किसी से पानी न पिया गया. मगर परोसने वाले हैं कि पत्तल में गर्म-गर्म, गोल-गोल सुवासित कचौरियां डाल देते हैं. मना करते हैं कि नहीं चाहिए, पत्तल पर हाथ रोके हुए हैं, मगर वह हैं कि दिए जाते हैं. और जब सबने मुंह धो लिया, तो पान-इलायची भी मिली. मगर मुझे पान लेने की कहां सुध थी? खड़ा हुआ न जाता था. चटपट जाकर अपने कंबल पर लेट गया. ऐसा दिल-दरियाव था वह ठाकुर!"

माधव ने इन पदार्थों का मन-ही-मन मजा लेते हुए कहा—"अब हमें कोई ऐसा भोज नहीं खिलाता."

"अब कोई क्या खिलाएगा? वह जमाना दूसरा था. अब तो सबको किफायत सूझती है. शादी-ब्याह में मत खर्च करो, क्रिया-कर्म में मत खर्च करो. पूछो, गरीबों का माल बटोर-बटोरकर कहां रखोगे? बटोरने में तो कमी नहीं है. हां, खर्च में किफायत सूझती है!"

"तुमने एक बीस पूरियां खाई होंगी?"

"बीस से ज्यादा खाई थीं!"

"मैं पचास खा जाता!"

"पचास से कम मैंने न खाई होंगी. अच्छा पका था. तू तो मेरा आधा भी नहीं है."

आलू खाकर दोनों ने पानी पिया और वहीं अलाव के सामने अपनी धोतियां ओढ़कर पांव पेट में डाले सो रहे. जैसे दो बड़े-बड़े अजगर गेंडुलियां मारे पड़े हों. और बुधिया अभी तक कराह रही थी.

दो

सवेरे माधव ने कोठरी में जाकर देखा, तो उसकी स्त्री ठंडी हो गई थी. उसके मुंह पर मक्खियां भिनक रही थीं. पथराई हुई आंखें ऊपर टंगी हुई थीं. सारी देह धूल से लथपथ हो रही थी. उसके पेट में बच्चा मर गया था. माधव भागा हुआ घीसू के पास आया. फिर दोनों जोर-जोर से हाय-हाय करने और छाती पीटने लगे. पड़ोस वालों ने यह रोना-धोना सुना, तो दौड़े हुए आए और पुरानी मर्यादा के अनुसार इन अभागों को समझाने लगे.

मगर ज्यादा रोने-पीटने का अवसर न था. कफन की और लकड़ी की फिक्र करनी थी. घर में तो पैसा इस तरह गायब था, जैसे चील के घोंसले में मांस?

बाप-बेटे रोते हुए गांव के जमींदार के पास गए. वह इन दोनों की सूरत से नफरत करते थे. कई बार इन्हें अपने हाथों से पीट चुके थे. चोरी करने के लिए, वादे पर काम पर न आने के लिए. पूछा—"क्या है बे घिसुआ, रोता क्यों है? अब तो तू कहीं दिखाई भी नहीं देता! मालूम होता है, इस गांव में रहना नहीं चाहता."

घीसू ने जमीन पर सिर रखकर आंखों में आंसू भरे हुए कहा—"सरकार! बड़ी विपत्ति में हूं. माधव की घरवाली रात को गुजर गई. रात-भर तड़पती रही सरकार! हम दोनों उसके सिरहाने बैठे रहे. दवा-दारू जो कुछ हो सका, सब कुछ किया, मुदा वह हमें दगा दे गई. अब कोई एक रोटी देने वाला भी न रहा मालिक! तबाह हो गए. घर उजड़ गया. आपका गुलाम हूं, अब आपके सिवा कौन उसकी मिट्टी पार लगाएगा. हमारे हाथ में तो जो कुछ था, वह सब तो दवा-दारू में उठ गया. सरकार ही की दया होगी, तो उसकी मिट्टी उठेगी. आपके सिवा किसके द्वार पर जाऊं."

जमींदार साहब दयालु थे. मगर घीसू पर दया करना काले कंबल पर रंग चढ़ाना था. जी में तो आया, कह दें, चल, दूर हो यहां से. यूं तो बुलाने से भी नहीं आता, आज जब गरज पड़ी तो आकर खुशामद कर रहा है. हरामखोर कहीं का, बदमाश! लेकिन यह क्रोध या दंड देने का अवसर न था.

जी में कुढ़ते हुए दो रुपए निकालकर फेंक दिए. मगर सांत्वना का एक शब्द भी मुंह से न निकला. उसकी तरफ ताका तक नहीं. जैसे सिर का बोझ उतारा हो.

जब जमींदार साहब ने दो रुपए दिए, तो गांव के बनिए-महाजनों को इनकार का साहस कैसे होता? घीसू जमींदार के नाम का ढिंढोरा भी पीटना खूब जानता था. किसी ने दो आने दिए, किसी ने चार आने. एक घंटे में घीसू के पास पांच रुपए की अच्छी रकम जमा हो गई. कहीं से अनाज मिल गया, कहीं से लकड़ी. और दोपहर को घीसू और माधव बाजार से कफन लाने चले. इधर लोग बांस-वांस काटने लगे.

गांव की नर्म दिल स्त्रियां आ-आकर लाश देखती थीं और उसकी बेकसी पर दो बूंद आंसू गिराकर चली जाती थीं.

तीन

बाजार में पहुंचकर घीसू बोला—"लकड़ी तो उसे जलाने-भर को मिल गई है, क्यों माधव!"

माधव बोला—"हां, लकड़ी तो बहुत है, अब कफन चाहिए."

"तो चलो, कोई हलका-सा कफन ले लें."

"हां, और क्या! लाश उठते-उठते रात हो जाएगी. रात को कफन कौन देखता है?"

"कैसा बुरा रिवाज है कि जिसे जीते जी तन ढांकने को चीथड़ा भी न मिले, उसे मरने पर नया कफन चाहिए."

"कफन लाश के साथ जल ही तो जाता है."

"और क्या रखा रहता है? यही पांच रुपए पहले मिलते, तो कुछ दवा-दारू कर लेते."

दोनों एक-दूसरे के मन की बात ताड़ रहे थे. बाजार में इधर-उधर घूमते रहे. कभी इस बाजार की दुकान पर गए, कभी उसकी दुकान पर! तरह-तरह के कपड़े, रेशमी और सूती देखे, मगर कुछ जंचा नहीं. यहां तक कि शाम हो गई. तब दोनों न जाने किस दैवी प्रेरणा से एक मधुशाला के सामने जा पहुंचे. और जैसे किसी पूर्व निश्चित व्यवस्था से अंदर चले गए. वहां जरा देर तक दोनों असमंजस में खड़े रहे. फिर घीसू ने गद्दी के सामने जाकर कहा—"साहूजी, एक बोतल हमें भी देना."

इसके बाद कुछ चिखौना आया, तली हुई मछली आई और दोनों बरामदे में बैठकर शांतिपूर्वक पीने लगे.

कई कुज्जियां ताबड़तोड़ पीने के बाद दोनों सरूर में आ गए. घीसू बोला—"कफन लगाने से क्या मिलता? आखिर जल ही तो जाता. कुछ बहू के साथ तो न जाता."

माधव आसमान की तरफ देखकर बोला, मानो देवताओं को अपनी निष्पापता का साक्षी बना रहा हो—"दुनिया का दस्तूर है, नहीं लोग बामनों को हजारों रुपए क्यों दे देते हैं? कौन देखता है, परलोक में मिलता है या नहीं!"

"बड़े आदमियों के पास धन है, फूंके. हमारे पास फूंकने को क्या है?"

"लेकिन लोगों को जवाब क्या दोगे? लोग पूछेंगे नहीं, कफन कहां है?"

घीसू हंसा—"अबे, कह देंगे कि रुपए कमर से खिसक गए. बहुत ढूंढा, मिले नहीं. लोगों को विश्वास न आएगा, लेकिन फिर वही रुपए देंगे."माधव भी हंसा, इस अनपेक्षित सौभाग्य पर बोला—"बड़ी अच्छी थी बेचारी! मरी तो खूब खिला-पिलाकर!"

आधी बोतल से ज्यादा उड़ गई. घीसू ने दो सेर पूरियां मंगाई. चटनी, अचार, कलेजियां. शराबखाने के सामने ही दुकान थी. माधव लपककर दो पत्तलों में सारे सामान ले आया. पूरा डेढ़ रुपया खर्च हो गया. सिर्फ थोड़े से पैसे बच रहे.

दोनों इस वक्त इस शान में बैठे पूरियां खा रहे थे जैसे जंगल में कोई शेर अपना शिकार उड़ा रहा हो. न जवाबदेही का खौफ था, न बदनामी की फिक्र. इन भावनाओं को उन्होंने बहुत पहले ही जीत लिया था.

घीसू दार्शनिक भाव से बोला—"हमारी आत्मा प्रसन्न हो रही है तो क्या उसे पुन्न न होगा?"

माधव ने श्रद्धा से सिर झुकाकर तसदीक की—"जरूर से जरूर होगा. भगवान, तुम अंतर्यामी हो. उसे बैकुंठ ले जाना. हम दोनों हृदय से आशीर्वाद दे रहे हैं. आज जो भोजन मिला वह कभी उम्र-भर न मिला था."

एक क्षण के बाद माधव के मन में एक शंका जागी. बोला—"क्यों दादा, हम लोग भी एक-न-एक दिन वहां जाएंगे ही?"

घीसू ने इस भोले-भाले सवाल का कुछ उत्तर न दिया. वह परलोक की बातें सोचकर इस आनंद में बाधा न डालना चाहता था.

"जो वहां वह हम लोगों से पूछे कि तुमने हमें कफन क्यों नहीं दिया तो क्या कहोगे?"

"कहेंगे तुम्हारा सिर!"

"पूछेगी तो जरूर!"

"तू कैसे जानता है कि उसे कफन न मिलेगा? तू मुझे ऐसा गधा समझता है? साठ साल क्या दुनिया में घास खोदता रहा हूं? उसको कफन मिलेगा और बहुत अच्छा मिलेगा!"

माधव को विश्वास न आया. बोला—"कौन देगा? रुपए तो तुमने चट कर दिए. वह तो मुझसे पूछेगी. उसकी मांग में तो सेंदुर मैंने डाला था."

"कौन देगा, बताते क्यों नहीं?"

"वही लोग देंगे, जिन्होंने अबकी दिया. हां, अबकी रुपए हमारे हाथ न आएंगे."

ज्यों-ज्यों अंधेरा बढ़ता था और सितारों की चमक तेज होती थी, मधुशाला की रौनक भी बढ़ती जाती थी. कोई गाता था, कोई डींग मारता था, कोई अपने संगी के गले लिपटा जाता था. कोई अपने दोस्त के मुंह में कुल्हड़ लगाए देता था.

वहां के वातावरण में सुरूर था, हवा में नशा. कितने तो यहां आकर एक चुल्लू में मस्त हो जाते थे. शराब से ज्यादा यहां की हवा उन पर नशा करती थी. जीवन की बाधाएं यहां खींच लाती थीं और कुछ देर के लिए यह भूल जाते थे कि वे जीते हैं या मरते हैं. या न जीते हैं, न मरते हैं.

और यह दोनों बाप-बेटे अब भी मजे ले-लेकर चुसकियां ले रहे थे. सबकी निगाहें इनकी ओर जमी हुई थीं. दोनों कितने भाग्य के बली हैं! पूरी बोतल बीच में है.

भरपेट खाकर माधव ने बची हुई पूरियों का पत्तल उठाकर एक भिखारी को दे दिया, जो खड़ा इनकी ओर भूखी आंखों से देख रहा था. और देने के गौरव, आनंद और उल्लास का अपने जीवन में पहली बार अनुभव किया. घीसू ने कहा—"ले जा, खूब खा और आशीर्वाद दे! जिसकी कमाई है, वह तो मर गई. मगर तेरा आशीर्वाद उसे जरूर पहुंचेगा. रोएं-रोएं से आशीर्वाद दो, बड़ी गाढ़ी कमाई के पैसे हैं!"

माधव ने फिर आसमान की तरफ देखकर कहा—"वह बैकुंठ में जाएगी दादा, बैकुंठ की रानी बनेगी."

घीसू खड़ा हो गया और जैसे उल्लास की लहरों में तैरता हुआ बोला—"हां, बेटा बैकुंठ में जाएगी. किसी को सताया नहीं, किसी को दबाया नहीं. मरते-मरते हमारी जिंदगी की सबसे बड़ी लालसा पूरी कर गई. वह न बैकुंठ जाएगी तो क्या ये मोटे-मोटे लोग जाएंगे, जो गरीबों को दोनों हाथों से लूटते हैं, और अपने पाप को धोने के लिए गंगा में नहाते हैं और मंदिरों में जल चढ़ाते हैं?

श्रद्धालुता का यह रंग तुरंत ही बदल गया. अस्थिरता नशे की खासियत है. दुख और निराशा का दौरा हुआ.

माधव बोला—"मगर दादा, बेचारी ने जिंदगी में बड़ा दुख भोगा. कितना दुख झेलकर मरी!"

वह आंखों पर हाथ रखकर रोने लगा. चीखें मार-मारकर.घीसू ने समझाया—"क्यों रोता है बेटा, खुश हो कि वह माया-जाल से मुक्त हो गई, जंजाल से छूट गई. बड़ी भाग्यवान थी, जो इतनी जल्द माया-मोह के बंधन तोड़ दिए."

और दोनों खड़े होकर गाने लगे—

"ठगिनी क्यों नैना झमकावे! ठगिनी!"

पियक्कड़ों की आंखें इनकी ओर लगी हुई थीं और यह दोनों अपने दिल में मस्त गाए जाते थे. फिर दोनों नाचने लगे. उछले भी, कूदे भी. गिरे भी, मटके भी. भाव भी बनाए, अभिनय भी किए. और आखिर नशे में मदमस्त होकर वहीं गिर पड़े.

डॉ नीलम श्रीवास्तव
गजलकार

पत्थर के घर में धूप या बारिश का डर नहीं
है पाक़ बुतक़दा किसी इन्सां का घर नहीं

वादे -हयात हमने निभाये हैं इस कदर
हर ज़ख्म तो हरा है मगर, चश्मेतर नहीं

है कारवां का साथ न मंजिल का ही पता
उस मोड़ पर खड़े हैं, जहां रहगुज़र नहीं

मुश्क़िल है ज़िंदगी का सफ़र, ग़म की रेत में
वीरान गुल्सितां में कोई गुलमोहर नहीं

रहने लगी है ज़िंदगी हमसे खफ़ा - खफ़ा
और मौत की भी पालकी आती इधर नहीं

कभी ज़िन्दगी से मुलाकात होगी
सवालों-जवाबों की बरसात होगी

ज़ुबां से भले कुछ न हम कह सकेंगे
बयां आंसुओं से हरेक बात होगी

सफ़र को चले हैं तो फिर सोचना क्या
कहां दिन ढलेगा कहां रात होगी

न सोचा कभी घर जलाने से पहले
हमीं से धुंए की शुरुआत होगी

दुआ बद्दुआ दो, है मर्जी तुम्हारी
मेरे दिल की खातिर वो सौगात होगी

पुस्तक समीक्षा



पुस्तक	आधुनिक बिहार का इतिहास
लेखक	कुमार विजय
प्रकाशक	संगम बुक्स ओरियंट ब्लैकस्वान
मूल्य	299 रूपए

आधुनिक बिहार के इतिहास का प्रामाणिक दस्तावेज

राहुल रंजन

बिहार का इतिहास केवल एक क्षेत्र विशेष का इतिहास नहीं है, बल्कि यह भारत के स्वतंत्रता संग्राम और चेतना की रीढ़ रहा है. मुगलों के पतन के बाद से लेकर आजादी के बाद गणतंत्र बनने तक, बिहार ने जो करवटें लीं, उसे समग्र रूप से समझना हमेशा से एक चुनौती रहा है. इसी कमी को पूरा करती है हाल ही में आयी यह पुस्तक, जो आधुनिक बिहार के इतिहास को एक बेहद व्यवस्थित और क्रमबद्ध (क्रोनोलॉजिकल) रूप में पाठकों के सामने प्रस्तुत करती है.

विषय-वस्तु और विस्तार : यह पुस्तक कुल 19 अध्यायों में सिमटी हुई है, जो उत्तर-मुगल काल यानी 1707 से लेकर आजादी के बाद 1950 तक के दौर को बारीकी से समेटती है. पुस्तक की शुरुआत 'आधुनिक बिहार के अध्ययन के स्रोत' से होती है, जो शोधार्थियों के लिए बेहद मूल्यवान है. इसके बाद संक्रमणकालीन बिहार (1707-1740) और 1757 के बाद के राजनीतिक व प्रशासनिक इतिहास को बहुत ही स्पष्ट ढंग से समझाया गया है. पुस्तक की सबसे बड़ी खूबी यह है कि इसमें बिहार के जन-आंदोलनों और क्रांतियों को उनका हकदार स्थान मिला है. वहाबी आंदोलन, 1857 के पूर्व के आदिवासी व स्थानीय विद्रोह और 1857 की महान क्रांति में बिहार की भूमिका को लेखक ने नये दृष्टिकोण से रेखांकित किया है.

इसके अलावा, महात्मा गांधी की कर्मभूमि रहे 'चंपारण सत्याग्रह', असहयोग आंदोलन, सविनय अवज्ञा आंदोलन, किसान आंदोलन और क्रांतिकारी राष्ट्रवाद (अगस्त क्रांति) जैसे महत्वपूर्ण पड़ावों पर केंद्रित अध्याय न सिर्फ ऐतिहासिक तथ्यों को उजागर करते हैं, बल्कि उस दौर के राष्ट्रवाद की भावना से भी परिचय कराते हैं. बिहार का एक अलग प्रांत के रूप में गठन (1912) और आजादी के तुरंत बाद (1947-50) का संक्रमण काल भी इस पुस्तक के मुख्य आकर्षण हैं.

भाषा, शैली और प्रस्तुति : लेखक की भाषा सरल, प्रवाहपूर्ण और गंभीर है. इतिहास जैसे विषय को बोझिल होने से बचाते हुए इसे एक कहानी की तरह पिरोया गया है, जिससे पाठक की रुचि शुरू से अंत तक बनी रहती है.

किस के लिए उपयोगी : यह पुस्तक त्रिआयामी महत्व रखती है:

प्रतियोगी छात्रः बिहार लोक सेवा आयोग और अन्य राज्य स्तरीय परीक्षाओं की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों के लिए यह एक 'मस्ट-रीड' गाइड की तरह है.

विश्वविद्यालय के विद्यार्थीः जिन विश्वविद्यालयों के सिलेबस में बिहार का इतिहास शामिल है. छात्रों और शोधार्थियों के लिए यह एक मानक संदर्भ ग्रंथ होगी.

आम पाठकः इतिहास में रुचि रखने वाले किसी भी आम इंसान के लिए अपनी जड़ों और अपनी मिट्टी के संघर्ष को जानने का यह एक बेहतरीन जरिया है.

निष्कर्ष : संक्षेप में कहें तो, यह पुस्तक केवल तारीखों और घटनाओं का पुलिंदा नहीं है, बल्कि यह आधुनिक बिहार के निर्माण की गाथा है. प्रामाणिक तथ्यों और बेहतरीन विश्लेषण से सजी यह पुस्तक हर उस व्यक्ति की लाइब्रेरी में होनी चाहिए जो बिहार को गहराई से समझना चाहता है.

राशिफल — डॉ एनके बेरा

मेष : पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा. विपरीत स्थितियों में सुधार होगा.

वृष : कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण, सोचा हुआ काम पूरा होगा.

मिथुन : प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा.

कर्क : स्वजन-मित्रों का सहयोग, वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा.

सिंह : कठिन परिश्रम-प्रयत्न से आजीविका के क्षेत्र में सफलता.

कन्या : नौकरी-व्यापार की स्थिति में सुधार. नयी आशाओं का उदय होगा.

तुला : परिस्थितियों में सुधार. नौकरी में बदलाव होने की संभावना.

वृश्चिक : राजनीतिक संपर्क प्रभाव बढ़ेगा. चिंतित मनोरथ की सिद्धि होगी.

धनु : किसी बृहद योजना को साकार करने में कई लोगों का साथ मिलेगा.

मकर : सामाजिक-राजनीतिक संपर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा.

कुंभ : स्वजन-मित्रों का सहयोग. स्वाभिमान और स्वावलंबन बढ़ेगा.

मीन : चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी. परिश्रम का फल मिलेगा.

शब्दपहेली 2945



बायें से दायें : 1. जूट को यह भी कहते हैं (4), 3. कारण, हेतु (3), 5. तनाव, खिंचाव (4),7. अवस्था, दशा, वर्तमान स्थिति (3),10. सोचना, विचार करना (3),12. साथ में बात करने वाला (5),14. किसी वस्तु का गुण-दोष समझना (5),16. नाम पर, किसी के प्रति (3),17. रात, निशा (3),20. जिसका नाम कोई न जानता हो (4),21. चाह, प्रेम (3),22. सीमा पर पहरा बैठाना (4)

ऊपर से नीचे : 1. चीज, वस्तु (3), 2. प्रतिलिपि, कॉपी (3), 4. बाल्यावस्था (4),6. प्राचीन भारत का एक प्रसिद्ध राजवंश (5),8. आक्रमण (3),9. बोलना, गाने में तान लेना (4),11. अभिवादन करना (4),13. इनकार करना (2,3),15. गर्भ (3), 16. अवशेष (2,2),18. ठोस रूप धारण करना (3),19. डुग्गी बजा कर दी जाने वाली सूचना (3)

शब्दपहेली उत्तर



सुडोकू नवताल — पहेली नंबर 6338

	9				6			
4	7				8	3		9
		8	7	3		1	2	
	8	9		5	1		7	6
5	1		8	7		4	9	
	2	4		6	5	7		
7		1	3				5	8
			1				4	

सुडोकू नवताल - 6337 का हल

1	9	3	7	5	4	2	6	8
8	4	2	1	6	3	9	7	5
5	7	6	8	2	9	3	1	4
4	1	5	6	3	2	8	9	7
7	2	9	4	8	1	6	5	3
3	6	8	5	9	7	1	4	2
2	5	1	9	4	8	7	3	6
9	8	4	3	7	6	5	2	1
6	3	7	2	1	5	4	8	9

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने हैं. इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है.
- आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

किसी भी अच्छी सरकार का पहला काम अपने लोगों के जीवन और उनके हितों की रक्षा करना है। -थॉमस जेफरसन

संग्रह और संकेत

ऐसे दौर में, जब भू-राजनीतिक तनाव, व्यापारिक अस्थिरता, ऊंची ब्याज दरें, आपूर्ति शृंखलाओं में रुकावटें और ऊर्जा कीमतों में उतार-चढ़ाव के चलते वैश्विक अर्थव्यवस्था अनिश्चितताओं के दौर से गुजर रही है, तब सरकारी आंकड़ों के अनुसार, जून में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह का पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में करीब 14 फीसदी बढ़ते हुए 1.95 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचना समग्र अर्थव्यवस्था के लिहाज से एक शुभ संकेत है। इसका सबसे उल्लेखनीय पहलू यह है कि कुल जीएसटी संग्रह में आयात से मिलने वाले राजस्व का योगदान एक वर्ष पहले की तुलना में 34.6 फीसदी अधिक हुआ है। कच्चे तेल, इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी, सोना और अन्य कई उत्पादों के बड़े पैमाने पर आयात ने सरकार को मिलने वाले राजस्व में खासी बढ़ोतरी की है। बेहतर कर संग्रह का अर्थ है कि सरकार के पास बुनियादी ढांचे, सामाजिक योजनाओं और पूंजीगत निवेश के लिए अधिक संसाधन उपलब्ध होंगे। यह राजकोषीय घाटे को नियंत्रित रखने में भी मददगार साबित हो सकता है। जाहिर है कि इससे केंद्र व राज्यों की वित्तीय स्थिति को अल्पकालिक राहत जरूर मिली है, पर तस्वीर का दूसरा पक्ष उतना ही महत्वपूर्ण है। घरेलू लेनदेन से मिलने वाला राजस्व जून, 2025 की तुलना में बमुश्किल साढ़े छह फीसदी ही बढ़ा है। साफ है कि घरेलू बाजार में उपभोक्ता मांग अब भी अपेक्षित गति नहीं पकड़ सकी है। ग्रामीण क्षेत्रों में आय वृद्धि सीमित है, जबकि शहरी मध्यवर्ग महंगाई और रोजगार संबंधी अनिश्चितताओं से जूझ रहा है। चिंता की बात यह भी है कि निजी निवेश अब भी पूरी क्षमता से आगे नहीं बढ़ सका है। अगर जीएसटी संग्रह का प्रमुख आधार आयातित वस्तुएं बन रही हैं, तो यह इस बात का संकेत भी है कि घरेलू उत्पादन की तुलना में विदेशी उत्पादों की हिस्सेदारी बढ़ रही है। यह प्रवृत्ति लंबे समय में देश के विनिर्माण क्षेत्र के लिए चिंता का विषय बन सकती है। उल्लेखनीय है कि जून के आंकड़े भी विनिर्माण गतिविधियों की रफ्तार धीमी होने की ओर ही इशारा कर रहे हैं। हालांकि, समग्र रूप से देखें, तो जून का रिकॉर्ड जीएसटी संग्रह उत्साहवर्धक ही है। पश्चिम एशिया में जैसे-जैसे शांति का माहौल कायम होता जाएगा, देश की अर्थव्यवस्था पर उसका सकारात्मक असर भी दिखेगा। हालांकि, कमजोर मानसून एक समस्या बना हुआ है। वाणिज्यिक सिलिंडर का सस्ता होना राहतपूर्ण है, फिर भी महंगाई पर नजर रखनी होगी। कुल मिलाकर, वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए परिदृश्य सकारात्मक ही नजर आ रहा है।

किस ओर जा रही दुनिया

सनक और अधिनायकत्व के वर्तमान दौर में जब छोटे देश जमींदोज किए जा रहे हों, दुनिया तमाशा देख रही हो और शांति के सिरे पूरी तरह बिखर चुके हों, जिन्हें जोड़ने वाला वैश्विक नेतृत्व भी नदारद हो, तब सवाल यह है कि तेजी से बढ़ते एआई का असली यूजर कौन होगा और उसका मकसद क्या होगा? यह वाकई डराने वाला है।

रहीस सिंह
अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार

पिछले कुछ दिनों से दुनियाभर के प्रतिष्ठित पत्र-पत्रिकाओं में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर आ रही रिपोर्टों, स्टोरियों और स्तंभों में एक अलग दुनिया दिख रही है। अमेरिका के कई हिस्सों के लोग तकनीक, बाजार और राज्य की व्यवस्था से परे अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं, लेकिन बाजार के खिलाड़ी इस प्रतिरोध को 'हिलबिली अपराइजिंग' कहकर मजाक उड़ाते दिख रहे हैं। क्या इन विशेषताओं के झरोखों में 18वीं-19वीं सदी का वह इतिहास नहीं दिख रहा, जिसने एक तरफ दुनिया को औद्योगिक क्रांति और उपनिवेशवाद दिया था, वहीं दूसरी तरफ 'सोशल कॉन्ट्रैक्ट' से लेकर 'दास कैपिटल' के जरिये एक ऐसा वर्ग खड़ा कर दिया था, जिसने नई व्यवस्था और नए इतिहास को जन्म दिया? क्या इतिहास अब स्वयं को दोहराने की ओर बढ़ रहा है? या उससे भी अधिक जटिल समय से हमारा सामना होने वाला है?

पिछले दिनों *प्यू रिसर्च सेंटर* का एक सर्वे आया, जिसमें मुख्य रूप से पांच बातें अधिक प्रभावित करने वाली लगीं। पहली, 24 देशों में किए गए सर्वे में अमेरिकी सबसे अधिक निराशावादी दिखे। उनका मानना है कि 'एआई' के प्रभाव सकारात्मक के मुकाबले नकारात्मक अधिक होंगे। दूसरी, अमेरिका में 'एआई' पर बहस अब केवल तकनीकी मुद्दा नहीं रह गई, बल्कि एक राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक मुद्दा बन चुकी है। तीसरी, अमेरिकियों का कहना है कि 'एआई' पहले 'व्हाइट कॉलर' नौकरियां खत्म करेगा, फिर 'ब्लू कॉलर' नौकरियों को। चौथी, यदि इसके कारण दौलत कुछ कंपनियों के हाथ में सिमट गई और बाकी लोग बेरोजगार हुए, तो लोकतंत्र टिक नहीं पाएगा। पांचवीं, 'एआई' लोगों को और भी अकेला बना देगा। इससे 'ट्रांसह्यूमनिज्म' का खतरा भी है, क्योंकि इसके जरिये इन्सान अपनी जैविक सीमाओं से आगे निकल सकता है। सवाल यह है कि अमेरिकियों का यह डर क्या जायज है? शेष दुनिया उतनी चिंतित क्यों नहीं, जितना कि अमेरिका?

प्रश्न यह कि क्या इस तरह की चुनौतियों का निक्षेपण करने के लिए आज कोई देश, कोई नेता अथवा सरकार है, जो दैवीय राजत्व से नीचे उतरकर सामाजिक अनुबंधों के सहारे आगे बढ़ने का साहस करे? क्या राज्य और उनकी सरकारें इस संदर्भ में कोई व्यवस्था बना सकती हैं? शायद नहीं। दरअसल, यह छद्म वैश्वीकरण और छद्म उदारवाद का दौर है, जिसे हम बनावटीपन के साथ नवविश्ववाद और नवउदारवाद का नाम दे सकते हैं। यहां विशुद्ध (प्योर) कुछ भी नहीं है, सब हाइब्रिड है। सर्वत्र कौन जीतेगा या कौन हारेगा, की विषाक्तता भरी राजनीति का प्रभाव है, जो समृद्ध साझे अनुभवों, विरासतों और हितों से बहुत दूर खड़ी है। फिर तो जो प्रतिस्पर्धा, संघर्ष या युद्ध दिख रहे हैं, उनकी अगुआई ड्रोन, रासायनिक या जैविक हमले ही करेंगे और इन सबके पीछे खड़ी हो सकती है एआई जैसी अदृश्य शक्ति। क्या तब भी हम सोच सकते हैं कि दुनिया किसी नियम आधारित व्यवस्था से चलेगी? या उस व्यक्ति, देश अथवा बाजार की इकाई से, जिसके पास ताकत नहीं, बल्कि एआई होगा?

वैसे नियम आधारित व्यवस्था को तो हम गाजा, कीव और तेहरान के कब्रिस्तानों में दफन होते हुए देख ही चुके हैं। इसलिए, उससे कोई उम्मीद रखना बेकार है। अब चिंता यह है कि नई व्यवस्था और ताकत में मनुष्य कहां खड़ा होगा, क्योंकि लोगों के मस्तिष्कों में अब यह सवाल तैरने लगा है कि जब नौकरियों को बड़े पैमाने पर 'एआई' खा रहा होगा, जब दुनिया भर के डाटा सेंटर लोगों के हिस्से का पानी पी रहे होंगे और फिर जो भ्रम फैलाया जा रहा होगा, वह पहले किसे तोड़ेगा? समाज को या राज्य को अथवा मनुष्य को? पता नहीं, परंतु शिकार मनुष्यता ही होगी, यह तय है। जो भी हो, दुनिया वैश्वीकरण के उस झूठे इश्तिहार के सहारे चलेगी, जो 1990 के दशक में दिमागों के साथ खेल रहा था या फिर उस भ्रम के साथ, जहां कुछ देश संरक्षणवाद और राष्ट्रवाद के नाम पर अधिनायकवाद को बढ़ाते हुए वैश्विक टकरावों को हवा दे रहे होंगे?

लोग भावी बदलावों के बीच अपने लिए एक भरोसा चाहते हैं। परंतु, यह भरोसा दिलाएगा कौन? बाजार, राजनीति या तकनीक? बाजार का चरित्र पहले से ही अदृश्य शक्तियों के हाथ में है, उससे उम्मीद करना बेमानी होगी। अब तो राजनीति का चरित्र भी बाजार तय करने लगा है। और रही बात तकनीक की, तो वह भी बाजार के हाथ में जा चुकी है। तब बचा कौन? एक बात और, 'एआई' बहुत तेजी से बदल रहा है, इसलिए इसे पकड़ पाना मुश्किल है। राजनीति इसके मुकाबले फिसड्डी है। अमेरिका में यह देखने में आया है कि जितने समय में कांग्रेस (अमेरिकी संसद) एक सुनवाई करती है, उतने समय में नया 'एआई' मॉडल आ जाता है। ध्यान रहे कि वर्ष 2030 तक अत्याधुनिक एआई मॉडल विकसित करने के लिए आवश्यक विशाल डाटा सेंटर केवल वर्जीनिया या कैलिफोर्निया तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि अमेरिका के अधिकांश क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर सर्वर फार्म के रूप में स्थापित हो चुके होंगे। जैसे-सिलिकॉन हार्टलैंड यानी मिशिगन, विस्कॉन्सिन और ओहियो तथा इससे भी आगे बढ़कर दक्षिणी राज्यों, विशेषकर लुसियाना, मिसीसिपी और टेक्सास तक। अमेजन, गूगल, मेटा, माइक्रोसॉफ्ट और ओरेकल जैसी कंपनियां मिलकर लगभग 750 अरब डॉलर का निवेश कर रही हैं, जबकि अन्य कंपनियां भी अरबों डॉलर लगा रही हैं। एक अनुमान के अनुसार, 2026 से 2030 के बीच दुनियाभर में एआई डाटा सेंटरों पर लगभग तीस खरब डॉलर खर्च होने वाले हैं। इन सेंटरों में खपत होने वाली बिजली करीब 12 गीगावाट के स्तर से इस दशक के अंत में पांच गुना हो जाएगी। तब तो अमेरिकियों का डरना स्वाभाविक है। वे जनरेटरों और कूलिंग सिस्टम के गूंजते शोर और इनकी ओर मुड़ती पानी की धाराओं से डर रहे हैं।

फिलहाल, इस समय में जो चिंताएं उभरती दिख रही हैं, वे निराधार तो नहीं हैं। विचार कीजिए कि जब एक नेता किसी दूसरे संप्रभु देश के चुने राष्ट्रपति को इसलिए उठा ले जा सकता है, क्योंकि उसे उस देश का तेल चाहिए। वही नेता एक अन्य देश पर इसलिए हमला कर दे, क्योंकि उसका दोस्त ऐसा चाहता है। छोटे देश जमींदोज कर दिए जाएं और दुनिया तमाशा देखती रहे। यह क्या है? सदी के सबसे खतरनाक कदमों की दस्तक या कुछ और, जो यह बताती है कि सनक, अधिनायकत्व और पोस्ट ट्रुथ के दशकों में शांति के सिरे पूरी तरह बिखर चुके हैं और उन्हें जोड़ने वाला वैश्विक नेतृत्व नदारद है। फिर एआई का असली उपयोगकर्ता कौन होगा और उसका मकसद क्या होगा? यह बात तो डराएगी ही। जो भी हो, यह व्यवस्था, बाजार और तकनीक की 'ट्रिनिटी' पर निर्भर करेगी। लोग यह कहते रहेंगे कि हमें यह नहीं चाहिए, परंतु सुनेगा कौन?

edit@amarujala.com

मुद्दा

तेल के खेल में भारत के लिए अवसर

होर्मुज जलडमरूमध्य के खुलने से कच्चे तेल की कीमतों में नरमी ने भारतीय अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा दी है, मगर विकास की रफ्तार बनाए रखने के लिए सुधारों की गति बढ़ानी होगी।

जयंतीलाल भंडारी

यकीनन अल नीनो और कमजोर मानसून की चुनौतियों के बीच अमेरिका-ईरान शांति समझौते और होर्मुज जलडमरूमध्य खुलने से कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए लाभदायक है। हालांकि, वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अधिकांश रिपोर्टें भारत की विकास दर पिछले वर्ष से कम रहने का अनुमान लगा रही हैं, पर 26 जून को प्रकाशित गोल्डमैन सैश की रिपोर्ट के अनुसार, कच्चे तेल की कम कीमतों और नए आर्थिक उपायों के दम पर भारत 6.8 प्रतिशत की विकास दर हासिल कर सकता है। चूंकि, भारत अपनी जरूरत का करीब 85 प्रतिशत से अधिक कच्चा तेल आयात करता है, अतः सस्ते कच्चे तेल से उसे कई लाभ होंगे। महंगाई नियंत्रित होगी, देश का आयात बिल कम होगा, विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी होगी और रुपया भी मजबूत होगा। साथ ही, सरकारी तेल कंपनियों पर यह भी दबाव होगा कि वह कच्चे तेल की कम होती कीमत का कुछ फायदा उपभोक्ताओं तक पहुंचाए।

हाल ही में, जारी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स की रिपोर्ट और भारतीय रिजर्व बैंक, दोनों ने वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की विकास दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। वहीं, विश्व बैंक के अनुसार, वित्त वर्ष 2026-27 में वैश्विक विकास दर घटकर 2.5 प्रतिशत रह जाएगी, जबकि भारत 6.6 प्रतिशत विकास दर के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बना रहेगा। वैश्विक आर्थिक झटकों के बीच सरकार तेजी से रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्रों के साथ संरचनात्मक सुधारों को गति देते हुए अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ा रही है। हालांकि, वित्त वर्ष 2026-27 में पूरी दुनिया के साथ-साथ भारत के सामने भी आर्थिक चुनौतियां और बढ़ेंगी, अतएव भारत को अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए नए उपाय भी करने होंगे। सरकार को 'ईज ऑफ लिविंग' और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' में सुधार के लिए प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ना होगा। कच्चे तेल की घटी कीमत, व्यापार समझौतों, नए श्रम कानूनों और बजट प्रावधानों को देश की आर्थिक शक्ति बनाते हुए देश की विकास दर को सात प्रतिशत से अधिक स्तर पर पहुंचाने के प्रयास करने होंगे। हाल ही में, भारत व अमेरिका के बीच महत्वपूर्ण व्यापार वार्ता हुई, जबकि ओमान, न्यूजीलैंड, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ, मॉरीशस, यूएई, ऑस्ट्रेलिया और एफ्टा देशों के साथ हुए समझौते व्यापार व निवेश को गति देंगे। नए श्रम कानून भारत के घरेलू बाजार को मजबूत करने और निर्यात बढ़ाने में अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते दिखाई दे रहे हैं। ये कानून सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा, न्यूनतम और समय पर मजदूरी का भुगतान, सुरक्षित कार्यस्थल और नारी व युवा शक्ति के लिए लाभकारी अवसरों के रूप में एक मजबूत नींव के रूप में काम करेंगे।

उम्मीद करें कि सरकार वित्त वर्ष 2026-27 में अर्थव्यवस्था के समक्ष दिखाई दे रही कमजोर मानसून, सूखे की आशंका, महंगाई, मांग में कमी तथा सख्त वित्तीय चुनौतियों का सामना करने के लिए आगे बढ़ेगी। साथ ही, अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए सरकार विनिवेश लक्ष्य, एफडीआई बढ़ाने, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को प्रोत्साहन और व्यापार समझौतों के प्रभावी क्रियान्वयन पर तेजी से काम करेगी। सरकार सस्ते ईंधन, सेवा क्षेत्र, विनिर्माण व बुनियादी ढांचे के आधार पर चालू वित्त वर्ष में सात प्रतिशत से अधिक की विकास दर प्राप्त करने के लिए रणनीतिक रूप से आगे बढ़ेगी।



आने वाले पल पर हो नजर

बीते समय को सम्मान के साथ विदा करना चाहिए और जो नया आने वाला है, उसका खुले दिल से स्वागत। जिस दिन हम बदलती उम्र को सहजता से स्वीकार कर लेते हैं, उसी दिन जीवन का बोझ हल्का लगने लगता है और मन पहले से कहीं ज्यादा मुक्त हो जाता है।

कैमरून डियाज

मुड़-मुड़ के देख

जैसे-जैसे मैं जीवन में आगे बढ़ी, मैंने महसूस किया कि उम्र का बढ़ता हर साल अपने साथ एक नई कहानी लेकर आता है। जब मैं चालीसवें पड़ाव पर पहुंची, तो सबसे ज्यादा यही सवाल मुझसे पूछा गया कि क्या तुम्हें चालीस साल का होने से डर नहीं लगता? मैंने मुस्कुराकर खुद से पूछा, 'आखिर डर किस बात का?' मुझे एहसास हुआ कि उम्र बढ़ना इस बात का प्रमाण है कि मुझे जीने के लिए एक और साल मिला है। मैं इसके लिए दिल से आभारी हूं, क्योंकि बहुत-से लोग उस उम्र तक पहुंच ही नहीं पाते, जहां वे अपने अनुभवों की रोशनी में जीवन को नए नजरिये से देख सकें।

मैंने जाना कि जीवन की सबसे बड़ी थकान उम्र बढ़ने में नहीं, बल्कि उस सच्चाई से लड़ने में है, जिसे बदला ही नहीं जा सकता। जब हम समय को रोकने की कोशिश करते हैं, तब हम अपनी शांति खो देते हैं। लेकिन, जिस दिन हम बदलती उम्र को सहजता से स्वीकार कर लेते हैं, उसी दिन जीवन का बोझ हल्का लगने लगता है और मन पहले से कहीं ज्यादा मुक्त हो जाता है। इसका मतलब यह बिल्कुल नहीं कि जवानी की खूबसूरती कम हो जाती है। मेरे लिए युवावस्था हमेशा जीवन का एक अनमोल अध्याय रहेगी, क्योंकि वहीं मैंने सपने देखे, गलतियां कीं, सीखा, गिरी, संभली और कई यादें बनाईं।

जो समय बीत गया, उसे सम्मान के साथ विदा करना चाहिए और जो नया आने वाला है, उसका खुले दिल से स्वागत। इसी सोच ने मुझे यह समझाया कि आगे का रास्ता भले ही अनजान हो, पर हर कदम मुझे अपने ही व्यक्तित्व की गहराइयों तक ले जाता है। हर नया वर्ष मुझे कुछ ऐसा सिखा देता है, जो पहले मैं नहीं जानती थी। इसलिए, आज मैं खुद से कुछ सवाल पूछती हूं। क्या मैं दस साल पहले की तुलना में ज्यादा समझदार नहीं हूं? क्या मेरे अनुभव मुझे पहले से ज्यादा मजबूत नहीं बनाते? क्या मैं अब अपनी जरूरतों, अपनी खुशियों और उन लोगों को बेहतर नहीं समझती, जिनसे मैं प्रेम करती हूं? इनके जवाबों से मुझे एहसास होता है कि उम्र ने मुझसे कुछ छीना नहीं, बल्कि बहुत कुछ दिया है।

रिटायरमेंट से पहले धड़कनें बढ़ी हुई हैं

जल्द सेवानिवृत्त हो रहे आगरा के राम किशोर जी की आर्थिक दुविधा पर वित्तीय विशेषज्ञ शरद कोहली ने कुछ यों सलाह दी :

मैं अगले वर्ष रिटायर होने वाला हूं और पत्नी के साथ अकेले रहता हूं। हमारी रोजमर्रा की जरूरतें तो पूरी हो जाती हैं, पर बढ़ती महंगाई को लेकर पत्नी ज्यादा चिंतित रहती हैं। मैं क्या करूं?

रिटायरमेंट का नाम आते ही परिवार में पहला सवाल यही उठता है-'अब हर महीने का खर्च कैसे चलेगा?' राम किशोर जी की चिंता भी कुछ अलग नहीं है। यह दुविधा लगभग हर उस व्यक्ति के मन में पनपने लगती है, जिसकी नौकरी का आखिरी पड़ाव करीब आ रहा होता है। पर, घबराने के बजाय अगर समय रहते कुछ जरूरी बातों पर ध्यान दिया जाए और सही वित्तीय योजना बनाई जाए, तो इन आशंकाओं को काफी हद तक दूर किया जा सकता है।

■ **एक पक्का बजट हो :** सबसे पहले एक डायरी लीजिए और अपने हर महीने के पक्के खर्चों की एक लिस्ट बनाइए। जब आप एक-एक पैसे का वास्तविक बजट बना लेंगे, तो आपको खुद साफ दिखने लगेगा कि आपकी जेब से कितना जा रहा है और आपको हर महीने कितने रुपयों की जरूरत है।

■ **नियमित आय का इंतजाम :** जमापूंजी का एक छोटा हिस्सा ऐसी एफडी में रखें, जिसे आप नेट बैंकिंग या चेक से तुरंत निकाल सकें। दूसरा हिस्सा नियमित आय के लिए निवेश करें। पूंजी का बड़ा भाग एससीएसएस और पोस्ट ऑफिस की मंथली स्कीम में बांटकर लगा दें। इससे हर महीने घरेलू खर्च संभालना आसान होगा। बचे हुए पैसे को हाइब्रिड या बैलेंस्ड म्यूचुअल फंड में किसी एक्सपर्ट की सलाह से लगा सकते हैं, ताकि भविष्य में जब महंगाई बढ़े, तो आपका पैसा भी थोड़ा बढ़ सके। जब तक आप और आपकी पत्नी हैं, खर्चों पर नियंत्रण खुद के हाथों में रखिए।

■ **अनुभव का इस्तेमाल करें :** चिंता करने से बेहतर है कि अपने बरसों के अनुभव का इस्तेमाल करें। सेहत इजाजत दे, तो आप अपने क्षेत्र के लोगों को सलाह (कंसल्टेशन) दे सकते हैं, बच्चों को पढ़ा सकते हैं, या कोई पार्ट-टाइम काम कर सकते हैं। इससे एक तो आपकी अतिरिक्त आमदनी होगी और आप दिमागी रूप से चुस्त-दुरुस्त भी रहेंगे।

■ **स्वास्थ्य को खर्च नहीं, निवेश समझें :** बढ़ती उम्र में सेहत से जुड़ी चुनौतियां और उनका खर्च सबसे बड़ा सिरदर्द बनते हैं। इसलिए, अपनी सेहत का ख्याल रखिए। समय पर रूटीन चेकअप करवाते रहिए। अगर आपके पास एक अच्छा स्वास्थ्य बीमा नहीं है, तो उसके लिए अलग से एक फंड जरूर रखिए।

पत्नी से कहिए कि 'अब चिंता की कोई बात नहीं है, मैंने सब प्लान कर लिया है।' दोनों साथ मिलकर एक छोटा-सा बजट बनाइए, और अपनी जमा-पूंजी को सही जगह व्यवस्थित कीजिए। फिर देखिए, यह रिटायरमेंट का जीवन आप दोनों के लिए बेहद सम्मानजनक और निश्चिंतता से भरा होगा।

*जिंदगी की **दूसरी पारी** बहुत महत्वपूर्ण होती है। हर शुक्रवार इस पर आपको नया पढ़ने को मिलेगा। आप अपने विचार, अनुभव या समस्याएं **edit@amarujala.com** पर भेज सकते हैं, विशेषज्ञों की मदद से हम कोशिश करेंगे कि संवाद का पुल बन सके।*

90 वर्ष की उम्र में 42 किलोमीटर की मैराथन

कहते हैं मैराथन सिर्फ पैरों से नहीं, फेफड़ों और फौलादी इरादों से जीती जाती है। अमेरिका के सैन डिएगो में आयोजित रॉक 'एन' रोल मैराथन में कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला, जिसने देखने वालों की धड़कनें बढ़ा दीं। और, इस कहानी के हीरो हैं- 90 वर्षीय बिल श्वाट्र्ज। उन्होंने मैराथन की 42 किलोमीटर (26 मील) लंबी चुनौती को करीब नौ घंटे से कुछ अधिक समय में पूरा करके इतिहास रच दिया। दिलचस्प बात यह है कि बिल श्वाट्र्ज कोई पेशेवर एथलीट नहीं हैं और यह उनके जीवन की पहली पूर्ण मैराथन थी। उन्होंने रास्ते में आने वाली हर शारीरिक और मानसिक थकान को मात देते हुए, रॉक 'एन' रोल संगीत की ऊर्जावान धुनों के बीच लगातार अपने कदम आगे बढ़ाए। बिल का मानना है कि मैराथन में यह मायने नहीं रखता कि आप कितनी तेज दौड़ रहे हैं, बल्कि यह मायने रखता है कि आप कितनी देर तक बिना रुके आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उनके लिए मैराथन जीतने या रिकॉर्ड बनाने से अधिक महत्वपूर्ण फिनिश लाइन तक पहुंचना था।

वरिष्ठ नागरिकों के
काम की संस्थाएं

■ *जन कल्याण ट्रस्ट* वृद्धजनों को आवास एवं स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करता है। समय-समय पर स्वास्थ्य शिविरों और सामाजिक पहलों का आयोजन भी किया जाता है, जिससे बुजुर्गों को उचित चिकित्सा परामर्श और उपचार मिल सके। अकेलेपन से जूझ रहे बुजुर्गों को भावनात्मक सहारा देने के लिए ट्रस्ट विशेष प्रयास करता है। यहां सामुदायिक गतिविधियों के माध्यम से उन्हें एक-दूसरे से जुड़ने और अपनापन महसूस करने का अवसर मिलता है। अधिक जानकारी के लिए इसकी आधिकारिक वेबसाइट jankalyantrustnoida.org या 9910949966 पर संपर्क कर सकते हैं।

■ *निर्भेद फाउंडेशन* बुजुर्गों, बच्चों की शिक्षा तथा उनके समग्र विकास कार्यों में संलग्न है। अपनी विभिन्न सामुदायिक पहलों के जरिये यह बुजुर्गों की सहायता करता है। फाउंडेशन समय-समय पर सामुदायिक भोजन वितरण कार्यक्रम आयोजित करता है। अधिक जानकारी के लिए इसकी आधिकारिक वेबसाइट nirbhedfoundation.org या nirbhedfoundation@gmail.com पर संपर्क कर सकते हैं।

2030 तक पेट्रोल वाहनों की जगह लेंगी 35 लाख ईवी एक लाख करोड़ घट जाएगा देश का क्रूड आयात बिल

एसबीआई की रिपोर्ट

नई दिल्ली। ईरान युद्ध शुरू होने के बाद से देश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को अपनाने की रफ्तार और पंजीकरण में जबरदस्त बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इस रफ्तार को देखते हुए उम्मीद है कि 2027 से 2030 के बीच करीब 35 लाख और ईवी पेट्रोल वाहनों की जगह लेंगी। एसबीआई ने एक रिपोर्ट में कहा, अगर 2030 तक घरेलू वाहन बाजार में ईवी की हिस्सेदारी बढ़कर 20 फीसदी पहुंच जाती है, तो इससे भारत को कच्चे तेल के आयात बिल के मोर्चे पर एक लाख करोड़ रुपये बचाने में मदद मिलेगी। रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल मार्च-जून अवधि में देश में हर महीने में औसतन 2.3 लाख ई-वाहनों का पंजीकरण हुआ, जो 2025 में औसत 1.3 लाख था। यानी हर माह ई-वाहनों की संख्या में करीब एक लाख की बढ़ोतरी हुई। ब्यूरो

चार्जिंग इन्फ्रा बढ़ाने पर देना होगा जोर

एसबीआई के मुताबिक, अलग-अलग राज्यों में चार्जिंग स्टेशनों पर लोड अलग-अलग है। कुछ राज्यों में हर चार्जिंग स्टेशन 200 से ज्यादा ईवी को सेवा देता है, जबकि दूसरे राज्यों में संख्या 50 गाड़ियों तक सीमित है। देश में ईवी की लंबी अवधि की सफलता पर्याप्त चार्जिंग इन्फ्रा की उपलब्धता पर निर्भर करेगी। भारत में 29,151 चार्जिंग स्टेशन हैं, जिनमें से कर्नाटक और महाराष्ट्र मिलकर कुल चार्जिंग इन्फ्रा का 35 फीसदी हिस्सा रखते हैं।

सुझाव...जिनसे देश में तेजी से होगा ई-वाहनों का विस्तार

रिपोर्ट में चार्जिंग इन्फ्रा और खासकर फास्ट चार्जर को बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया गया है। अभी देश के चार्जिंग नेटवर्क में फास्ट चार्जर की हिस्सेदारी सिर्फ 30 फीसदी है।

- 10-15 साल का एक व्यापक ईवी रोडमैप बनाना होगा, जिसमें नीतियां और बैटरी मैन्युफैक्चरिंग से जुड़े स्पष्ट लक्ष्य शामिल हों।
- रिपोर्ट में ईवी क्रेडिट गारंटी फंड बनाने, ई-वाहनों की सरकारी खरीद बढ़ाने और ग्रीन मोबिलिटी के लिए एक अलग श्रेणी शुरू करने जैसे उपाय भी सुझाए गए।

टाटा संस में हिस्सा गिरवी रखेगा एसपी समूह, बॉन्ड से जुटाएगा 25,500 करोड़

नई दिल्ली। टाटा संस में सबसे बड़े भागीदार शापूरजी पलोनजी समूह बॉन्ड इश्यू कर 25,500 करोड़ रुपये जुटाने की तैयारी कर रहा है। दिलचस्प बात यह है कि इस भारी-भरकम कर्ज के लिए एसपी समूह टाटा संस में अपनी 18.37 फीसदी हिस्सेदारी के एक हिस्से को गिरवी रखने जा रहा है।

इसका उद्देश्य एसपी समूह पर मौजूदा कर्ज को रीफाइनेंस करना और चुकाना है। यह रीफाइनेंसिंग अप्रैल अंत तक पूरी होनी थी, लेकिन ईरान संघर्ष के कारण बाजार में उतार-चढ़ाव की वजह से इसमें देरी हुई। अब एसपी समूह इस बॉन्ड के जरिये देनदारियों को चुकाने के लिए अतिरिक्त समय सुरक्षित कर

इस कदम को टाटा संस पर लिस्टिंग का दबाव बनाने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा

रहा है। बॉन्ड की शर्तों में एक सख्त नियम शामिल है, जिसके तहत एसपी समूह को बॉन्ड जारी होने के 24 महीनों के भीतर कम से कम 13,500 करोड़ का कर्ज चुकाना होगा। ऐसा न करने पर डिफॉल्ट माना जाएगा। शर्तों में स्पष्ट है कि इश्यू जारी होने के 18 महीने में या तो टाटा संस को आईपीओ लाना होगा या फिर एसपी समूह को टाटा की होल्डिंग कंपनी के साथ अपनी हिस्सेदारी के मालिकाना हक पर अंतिम समझौता करना होगा। ■ बोनस डेस्क

एक्सप्लेनर

व्हाट्सएप का यूजरनेम फीचर विवादों में?

नए फीचर पर सरकार व व्हाट्सएप आमने-सामने

विवाद शुरू होने के बाद केंद्र सरकार ने मेटा को भारत में नए यूजरनेम फीचर को लागू करने से क्यों रोका?

व्हाट्सएप का यूजरनेम फीचर लॉन्च होते ही विवादों में घिर गया है। चिंता है कि इससे यूजर्स, विशेष रूप से सार्वजनिक हस्तियों एवं अधिकारियों की गोपनीयता खतरे में पड़ जाएगी और दुर्भावनापूर्ण तत्व इसका उपयोग लोगों को धोखा देने या उनके साथ स्कैम करने के लिए कर सकते हैं।

विरोध के बाद सरकार ने व्हाट्सएप की मालिकाना हक वाली कंपनी मेटा को तीन दिनों में फीचर का विस्तृत स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। निर्देश भी दिया है कि परामर्श प्रक्रिया पूरी होने तक इस फीचर को भारत में लागू न किया जाए।

क्या है यूजरनेम फीचर?

- व्हाट्सएप यूजर्स को मौजूदा फोन नंबरों के बजाय पसंदीदा यूजरनेम का उपयोग कर अन्य लोगों के साथ चैट की अनुमति देगा। यानी फोन नंबर तब तक उजागर नहीं होंगे, जब तक कोई व्यक्ति खुद उन्हें दिखाना न चाहे। यह चैट एप का उपयोग करते समय यूजर्स को बेहतर प्राइवेसी प्रदान करता है।

- व्हाट्सएप का कहना है कि नया यूजरनेम फीचर ठीक इसी समस्या को हल करने के लिए बनाया गया है, ताकि लोग उन सभी लोगों को अपना फोन नंबर बताए बिना चैट कर सकें, जिनसे वे बातचीत करते हैं। कंपनी के अनुसार, यह फीचर यूजर्स को कनेक्ट करने का अधिक निजी तरीका देने के लिए डिजाइन किया गया है।

क्यों उठ रहे सवाल?

समस्या यूजरनेम की डुप्लीकेसी में है। सरकार और कई प्रमुख हस्तियों ने इस बात को लेकर चिंता जताई है कि इस फीचर के जरिये दूसरों का रूप धारण कर धोखा देने और वित्तीय धोखाधड़ी के मामले बढ़ सकते हैं। जालसाज मामूली फेरबदल कर कई मिलते-जुलते नाम बना लेंगे और लोगों को ठगेंगे। नंबर न दिखने की वजह से असली-नकली की पहचान मुश्किल हो जाएगी।

- आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया ने शिकायत की है कि वह अपने नाम का यूजरनेम रिजर्व नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि उनके नाम के कई वर्जन पहले ही किसी और ने बुक कर लिए हैं। यह जनता को गुमराह करने जैसा है। **पेटीएम संस्थापक विजय शेखर शर्मा ने भी इस पर चिंता जताई है।**

क्या हैं सुरक्षा के दावे?

- विवाद बढ़ता देख व्हाट्सएप के प्रवक्ता ने सफाई दी है कि फीचर अभी लाइव नहीं हुआ है और इसे इस साल के अंत तक धीरे-धीरे लागू किया जाएगा।
- कंपनी का दावा है कि, सरकारी संस्थाओं, राजनेताओं, मशहूर हस्तियों और वेरिफाइड मेटा खातों के नामों को पहले से रिजर्व रखा जाएगा, ताकि कोई किसी भी तरह उनका गलत इस्तेमाल न कर सके। ■ बोनस डेस्क

सरकार ने मेटा को क्यों भेजा नोटिस?

सरकार की चिंता साइबर फ्रॉड और फर्जी पहचान को लेकर है। सरकार का मानना है कि ऐसे फीचर को बिना पूरी जांच के लॉन्च करना सही नहीं है। सरकार ने मेटा से पूछा है कि ऐसे मामलों में फर्जी अकाउंट कैसे रोके जाएंगे, अपराधियों की पहचान कैसे होगी और एजेंसियां जरूरत पड़ने पर जांच कैसे करेंगी।

न्यूज डायरी

एपीजे सुरेंद्र पार्क होटल्स को 41.06 करोड़ का नोटिस

नई दिल्ली। द पार्क और फ्लूरिज जैसे ब्रांड के स्वामित्व वाली एपीजे सुरेंद्र पार्क होटल्स लि. को आयकर विभाग से 2024-25 के लिए ब्याज सहित 41.06 करोड़ रुपये की कर मांग का नोटिस मिला है। कंपनी ने कहा, यह आदेश विस्तृत जांच के बाद किए गए आकलन से जुड़ा है। इसमें आयकर अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत कुछ आय को जोड़ा गया और कुछ खर्च को अस्वीकृत किया गया है। कंपनी ने कहा, हम निर्धारित समयसीमा के भीतर इस आदेश के खिलाफ अपील दायर करेंगे। एजेंसी

डॉलर के मुकाबले रुपया 19 पैसे कमजोर

नई दिल्ली। रुपया बृहस्पतिवार को अपनी शुरुआती बढ़त बरकरार नहीं रख सका और डॉलर के मुकाबले 19 पैसे टूटकर 95.35 पर बंद हुआ। कच्चे तेल में नरमी से मिले समर्थन के बाद आयातकों और हेजिंग करने वालों की मजबूत डॉलर मांग भारी पड़ गई। मिरै एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, क्रूड में गिरावट भी निचले स्तर पर रुपये को समर्थन दे सकती है। अब नजर अमेरिका से जारी होने वाले साप्ताहिक बेरोजगारी आंकड़ों और गैर-कृषि रोजगार रिपोर्ट पर रहेगी। ब्यूरो

वैश्विक बाजार में दबाव के बावजूद कच्चे तेल में नरमी से बाजार को मिला समर्थन

आईटी शेयरों में खरीदारी से बाजार में दूसरे दिन भी तेजी, पूंजी 3.32 लाख करोड़ बढ़ी

बोनस डेस्क

नई दिल्ली। आईटी शेयरों में शानदार रिकवरी और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट की बदौलत भारतीय शेयर बाजार बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में बढ़त में रहे। इस तेजी ने भारतीय बाजार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) शेयरों में वैश्विक स्तर पर भारी बिकवाली के झटके से सुरक्षित रखा और अन्य एशियाई बाजारों के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन में मदद की।

सेंसेक्स 579.48 अंक चढ़कर 77,502.12 पर बंद हुआ। दिन में यह 656.29 अंक तक उछल गया था। निफ्टी 169.85 अंक की बढ़त के साथ 24,175.70 पर बंद हुआ। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों की पूंजी 3.32 लाख करोड़ बढ़कर 479.80 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई। बाजार के 16 प्रमुख सेक्टर्स में से 13 बढ़त में बंद हुए। व्यापक बाजार में स्मॉलकैप इंडेक्स 1.2 फीसदी और मिडकैप इंडेक्स 0.5 फीसदी मजबूती में रहे।

ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म मैक्वेरी ने एक नोट में कहा, भारतीय बाजार जून के अंत तक करीब तीन फीसदी के बेहतर प्रदर्शन के साथ बंद हुआ और जून की शुरुआत के निचले स्तरों से 7 फीसदी ऊपर आ चुका है।

उधर, भारतीय बाजारों के विपरीत एशियाई बाजारों में भारी गिरावट देखने को मिली। एशियाई सूचकांक 2.4 फीसदी तक टूट गए। दक्षिण कोरिया का टेक-हैवी इंडेक्स कॉस्पी करीब 8 फीसदी तक नीचे आ गया।

579.48 अंक चढ़कर सेंसेक्स **77,502.12** पर हुआ बंद

169.85 अंक की बढ़त के साथ 24,175.70 पर निफ्टी बंद

311.82 करोड़ की शुद्ध बिकवाली विदेशी निवेशकों ने की

आईटी कंपनियों में तेजी

जेनसार टेक	9.32%
सीई इन्फो	8.72%
पर्सिस्टेंट सिस्टम	5.88%
इन्फोसिस	5.64%
हैपिएस्ट माइंड	4.39%
टेक महिंद्रा	4.32%
एलएंडटी टेक	4.30%
टीसीएस	4.28%
एचसीएल टेक	4.12%

आईटी इंडेक्स में उछाल

निफ्टी आईटी इंडेक्स 4.64 फीसदी उछलकर सबसे आगे रहा। विश्लेषकों ने इस तेजी का कारण सस्ते दाम पर खरीदारी को बताया। पिछले चार सत्रों में आईटी इंडेक्स 6.5 फीसदी तक टूट चुका था और इस साल की शुरुआत में भी एआई के कारण राजस्व घटने के डर से इसमें भारी बिकवाली देखी गई थी।

क्यों लौटी आईटी में खरीदारी?

बाजार विशेषज्ञ प्रदीप हलदर के मुताबिक, पिछले लंबे समय से हो रही बिकवाली के कारण कई प्रमुख आईटी स्टॉक्स 5 साल के निचले स्तर के आसपास ट्रेड कर रहे थे। ऐसे में लंबी अवधि के निवेशकों के लिए यह खरीद का बेहतरीन मौका है। अगले एक से दो तिमाहियों में कमाई में सुधार दिखा, तो आईटी सेक्टर में रिकवरी और मजबूत हो सकती है।

विदेशी निवेशकों ने जून में निकाले 49,430 करोड़

विदेशी निवेशकों ने जून में भी बिकवाली जारी रखी और कुल 49,340 करोड़ रुपये निकाले। वैश्विक जोखिम से बचने, विकसित बाजारों को प्राथमिकता, अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में तेजी और घरेलू बाजार में अधिक मूल्यांकन की वजह से बिकवाली की गई।

- **सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) के मुताबिक,** ताजा निकासी के साथ विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) 2026 में अब तक भारतीय इक्विटी बाजार से 2.7 लाख करोड़ निकाल चुके हैं। यह पूरे वर्ष 2025 में निकाले गए 1.66 लाख करोड़ से अधिक है।
- एफपीआई फरवरी को छोड़कर 2026 में हर महीने शुद्ध बिकवाल बने रहे। फरवरी में 22,615 करोड़ का निवेश किया था, जो 17 माह में सर्वाधिक मासिक प्रवाह था।

सोना 3,000 रुपये महंगा, चांदी 3 दिन में 16,000 उछली

नई दिल्ली। मजबूत वैश्विक संकेतों और डॉलर में कमजोरी से सोने की कीमतों में पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट बृहस्पतिवार को थम गई। दिल्ली सराफा बाजार में सोना 3,000 रुपये महंगा होकर 1,47,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव बंद हुआ। चांदी भी 5,000 रुपये बढ़कर 2.40 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के पहुंच गई। लगातार तीन सत्रों की तेजी से चांदी की कीमतों में 16,000 रुपये की बढ़ोतरी देखने को मिली है।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटी) सौमिल गांधी ने कहा, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के चेयरमैन केविन वॉर्श ने ब्याज दरों में जल्द बढ़ोतरी को लेकर बाजार की उम्मीदों के मुकाबले कम सख्त रुख अपनाया, जिससे चिंताएं कुछ कम हुईं। इससे सोने की मांग को समर्थन मिला। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना एक फीसदी बढ़त के साथ 4,070 डॉलर प्रति औंस पहुंच गया। चांदी में भी एक फीसदी की तेजी रही। एजेंसी

अमर उजाला **Job Alert**
Real-time job alerts
amarujala.com/jobs

डब्ल्यूसीडी, मध्य प्रदेश
आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के पदों पर मौके

2548 पद

आवेदन की अंतिम तिथि : 13 जुलाई, 2026
आयु-सीमा : न्यूनतम 18 वर्ष व अधिकतम 35 वर्ष निर्धारित
यहां आवेदन करें : mpwcdmis.gov.in

इंडियन ऑयल, बरौनी ■ 432 पद
अप्रेंटिसशिप के लिए निकली भर्ती
आवेदन की अंतिम तिथि : 28 जुलाई, 2026
योग्यताएं : दसवीं, आईटीआई, बीएससी व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें : iocl.com

संघ लोक सेवा आयोग ■ 186 पद
जूनियर डायरेक्टर व अन्य पदों पर रिक्तियां
आवेदन की अंतिम तिथि : 17 जुलाई, 2026
योग्यताएं : ग्रेजुएशन, पोस्ट-ग्रेजुएशन व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें : upsc.gov.in

एचआरआरएल में संभावनाएं ■ 134 पद
जूनियर एग्जीक्यूटिव व अन्य पद खाली
आवेदन की अंतिम तिथि : 27 जुलाई, 2026
योग्यताएं : बीई, बीटेक व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें : hrrl.in

बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग ■ 65 पद
कंपनी कमांडर के पदों पर आवेदन आमंत्रित
आवेदन की अंतिम तिथि : 30 जुलाई, 2026
योग्यताएं : स्नातक व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें : bpssc.bihar.gov.in

एम्स, भोपाल में संभावनाएं ■ 17 पद
मेडिकल सुपरिंटेंडेंट व अन्य पदों पर करें आवेदन
आवेदन की अंतिम तिथि : 30 जुलाई, 2026
पात्रताएं : एमडी, एमएस व अन्य निर्धारित योग्यताएं
यहां आवेदन करें : aiimsbhopal.edu.in

विभिन्न पदों के लिए विज्ञापन जारी...
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय : यंग प्रोफेशनल्स का पद रिक्त।
- आवेदन की अंतिम तिथि : 15 जुलाई, 2026
- agriwelfare.gov.in

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम : पटवारी का पद खाली।
- ऑनलाइन इंटरव्यू की तिथि : 01 अगस्त, 2026
- ncrtc.co.in

अपनी प्रतिक्रियाओं और सुझावों के लिए हमें udaan@amarujala.com पर ई-मेल करें।

एजुकेशन & कॅरिअर

मुश्किलों से उबरने की क्षमता आपको बेहतर परिणामों की ओर ले जाती है।

जब सामने हो इंटरव्यू की बाधा

इंटरव्यू के शुरुआती 90 सेकंड में ही बोर्ड आपकी शारीरिक मुद्राओं और शिष्टाचार को देख आपके बारे में राय बना लेता है

भारत भूषण अरजरिया
कॅरिअर सलाहकार

इंटरव्यू को लेकर सामान्य तौर पर यह कहा जाता है कि 'फर्स्ट इंप्रेशन इज द लास्ट इंप्रेशन'। यानी इंटरव्यू बोर्ड पर आप जो शुरुआती असर डालते हैं, वह निर्णायक हो सकता है। इसलिए जब भी आप किसी इंटरव्यू में शामिल हों, तो समझ लें कि पहले 90 सेकंड आपके लिए काफी महत्वपूर्ण होने वाले हैं। इस दौरान इंटरव्यू बोर्ड के सदस्य आपकी शारीरिक मुद्रा, चेहरे के भाव, आत्मविश्वास, बोलने का तरीका और सामान्य शिष्टाचार पर खास ध्यान देते हैं। आपके प्रवेश से लेकर आपके बैठने और बातचीत शुरू करने तक हर छोटी चीज नोटिस की जाती है। इसके बाद ही सवाल-जवाब का क्रम शुरू होता है, लेकिन तब तक आपका पहला प्रभाव पहले ही बन चुका होता है और वही आगे की बातचीत की दिशा तय करता है।

■ शुरुआत चुनौतियों को बताकर करें

इंटरव्यू में जब आपसे पूछा जाए कि अब तक आपने क्या किया, तो जवाब में उन चुनौतियों का भी जिक्र करें, जिनका आपने सफलतापूर्वक सामना किया हो। इससे इंटरव्यू लेने वाले को तुरंत आपके काम का संदर्भ समझ में आ जाता है। एक या दो स्पष्ट वाक्यों में बताएं कि समस्या क्या थी, वह कितनी बड़ी या जटिल थी, और उसे समय पर हल करना क्यों जरूरी था। इससे आपके काम की गंभीरता और जिम्मेदारी दोनों साफ दिखाई देती हैं। जब आप शुरुआत में ही चुनौती को साफ और व्यवस्थित तरीके से बताते हैं, तो आपका पूरा जवाब आसानी से समझ में आने वाला बन जाता है।

■ अपनी भूमिका को साफ दर्शाएं

चुनौती बताने के बाद विस्तार से समझाइए कि उस समस्या को हल करने के लिए आपने क्या-क्या कदम उठाए। अपने योगदान पर ज्यादा ध्यान दें और 'हमने' की जगह जहां उचित हो, 'मैंने' का इस्तेमाल करें, ताकि इंटरव्यू लेने वाले को आपकी भूमिका साफ दिखाई दे। यह भी बताइए कि आपने निर्णय कैसे लिए, किन तरीकों या कौशलों का इस्तेमाल किया और आपकी सोच ने उस समस्या के समाधान में क्या योगदान दिया। जब आप अपनी कार्रवाई को स्पष्ट, क्रमबद्ध और आत्मविश्वास के साथ बताते हैं, तो इंटरव्यू लेने वाले को आपकी नेतृत्व क्षमता, समस्या सुलझाने की योग्यता और जिम्मेदारी निभाने का तरीका आसानी से समझ में आ जाता है।

- *आत्मविश्वास और चेहरे के भाव पर ध्यान दें।*
- *शुरुआत में बताएं कि आप कौन हैं और क्या करते हैं।*
- *अपने एक से दो सबसे मजबूत कौशल या अनुभव हाइलाइट करें।*
- *अपने फैसलों और कार्यप्रणाली का उल्लेख करें।*
- *बात को नौकरी और भूमिका से जोड़कर रखें।*

■ नतीजों को संख्याओं में बताएं

अपने हर जवाब के अंत में यह जरूर बताएं कि आपके काम का क्या नतीजा निकला। अगर हो सके, तो अपने नतीजों को संख्याओं में दिखाइए। जब आप अपने काम के असर को आंकड़ों के साथ बताते हैं, तो आपकी बात ज्यादा भरोसेमंद और प्रभावशाली लगती है। इससे इंटरव्यू लेने वाले को यह समझने में आसानी होती है कि आपके काम से वास्तव में क्या बदलाव आया। बेवजह की लंबी कहानी बताने से बचें। इससे आपका जवाब छोटा, प्रभावी और याद रखने लायक बन जाता है। इसके साथ ही कोशिश करें कि आपका जवाब स्पष्ट हो, ताकि सामने वाला आसानी से समझ सके। हर उत्तर में स्पष्टता और आत्मविश्वास दिखाना आपके चयन की संभावना को और मजबूत बनाता है।

आवेदन आमंत्रित

जाइन इंटरनेशनल फोटोग्राफी अवॉर्ड्स-2026

- **हिस्सा क्यों लें :** इसमें भाग लेने से आपको आर्ट गैलरी में प्रदर्शनी का मौका मिल सकता है, आपकी रचना मैगजीन और अवॉर्ड बुक में प्रकाशित हो सकती है, साथ ही आपको सर्टिफिकेट और बैज भी मिलते हैं।
- **आयु-सीमा :** न्यूनतम उम्र 18 वर्ष
- **समय सीमा :** 15 जुलाई, 2026
- **वेबसाइट :** zyneawards.com/

फेलोशिप बुलेटिन

इनएसआईजी फेलोशिप प्रोग्राम

- **आयु-सीमा :** न्यूनतम उम्र 21 वर्ष
- **चयन मानदंड :** आवेदकों का चयन हितधारकों, लिंग, भौगोलिक स्थिति और संस्कृति में विविधता बनाए रखने के आधार पर किया जाएगा।
- **आवेदन की अंतिम तिथि :** 16 जुलाई, 2026
- **आधिकारिक वेबसाइट :** insig.in/fellowship-2026

एग्जाम अलर्ट

आरएसएसबी जूनियर असिस्टेंट परीक्षा-2026

- **परीक्षा की तिथि :** 05 जुलाई, 2026
- इस परीक्षा के पेपर-I में सामान्य ज्ञान, विज्ञान व गणित विषय और पेपर-II में सामान्य हिंदी व अंग्रेजी से 100-100 अंकों के 150-150 प्रश्न पूछे जाएंगे।
- **परीक्षा शहर का विवरण डाउनलोड करें** recruitment.rajasthan.gov.in

हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा (पीआरटी)

- **परीक्षा की तिथि :** 05 जुलाई, 2026
- इस परीक्षा में बाल विकास और शिक्षाशास्त्र, भाषा, सामान्य ज्ञान, गणित व पर्यावरण अध्ययन से 150 अंकों के प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक विषय से बहुविकल्पीय प्रकार के 30-30 प्रश्न होंगे।
- **यहां से प्रवेश-पत्र डाउनलोड करें** htet.eapplynow.com

Q&A

12वीं पीसीएम के बाद एथिकल हैकिंग में कॅरिअर कैसे बना सकता हूं? *-कानपुर से आकाश*

एथिकल हैकर के तौर पर कॅरिअर बनाने के लिए 12वीं या ग्रेजुएशन के बाद सर्टिफिकेट कोर्स इन साइबर लॉ, सर्टिफाइड एथिकल हैकर (सीईएच) या एडवांस डिप्लोमा इन एथिकल हैकिंग जैसे कोर्स किए जा सकते हैं। आप सूचना प्रौद्योगिकी या कंप्यूटर साइंस में बीएससी, बीटेक, बीई या बीसीए जैसे डिग्री कोर्स भी कर सकते हैं। हैकिंग सीखने के लिए कंप्यूटर भाषाओं जैसे सी++, जावास्क्रिप्ट, पायथन, एसक्यूएल, क्रिप्टोग्राफी और ऑपरेटिंग सिस्टम जैसे विंडोज व लिनक्स का अच्छा ज्ञान होना चाहिए। इसके अलावा, नेटवर्किंग, साइबर सिक्योरिटी और पेनिट्रेशन टेस्टिंग की समझ भी आपके कॅरिअर को मजबूत बनाती है। इसके बाद आप विभिन्न सरकारी या गैर-सरकारी संस्थानों, आईटी कंपनियों, बैंकों और साइबर सिक्योरिटी फर्मों में सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेटर, एथिकल हैकर, पेनिट्रेशन टेस्टर या डिजिटल फॉरेंसिक विशेषज्ञ के रूप में काम कर सकते हैं।

हेमंत ग्रोवर
कॅरिअर एक्सपर्ट

आज का दिन

3 जुलाई, 1979

पश्चिम बंगाल में हुगली नदी पर विद्यासागर सेतु का निर्माण शुरू हुआ था। इस पुल ने कोलकाता और हावड़ा के बीच यातायात को अधिक सुगम बनाया।

- 1608 : फ्रांसीसी खोजकर्ता सैमुएल डी चैंपलेन ने क्यूबेक सिटी की स्थापना की थी।
- 1886 : न्यूयॉर्क ट्रिब्यून लाइनोटाइप मशीन से छपने वाला पहला अखबार बना।
- 1969 : 'महावीर चक्र' से सम्मानित वीर दिगेंद्र कुमार (परसवाल) का जन्म हुआ था।
- 1996 : फिल्म अभिनेता राज कुमार का निधन हुआ था।

व्रत त्योहार

आज : आषाढ़ कृष्ण पक्ष तृतीया।
कल : वर्षा ऋतु, सूर्य दक्षिणायने, उत्तर गोले।
राहुकाल : प्रातः 09.00 से 10.30 तक।

सूर्योदय : 05.32
सूर्यास्त : 19.17
(भारतीय मानक समयानुसार)

कल का पंचांग

विक्रमी संवत 2083, 13 आषाढ़ मास शक 1948, आषाढ़ मास 20 प्रविष्टे, 18 मुहर्रम हिजरी 1448, आषाढ़ कृष्ण पक्ष चतुर्थी 12.39 तक उपरांत पंचमी, धनिष्ठा नक्षत्र 13.43 तक उपरांत शतभिषा नक्षत्र, प्रीति योग 17.01 तक उपरांत आयुष्मान योग, बालव करण 12.39 तक उपरांत कौलव करण, चंद्रमा कुंभ राशि में दिन-रात।

राशिफल

amarujala.com/astrology
■ पं. विनोद त्यागी

मेष : मनोबल बनाए रखें। नौकरी में नई जिम्मेदारी मिल सकती है। सरकारी क्षेत्र में आंशिक सफलता मिलेगी।

वृष : नौकरी में मान-सम्मान बना रहेगा। अटका कार्य बनेगा। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा।

मिथुन : मानसिक तनाव में कमी आएगी। नौकरी में आपकी प्रशंसा होगी। अर्थ प्राप्ति हो सकती है।

कर्क : भावनाओं पर नियंत्रण रखें। नौकरी में सहकर्मियों से ताल-मेल बना रहेगा। विरोधी परास्त होंगे।

सिंह : राजकाज में सफलता मिलेगी। नौकरी में उन्नति हो सकती है। अनुकूल समाचार मिलेगा।

कन्या : स्वविवेक से कार्य सिद्धि होगी। नौकरी में सम्मान बना रहेगा। आय का नया स्रोत बन सकता है।

तुला : दिनमान श्रम साध्य रहेगा। उद्देश्य प्राप्ति हो सकती है। नौकरी में धैर्य बनाए रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

वृश्चिक : व्यक्तिगत संबंध सहायक रहेंगे। नौकरी में आपकी सराहना होगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

धनु : आत्मबल बनाए रखें। नौकरी प्राप्ति में सफलता के योग है। शुभ सूचना से मन प्रसन्न रहेगा।

मकर : स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्य कुशलता की सराहना होगी। परिवार में सुख शांति बनी रहेगी।

कुंभ : व्यवहार कुशलता बनाए रखें। चली आ रही परेशानी का समाधान होगा। नौकरी में सम्मान बना रहेगा।

मीन : दिनचर्या नियतिम रहेगी। नई योजना में व्यस्त रहेंगे। सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा।

सुडोकू

7				8				3
			2					
	4			6		8		1
	2	5			6			8
	7						2	
3			4			6	5	
5		1		9			8	
					8			
9				2				4

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ होता है। कुछ वर्गों के अंक लिखे हैं और खाली वर्गों में 1 से लेकर 9 तक के अंक लिखने होते हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

उत्तर

7	5	6	1	8	9	2	4	3
8	1	3	2	4	7	5	9	6
2	4	9	3	6	5	8	7	1
1	2	5	9	7	6	4	3	8
6	7	4	8	5	3	1	2	9
3	9	8	4	1	2	6	5	7
5	3	1	6	9	4	7	8	2
4	6	2	7	3	8	9	1	5
9	8	7	5	2	1	3	6	4